राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 289
लखनऊ, रविवार 21 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विद्युत कटौती की शिकायत को जेई ने सुना 10

नियमित करें योग रहें निरोग : ब्रजेश पाठक 03

# आज दुनियाभर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित किया जाएगा


**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आज दुनियाभर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' है जो सभी आयु वर्ग के लिए योग के महत्व पर बल देता है।

संस्कृति मंत्रालय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योग परंपराओं को दर्शाते हुए देश भर में सौ स्थानों पर विशेष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित किया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के समन्वित प्रयासों से, इस वर्ष विश्व भर में लगभग 2500 स्थानों पर योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में 210 से अधिक भारतीय दूतावासों की भागीदारी सामूहिक कल्याण के लिए एक वैश्विक आंदोलन के रूप में योग की भूमिका को दर्शाती है।

## मोदी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलकाता के रेड रोड से करेंगे राष्ट्र का नेतृत्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अभ्यास का नेतृत्व करेंगे। आयुष मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए यहां बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है, जो स्वस्थ, सक्रिय और गरिमामय जीवन के लिए योग को आजीवन अभ्यास के रूप में अपनाने के महत्व को रेखांकित करता है। योग पर राष्ट्रीय कार्यक्रम सुबह पांच बजे शुरू होगा, जिसमें हजारों योग प्रेमी प्रत्यक्ष रूप से भाग लेंगे, जबकि भारत और विदेशों में लाखों लोग वर्चुअल माध्यम से इससे जुड़ेंगे। मंत्रालय के अनुसार, योग संगम पोर्टल पर छह लाख से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है, जो योग को जन आंदोलन बनाने की दिशा में व्यापक जनभागीदारी का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी योग दिवस को लेकर उत्साह है और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के समन्वय से दुनिया भर में 210 से अधिक भारतीय मिशन लगभग 2,500 स्थानों पर योग समारोह आयोजित करेंगे।योग दिवस को सांस्कृतिक आयाम प्रदान करने के लिए संस्कृति मंत्रालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से देशभर के 100 प्रतिष्ठित स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके तहत यहां लाल किला, उत्तराखंड के हरिद्वार, ओडिशा के कोणार्क, कर्नाटक के हम्पी, तमिलनाडु के महाबलीपुरम, बिहार के नालंदा, उत्तर प्रदेश के सारनाथ, गुजरात के अहमदाबाद, लद्दाख के लेह, तेलंगाना के हैदराबाद, महाराष्ट्र के मुंबई और असम के सिलचर सहित 12 प्रमुख स्थानों पर बड़े योगाभ्यास के आयोजन किए जाएंगे। मंत्रालय ने लोगों से 21 जून को सुबह पांच बजे से कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने तथा वर्चुअल माध्यम से श्री मोदी के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। मंत्रालय के अनुसार, 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के संदेश को सुदृढ़ करना और विश्वभर के लोगों को योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



# सरकार ने 16 दवाओं पर लगाया बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के निर्माण, बिक्री, वितरण और आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इन दवाओं के उपयोग का कोई चिकित्सीय औचित्य नहीं पाया गया और संभावित जोखिमों की तुलना में इनके फायदे पर्याप्त नहीं हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने और केवल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एवं प्रभावी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। एफडीसी दवाएं वे होती हैं, जिनमें दो या उससे अधिक सक्रिय औषधीय तत्वों को एक निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत इन दवाओं की समीक्षा की गई थी। इसके लिए औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने विशेषज्ञ समिति गठित कर विभिन्न दवा संयोजनों का



वैज्ञानिक मूल्यांकन कराया। प्रतिबंधित दवाओं में दर्द निवारक, ऐंठनरोधी, एंटीबायोटिक और त्वचा रोगों के उपचार में उपयोग होने वाले कई संयोजन शामिल हैं। इनमें एसिटाइल सैलिसिलिक एसिड के साथ एथोहेप्टाजीन, डायसाइक्लोमाइन, पैरासिटामोल और क्लिडिनियम ब्रोमाइड जैसे संयोजन शामिल हैं।

इसके अलावा अमॉक्सिसिलिन, सेराटियोपेप्टिडेज, क्लॉक्सासिलिन, लैक्टोबैसिलस स्पोरोजेन्स और अन्य एंटीबायोटिक आधारित कई दवा संयोजनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। त्वचा की देखभाल से जुड़े कुछ उत्पाद, जिनमें एलोवेरा, विटामिन-ई, जोजोबा ऑयल, टी-ट्री ऑयल और अन्य तत्वों का मिश्रण शामिल है, उन्हें भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इन दवा संयोजनों के इस्तेमाल का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं मिला।

# हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार : योगी

**ललितपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ललितपुर को आज एक साथ 1500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। कांग्रेस ने पांच दशक और सपा ने चार बार प्रदेश में शासन किया, लेकिन इन दलों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये भी ललितपुर को नहीं दिए होंगे, क्योंकि उनमें विकास की सोच नहीं थी। सपा के लिए सैफई ही परिवार था और कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिवार ही देश था। दोनों इससे बाहर नहीं निकल सकते। लेकिन, हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसे विकास, सुरक्षा, सम्मान देना हमारा दायित्व है।

मुख्यमंत्री शनिवार को तुवन मंदिर मैदान में राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ रुपये की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर ललितपुर की विकास यात्रा पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात बुंदेलखंड के सुंदरतम जनपदों में से एक ललितपुर हमारे हृदय में बसता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनता का अभिनंदन करते हुए आश्वासन दिया कि डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए हरसंभव कदम



### सीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ की 221 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संकुचित सोच वाली इनकी सरकारों ने हर जनपद में एक-एक माफिया दिया था, जो जनता की गाढ़ी कमाई पर डकैती डालने के साथ अवैध खनन, वनों की अवैध कटान, गौतस्करी करते थे। प्रदेश को बंजर बनाते थे। इन लोगों ने यूपी को बीमारू बनाकर बुंदेलखंड के नौजवानों को पलायन पर मजबूर किया। बहन-बेटियों को कष्ट दिया था, लेकिन आज ललितपुर की बेटियां व नौजवान यूपी पुलिस समेत सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेलने वाला ललितपुर विकास की योजनाओं से कोसों दूर था। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास परियोजनाएं नहीं थीं। पानी होने के बावजूद खेती के लिए सिंचाई, गरीब के लिए आवास की सुविधा नहीं थी। मिट्टी के घड़े में पानी ढोते-ढोते माता-बहनों की जिंदगी व्यतीत हो जाती थी। यहां के संसाधनों व वन संपदा में लूट होती थी और मुट्ठी भर लोग अवैध खनन कर अव्यवस्था पैदा करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर अब विकास की ऊंचाइयों को प्राप्त कर नवाचार के लिए जाना जा रहा है।

### हजारों नौजवानों को मिलेगी नौकरी

प्रदेश की पहली गोशाला देकर ललितपुर ने बताया था कि सरकार भी गोशाला का संचालन कर सकती है। तुवन सरकार की कृपा से तत्कालीन जिला प्रशासन ने पहली गोशाला प्रारंभ की थी। अब वहां से कंपोस्ट का निर्यात अन्य देशों को होने जा रहा है। अब ललितपुर के पास मेडिकल कॉलेज, अटल आवासीय विद्यालय भी है। 1500 एकड़ में यूपी का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में बनेगा, इसकी तैयारी हो चुकी है। इससे हजारों नौजवानों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बहन-बेटियां, माताएं सिर पर घड़ा लेकर नहीं जातीं, क्योंकि बुंदेलखंड में हर घर जल की योजना साकार हो रही है। हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। सीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की चर्चा करते हुए कहा कि हम लोग यूपी का सबसे बड़ा औद्योगिक शहर बुंदेलखंड में बसाने जा रहे हैं।

## यूपी में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित मकान-सूचीकरण एवं मकान जनगणना का कार्य निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त प्रशासनिक इकाइयों 75 जिलों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिका परिषदों, 545 नगर पंचायतों, 13 छावनी परिषद, 8 औद्योगिक टाउनशिप के 1195 चार्जों में लगभग 1.04 लाख ग्रामों एवं 14983 वार्डों में 390717 मकानसूचीकरण ब्लॉक में यह कार्य सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 5.00 लाख प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश ने इस सफल अभियान के अवसर पर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन अथक सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया है। इस ऐतिहासिक कार्य की सफलता में राज्य सरकार के समस्त विभागों, सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों, जिला जनगणना अधिकारियों, अपर नगर आयुक्तों, चार्ज अधिकारियों तथा अन्य समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा है।

# फायरिंग मामले में खान सर को राहत

### अदालत ने गिरफ्तारी पर रोक रखी बरकरार

**एजेंसी, पटना।**

पटना की एक अदालत ने शनिवार को फायरिंग मामले में फैसल खान उर्फ खान सर को अंतरिम राहत दी। अदालत ने आदेश दिया कि अगले आदेश तक फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न की जाए। अदालत के इस निर्देश से फिलहाल खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लग गई है। उनके स्टाफके तीन सदस्यों को भी ऐसी ही राहत दी गई है, अदालत ने निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक




उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए।

शनिवार को सुनवाई के दौरान पटना पुलिस ने अदालत में केस डायरी पेश की। दस्तावेजों की समीक्षा के बाद अदालत ने खान सर को अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम सुरक्षा दी। खान सर से जुड़े अन्य लोगों को भी सख्त कार्रवाई से सुरक्षा दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को होगी।

# नागपुर के छात्र को परीक्षा केंद्र मिला अबू धाबी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से ठीक पहले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की एक बड़ी चूक सामने आई है। महाराष्ट्र के नागपुर के एक छात्र को परीक्षा केंद्र के रूप में अबू धाबी आवंटित कर दिया गया, जबकि उसने परीक्षा के लिए नागपुर, वर्धा और भंडारा को अपनी प्राथमिकता के तौर पर चुना था। छात्र अब्दुल्ला तालिब के पिता डॉ. मोहम्मद तालिब ने बताया कि जब उनके बेटे ने एनटीए द्वारा जारी एडमिट कार्ड डाउनलोड किया तो उसमें परीक्षा केंद्र अबू धाबी दर्शाया गया था। यह देखकर पूरा परिवार हैरान रह गया, क्योंकि छात्र ने विदेश में किसी केंद्र का विकल्प नहीं चुना था। मामले की जानकारी मिलते ही छात्र के परिजनों ने एनटीए से संपर्क किया और इस गलती को सुधारने की मांग की। इसके बाद एजेंसी ने आश्वासन दिया कि छात्र को नया परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा



# लाखों की ठगी करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

▸ शफीक अली उर्फ रामस्वरूप शर्मा चढ़ा पुलिस के हत्थे



**मनकापुर / गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा जिले में तंत्र-मंत्र, पूजा- पाठ और विशेष अनुष्ठान के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर लाखों रुपये व जेवरात हड़पने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को मनकापुर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के कब्जे से 26 लाख 95 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रदेश के कई जिलों में इसी तरह की वारदातों को अंजाम दे चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक ने बताया कि मनकापुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बंदरहा मार्ग पर हरसिंहवा गांव जाने वाले रास्ते से मेरठ निवासी शफीक अली उर्फ बड़े पुजारी को गिरफ्तार किया। उसके पास मौजूद नीले रंग के बैग से 26 लाख 95 हजार रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी मेरठ जिले का रहने वाला है। गोंडा और बहराइच में दर्ज कई धोखाधड़ी के मुकदमों में उसकी तलाश की जा रही थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। एएसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी से अर्जित संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। अखबार में छपे पर्चे से शुरू हुआ ठगी का खेल मामले का खुलासा तब हुआ जब मनकापुर कस्बे के आजाद नगर निवासी सुशील सोनी उर्फ गोपाल ने छह मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अखबार के साथ आए एक पर्चे में शिव शक्ति ज्योति एवं आध्यात्मिक अनुसंधान नामक संस्था का विज्ञापन देखकर उन्होंने संपर्क किया था। खुद को बाबा बताने वाले आरोपियों ने परिवार की समस्याओं के समाधान और गृहदशा सुधारने के नाम पर पूजा अनुष्ठान शुरू कराया। आरोपियों ने घर के सोने-चांदी के जेवर एक स्टील के डिब्बे में रखवाकर एक कमरे में पूजा शुरू कराई और 65 दिन तक कमरे को बंद रखने की सलाह दी। कुछ दिनों बाद बाबा ने अपनी मां की तबीयत खराब होने की बात कहकर आना बंद कर दिया। बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। संदेह होने पर जब परिवार ने कमरे का ताला खोला तो वहां रखे सभी जेवर और अन्य सामान गायब मिले। एएसपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए गठित टीम ने सात मई को इस गिरोह से जुड़े पांच आरोपियों नमशेर, हसरत अली, इमरान, इन्साद और तोहिद को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से करीब दो लाख रुपये नकद, भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, फर्जी नंबर प्लेट लगी आई-टेन कार और अन्य सामान बरामद किया गया था। उस समय से पुलिस गिरोह के मुख्य सरगना शफीक अली की तलाश में जुटी थी। आरोपी तांत्रिक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में मनकापुर थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर व एस ओजी प्रभारी मनीष कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन गोण्डा में योगाभ्यास एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोण्डा में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों ने स्वास्थ्यवर्धक जीवन के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री दयानन्द प्रसाद के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन के विभिन्न स्थलों पर सफाई कार्य किया तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योग और स्वच्छता दोनों ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। योग जहां व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाता है, वहीं स्वच्छता स्वस्थ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने सभी से नियमित योग करने एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण एवं जनकल्याण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ किया गया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में मोटे अनाजों की खेती पर दिया गया बल



**मनकापुर-गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम काजीपुर विकासखंड नवाबगंज जनपद गोंडा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शकील अहमद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कृषकों से मोटे अनाजों की खेती करने का आवाह्न किया। डॉ.रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने धान में पौधशाला प्रबंधन, धान की सीधी बुवाई, हरी खाद की खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, मोटे अनाजों की खेती आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज मानव स्वास्थ्य एवं मृदा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। प्रतीक श्रीवास्तव एडीओ एजी ने राजकीय कृषि बीज भंडार में अनुदान पर उपलब्ध कृषि निवेशों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अनुदान का लाभ पाने के लिए किसान भाई upgriculture.com पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। वीरेंद्र कुमार यादव बीटीएम ने विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,फार्मर रजिस्ट्री आदि दीपक सैनी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने फसल बीमा योजना की जानकारी दी। दीपक सिंह एटीएम ने कृषि यंत्रीकरण योजना तथा पंकज कुमार सिंह एटीएम ने कुसुम योजना की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों रामलगन, सादिक अली, लल्लन, श्रीमती उर्मिला आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत कृषकों को बाजरा बीज का मिनी किट निशुल्क प्रदान किया गया।

## खबरें एक नजर में


### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा



▸ इन्दिरा स्टेडियम में की जा रही व्यवस्थाओं को देखा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम हेतु की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ जायज़ा लिया। इन्दिरा स्टेडियम पहुंचकर डीएम श्री त्रिपाठी ने मंच, पेयजल तथा योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले आगन्तुकों के बैठने इत्यादि व्यवस्थाओं के बारे में मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निदेर्श दिये। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. सरोज शंकर राम, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहराइच श्रीमती प्रमिता सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, आयुष चिकित्सक डॉ. पीयूष नायक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### तीन दिन में तीन किलोमीटर के दायरे में अलग-अलग घरों में 30 लाख की चोरी, पुलिस के हाथ खाली



बहराइच समृद्धि न्यूज़ महसी क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। मंगलवार को हरदी थाना क्षेत्र के गोपचंदपुर में दो घरों में लाखों रुपये की चोरी के बाद शुक्रवार रात बौंडी थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में दो सगे भाइयों के घरों को निशाना बनाकर चोरों ने फिर बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। तीन दिन के भीतर करीब तीन किलोमीटर के दायरे में चार घरों में चोरी की घटनाओं ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऊंचगांव निवासी पीड़ित योगेश सिंह ने बताया कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे और सोने के बड़े झुमके, बाला, लॉकेट, अंगूठी, झाला, मंगलसूत्र, चांदी की सुपाड़ी, पायल, 1.60 लाख रुपये नकद, परचून की दुकान से 40 हजार रुपये नकद, कपड़े और बर्तन चोरी कर ले गए। उन्होंने करीब 20 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है। इसी दौरान चोरों ने उनके बड़े भाई पीड़ित दिलीप सिंह उर्फ नंदकुमार सिंह के घर को भी निशाना बनाया। दिलीप सिंह के अनुसार चोर सोने की जंजीर, झुमके, मंगलसूत्र, बर्तन और नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये का सामान उठा ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, बौंडी थाना पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर पूछे गए सवालों पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### रामापुर में पुलिया के पास मिला युवक का शव

**गोण्डा-कौड़िया, समृद्धि न्यूज।** कौड़िया थाना क्षेत्र के रामापुर में शुक्रवार दोपहर सनसनी फैल गई। आर्यनगर-करनैलगंज मार्ग पर पुलिया के पास बिंदेश्वरी मिश्र की बाउंड्री में 38 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान छिरास निवासी अमित शुक्ल के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई राजेश शुक्ल ने बताया कि अमित सुबह करीब 9 बजे सब्जी लेने रामापुर बाजार गया था। दोपहर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान राहगीरों ने पुलिया के पास बाउंड्री/बुनियाद में शव पड़ा देखा और डायल-112 व कौड़िया पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और आरोपी फरार हो गया। पुलिस हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। अमित अपने दो भाइयों में छोटा था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाता था। उसके परिवार में पत्नी ननकई, दो बेटे अजय व विजय और दो बेटियां निधि व नंदिनी हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### गोंडा में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, बैंक कर्मियों पर साजिश का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शहर आ रहे एक युवक पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने घात लगाकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मांदे करमा गांव के पास हुई इस वारदात में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनारायण मिश्र निवासी गोंडा शुक्रवार को बाइक से शहर आ रहे थे। इसी दौरान मांदे करमा गांव के समीप पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उन्हें रोककर चाकू से कई वार किए। हमले में रामनारायण लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल रामनारायण का एक बैंक से लोन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि रामनारायण ने पहले भी बैंक कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। रामनारायण का आरोप है कि यह जानलेवा हमला बैंक कर्मियों द्वारा ही कराया गया है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल का बयान दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है। हमलावरों की तलाश में पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं।

# श्रीराम मंदिर परिसर में चोरी की घटना के खुलासे की मांग

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी, जनपद गोंडा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र अज्जू पंडित के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सीओ सिटी गोंडा श्री आनन्द कुमार राजी को सौंपा गया।

ज्ञापन में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में कथित चोरी की घटना की निष्पक्ष एवं समयबद्ध न्यायिक जांच कराने, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, इसलिए इस प्रकरण में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता आवश्यक है। इसके



अतिरिक्त ज्ञापन के माध्यम से जनपद गोंडा के जिला चिकित्सालय से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक व्याप्त अव्यवस्थाओं की ओर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। ज्ञापन में अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, जांच मशीनों की अनुपलब्धता, दवाओं के अभाव तथा आम जनता को होने वाली समस्याओं का उल्लेख करते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की गई है। जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र अज्जू पंडित ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की इच्छा थी कि यह ज्ञापन सीधे माननीय मुख्यमंत्री जी को उनके गोंडा आगमन के दौरान कलक्ट्रेट परिसर में सौंपा जाए, किंतु प्रशासन द्वारा वहां तक जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके उपरांत सीओ सिटी गोंडा श्री आनन्द कुमार राजी ने स्वयं सिंचाई विभाग के आसपास पहुंचकर ज्ञापन प्राप्त किया। आम आदमी पार्टी ने आशा व्यक्त की है कि प्रदेश सरकार ज्ञापन में उठाए गए जनहित एवं आस्था से जुड़े विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

पार्टी ने कहा कि यदि समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण माध्यमों से जनजागरण अभियान जारी रखा जाएगा।

# अल-नीनो से मॉनसून पर संकट, सूखे की आहट

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

इस बार मॉनसून पर अल-नीनो का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग और मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अल-नीनो के प्रभाव से देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इससे सूखे के हालात बनने के आसार हैं।

गोंडा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मॉनसून की शुरुआत धीमी रहने की संभावना है। IMD के अनुसार जुलाई और अगस्त की बारिश ही तय करेगी कि खेतों में सिंचाई का संकट कितना गहराएगा। अगर इन दो महीनों में भी बारिश कम रही तो धान की रोपाई प्रभावित होगी। देश में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सूखे का असर सबसे ज्यादा दिख सकता है। इन राज्यों में वर्षा आधारित खेती पर सीधा असर पड़ेगा।



**किसानों पर दोहरी मार**

1. **फसल संकट** : धान, मक्का, दलहन जैसी खरीफ फसलों को पानी की कमी झेलनी पड़ सकती है।
2. **महंगाई की आशंका** : उत्पादन घटने से अनाज-सब्जी की कीमतें बढ़ सकती हैं।

**क्या करें किसान**

कृषि वैज्ञानिकों की सलाह है कि किसान कम पानी वाली फसलें जैसे मक्का, बाजरा, तिल का विकल्प रखें। ड्रिप-सिंचाई और तालाबों से पानी बचाकर रखें। बुवाई से पहले ढ्ढरूष्ठ का 7 दिन का पूर्वानुमान जरूर देखें।

# उम्मीद परामर्श केंद्र से परिवार नियोजन सेवाओं को मिली नई गति

▸ इस पहल का उद्देश्य अनियोजित गर्भधारण को रोकना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना : रामबरन यादव

**पयागपुर-बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में स्वास्थ्य विभाग एवं पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से संचालित उम्मीद परामर्श केंद्र के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। केंद्र पर आने वाले योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों एवं उनके लाभों के संबंध में विस्तृत परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

अस्पताल की सामान्य ओपीडी में आने वाले योग्य दंपतियों की पहचान कर उन्हें उम्मीद परामर्श केंद्र से जोड़ा जा रहा है, जहां प्रशिक्षित परामर्शदाता द्वारा उनकी आवश्यकता एवं स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की जानकारी दी जा रही है।

इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सभी उपलब्ध सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। पीएफआई संस्था के रामबरन यादव के अनुसार इस पहल का उद्देश्य अनियोजित गर्भधारण को रोकना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा परिवारों को स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए जागरूक बनाना है। उम्मीद परामर्श केंद्र के माध्यम से लोगों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा अधिक संख्या में दंपति सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने क्षेत्र के योग्य दंपतियों से अपील की है कि वे परिवार नियोजन संबंधी जानकारी एवं सेवाओं के लिए उम्मीद परामर्श केंद्र से संपर्क कर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं। भ्रमण के दौरान बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल स्टाफ नर्स उपस्थित रहे।

# शिव शोभायात्रा के दौरान पेड़ की डाल टूटने पर विवाद

▸ पुलिसकर्मी पर अभद्रता का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के खैरी समैसा गांव से शुक्रवार देर शाम भगवान शिव शंकर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य शिव शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर से होकर वापस खैरी समैसा गांव की ओर लौट रही थी। इसी दौरान वैवाही गांव के पास शोभायात्रा में शामिल एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से सड़क किनारे स्थित आम के पेड़ की एक डाल टूट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डाल टूटने की घटना को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में विवाद का रूप ले गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस कांस्टेबल फैजल खान पर शोभायात्रा में शामिल कुछ लोगों ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।



वहीं शनिवार दोपहर करीब तीन बजे खैरीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कांस्टेबल फैजल खान के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और वह पूरी तरह निर्दोष हैं। उन्होंने बताया कि आम के पेड़ को बचाने का प्रयास कर रही महिला के पुत्र प्रमोद की तहरीर पर समैसा गांव निवासी गुरुदीन, राजू, दिनेश तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मारपीट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में डूबा युवक, पांच घंटे बाद भी नहीं पहुंची विशेषज्ञ टीम

▸ परिजनों ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**विशेश्वरगंज-बहराइच समृद्धि न्यूज।**

श्रीनगर चौराहा स्थित सरयू नहर में शनिवार को स्नान करने गया एक युवक गहरे पानी में डूब गया। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार भवानीपुर बनकट चौबे पुरवा निवासी कुलदीप गोस्वामी (18) पुत्र राजकुमार गोस्वामी अपने ननिहाल गोसाईपुर पेरा में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था। शनिवार को वह दोस्तों के साथ सरयू नहर में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में



चला गया और देखते ही देखते डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही विशेश्वरगंज पुलिस, फायर ब्रिगेड तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू कराई गई, लेकिन घंटों प्रयास के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। इस बीच पीड़ित परिवार के रिश्तेदार खेमराज ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि युवक सुबह करीब 11 बजे डूबा था, लेकिन राहत एवं बचाव कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई गई। आरोप है कि सूचना के बावजूद जिम्मेदार टीमें देर से पहुंचीं और घटना के करीब पांच घंटे बाद तक भी प्रशिक्षित गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विशेषज्ञ बचाव दल पहुंच जाता तो युवक के जीवित मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बचाव व्यवस्था की सुस्ती पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। उधर, तहसीलदार पयागपुर अंबिका चौधरी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और खोज अभियान तेज करने के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश के लिए अभियान लगातार जारी है।

# कच्ची शराब ढो रहे टेंपो ने गरीब ठेला चालक को रौंदा, पुलिस के हाथ अब भी खाली

**मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मिहींपुरवा नगर पंचायत कार्यालय के पास दिनदहाड़े कानून व्यवस्था और अवैध शराब कारोबार की पोल खोल देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है।

तेज रफ्तार से कच्ची शराब से लदा एक टेंपो सड़क पर मौत बनकर दौड़ा और पाण्डेय पुरवा निवासी 35 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र राधे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चालक वाहन लेकर भागने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए टेंपो का पीछा किया और उसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। जब ग्रामीणों ने टेंपो की तलाशी ली तो उसमें बोरियों



में भरी लगभग 400 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। बरामदगी ने क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब कारोबार पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हादसे में गंभीर रूप से घायल मुकेश कुमार अपने परिवार का पेट पालने के लिए ठेले पर टिक्की और चाउमीन बेचते हैं। पहले उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक मुकेश अभी भी बेहोश हैं और उनकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि सूचना मिलने के बाद भी मोतीपुर पुलिस अब तक आरोपी चालक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि दुर्घटना में इस्तेमाल टेंपो थाने में खड़ा है। क्षेत्रीय लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि ग्रामीण सक्रियता न दिखाते तो न शराब से भरा वाहन पकड़ा जाता और न ही मामले का खुलासा हो पाता।

घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में कच्ची शराब किसके संरक्षण में क्षेत्र में लाई जा रही थी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी। वहीं, एक गरीब मेहनतकश परिवार का मुखिया जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है लेकिन आखिर कार लखनऊ ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है, जबकि आरोपी अब भी कानून की पकड़ से बाहर है।

# जनपद में योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी

▸ तहसील एवं विकास खंड स्तर पर भी होंगे योग कार्यक्रम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून को जनपद में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य जनपदीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 06:15 बजे सामूहिक योगाभ्यास के साथ प्रारंभ होगा, जिसमें लगभग 1000 लोग एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे।

इसके अतिरिक्त जनपद की सभी तहसीलों एवं विकास खंडों में भी



सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़कर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना सकें।

कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी के योग दिवस संबोधन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे जनपदवासी राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन से सीधे जुड़ सकेंगे।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग को अपनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करता है तथा इसे दैनिक जीवन में शामिल कर निरोग एवं सुखद जीवन जिया जा सकता है।

# भ्रांतियों पर भारी पड़ा भरोसा, एक दिन में 2282 किशोरियों को लगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

▸ स्वास्थ्य विभाग की नई रणनीति आई काम, जिले के 502 उपकेंद्रों पर आयोजित हुए विशेष एचपीवी टीकाकरण सत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** किशोरियों को भविष्य में सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग का विशेष अभियान जिले में रंग ला रहा है। बीते शुक्रवार को विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण दिवस पर भ्रांतियों को पीछे छोड़ते हुए एक ही दिन में रिकॉर्ड 2282 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह



ने बताया कि जिले के 502 उपकेंद्रों पर यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। सिर्फ एक बार लगने वाली यह वैक्सीन भविष्य में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि टीकाकरण का दायरा बढ़ाने के लिए प्रत्येक आशा कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की कम से कम पांच पात्र किशोरियों और उनके अभिभावकों को प्रेरित कर सत्र स्थल तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके अलावा मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों और महीने के तीसरे शुक्रवार को उपकेंद्रों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

**त्वचा के संपर्क से फैलता है वायरस**

मेडिकल कालेज के प्रोफेशर (कम्युनिटी मेडिसिन) डॉ निपेन्द्र सिंह के अनुसार एचपीवी एक वायरस है जो कि त्वचा से त्वचा के निकट संपर्क से फैलता है और सर्वाइकल कैंसर का कारण बनता है। हालांकि, अधिकांश मामलों में यह बिना किसी समस्या के अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ संक्रमण शरीर में टिके रह जाते हैं और कोशिकाओं में असामान्य परिवर्तन का कारण बनते हैं। यही बदला हुआ रूप वर्षों बाद कैंसर का रूप ले लेता है। यही वजह है कि किशोरावस्था में ही टीका लगाकर इस वायरस को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**अभिभावकों से अपील वैज्ञानिक तथ्यों पर करें भरोसा**

डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि एचपीवी का टीका पूरी तरह सुरक्षित है और इसका किशोरी के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। दुनिया भर में करोड़ों किशोरियों को यह टीका सुरक्षित रूप से लगाया जा चुका है। उन्होंने अपील किया कि अभिभावक सोशल मीडिया के भ्रम के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों पर भरोसा करें। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर या एएनएम से संपर्क करें। समय पर लिया गया यह फैसला बेटियों को सुरक्षित और कैंसर-मुक्त भविष्य देगा।

**ब्रिटेन के शोध में बड़ा खुलासा, मौतों का आंकड़ा हुआ शून्य**

सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, लेकिन समय पर टीका लगवाकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने इंग्लैंड में प्रकाशित एक बड़े शोध का हवाला देते हुए बताया कि साल 2008 में 12-13 वर्ष की आयु में एचपीवी टीका लगवाने वाली युवतियों में 30 वर्ष की आयु से पहले सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु का जोखिम लगभग शून्य पाया गया है। वहां वर्ष 2020 से 2024 के बीच इस आयु वर्ग में एक भी मौत दर्ज नहीं हुई, जो इस टीके की अचूक सफलता को प्रमाणित करता है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, रविवार 21 जून, 2026



# नियमित करें योग रहें निरोग : ब्रजेश पाठक

▶ के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित विशाल योग शिविर का उप मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर किया शुभारम्भ



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व तुलसी मानस मंदिर हरिद्वार के महंत कामेश्वर पुरी महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व दिवस पर शनिवार की सुबह के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित विशाल योग शिविर का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर योगाभयास कर रहे लोगों को योग की महत्ता बताते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि सब लोग योग दिवस पर प्रण लें कि हम योग करेंगे और निरोग रहेंगे। योग के माध्यम से हम केवल अपने शरीर ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ बनाते। जब एक–एक व्यक्ति का शरीर व मन स्वस्थ होकर सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ेगा तभी हमारा देश व प्रदेश आगे बढ़ेगा।

ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि योग हमारे भातरवर्ष की एक ऐसी विधा है जिसने पूरी दुनिया में लोगों के मध्य भारत का एक स्थान बनाया है। आज 170 देश पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल योग दिवस नहीं है बल्कि भारत की एक वह प्रतिष्ठा है जिसमें पूरी दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है। चाहे वह हमारी प्राचीन विरासत हो, आयुर्वेद हो व योग हो। हम केवल अपने स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं रहते। इसमें मानव कल्याण की भावना छिपी है। आज तमाम स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम हो रहे हैं। इस अवसर पर एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, भाजपा नेता नीरज सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, न्यायमूर्ति रंगनाथ पाण्डेय, सचिन धानवाल, डॉ. सुरभी धानवाल, गौरव पांडेय, राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

**स्वस्थ समाज के निर्माण में बनें सहभागी**

पूर्व मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें। तुलसी मानस मंदिर हरिद्वार के महंत कामेश्वर पुरी महाराज ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ योग को जन–जन तक पहंचाने और स्वस्थ भारत समर्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में हजारों लोगों ने एक स्वर में वंदेमातरम का गायन कर देशभक्ति, एकता और स्वस्थ भारत के संकल्प को सशक्त बनाया। सभी ने योगाभ्यास किया। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्र ने मंचस्थ अतिथियों व योग करने आये प्रतिभागियों का आभार जताया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : पूर्वोत्तर के विश्वास, विकास व बदलाव के वर्ष : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▶ पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर विकास, संपर्क व शांति के एक नए अध्याय का बना साक्षी

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक समय था, जब पूर्वोत्तर को देश के विकास मानचित्र में अक्सर 'अंतिम छोर' पर देखा जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर को 'सीमांत क्षेत्र' नहीं, बल्कि भारत की 'सामर्थ्य और संभावनाओं' का प्रवेशद्वार माना। पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर विकास, संपर्क और शांति के एक नए अध्याय का साक्षी बना है।

उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि रेल, सड़क, हवाई और जल संपर्क के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। 46 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कें, नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, रेलवे में रिकॉर्ड निवेश और अंतर्देशीय जलमार्गों के विस्तार ने पूर्वोत्तर को विकास की मुख्यधारा से मजबूती से जोड़ा है। वहीं, शांति समझौतों, हजारों उग्रवादियों के आत्मसमर्पण और बढ़ती आर्थिक गतिविधियों ने क्षेत्र में विश्वास और स्थिरता का नया वातावरण बनाया है। जैविक खेती, पर्यटन और स्थानीय उद्यमों को भी नई पहचान मिली है। यही मोदी सरकार के 12 वर्षों की पहचान है, जहां पूर्वोत्तर को 'उपेक्षा से अवसर', 'अस्थिरता से विश्वास' और 'दूरी से विकास' की ओर अग्रसर किया गया है। यही नया भारत है, जहां पूर्वोत्तर विकसित भारत की विकास यात्रा का एक सशक्त आधार बनकर उभरा है।

## खबरें एक नजर में

### गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर आकर्षक एलईडी लाइटिंग से सुसज्जित वॉटर फाउंटेन स्थापित

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर एवं अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में लखनऊ मण्डल द्वारा गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के सौंदर्यीकरण को नई ऊँचाई दी गई है। यात्रियों को सुखद अनुभव एवं स्टेशन को भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु प्लेटफॉर्म संख्या 01 एवं 09 पर आकर्षक एलईडी लाइटिंग से सुसज्जित 'वॉटर फाउंटेन' स्थापित किए गए हैं। रंग–बिरंगी रोशनी के साथ गिरती जलधाराएं यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। दिन हो या रात, ये वॉटर फाउंटेन स्टेशन परिसर को अद्भुत आभा प्रदान कर रहे हैं और यात्रियों के लिए नया सेल्फी पॉइंट बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि 'स्वच्छ व सुंदर स्टेशन' अभियान के अंतर्गत फाउंटेन के आसपास के क्षेत्र को विशेष रूप से विकसित किया गया है। यह पहल गोरखपुर जंक्शन को उत्तर प्रदेश के सबसे सुंदर स्टेशनों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यात्रियों ने रेलवे की इस पहल की भरपूर सराहना की है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों में होगा सामूहिक योगाभ्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1.42 करोड़ छात्र–छात्राओं तथा 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 78 हजार से अधिक छात्राओं को योग से जोड़ने की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रदेशभर के विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास होगा, जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और अभिभावक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रमों के प्रभावी अनुश्रवण और समन्वय के लिए शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। योग को जन आंदोलन और स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाने की दिशा में योगी सरकार की सतत पहल का प्रभाव इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी दिखाई देगा, जहां गांव से लेकर शहर तक विद्यालय परिसर योगमय वातावरण के साक्षी बनेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयुष मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग का प्रयास है कि योग दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन न रहकर विद्यार्थियों के जीवन में स्वस्थ आदतों और सकारात्मक जीवनशैली का स्थायी संदेश बन सके। विद्यालयों में होगा सामूहिक योगाभ्यासबेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 21 जून को विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और योग के महत्व पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से परिचित कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि योग का संदेश समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंच सके।

### भूमि विवाद में पिता को फावड़ा मारकर की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महिगवां गांव में बीती रात को जमीन के बंटवारे को लेकर पिता–पुत्र में विवाद हो गया। गुस्से में आकर पुत्र ने पिता के सिर पर फावड़ा मारकर घायल कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम अतरौरा में भूमि के बंटवारे को लेकर पिता रामकुमार का अपने बेटे महेंद्र से विवाद चल रहा है। बीती रात रामकुमार खेत में खड़ी करवी (झाड़ियां) को ट्रैक्टर से जुतवा रहा था। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी एवं विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान महेंद्र यादव ने फावड़े से पिता रामकुमार यादव के सिर पर वार कर दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के उपरांत परिजनों ने घायल रामकुमार यादव को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए केजीएमयू, लखनऊ रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान रामकुमार यादव को मृत घोषित कर दिया। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गोमती नदी में बहता मिला महिला का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र में गौतम बुद्ध पार्क के पीछे गोमती नदी में शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव गोमती नदी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी किनारे से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। मृतका की उम्र करीब 35 साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला का शव नदी के बहाव के साथ किनारे पर आकर रुक गया था। मृतका ने लाल रंग के कपड़े पहन रखे थे। उसके बाएं हाथ पर अंग्रेजी में सोनम और लव मां लिखा हुआ टैटू बना मिला है। शुरुआती जांच में शव पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों, गोताखोरों और आसपास के निवासियों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम और शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थानों समेत अन्य जिलों को भी सूचना भेजी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है योग : डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▶ प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली



उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में सहभागिता करने और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि ''करे योग, रहे निरोग'' का संदेश अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जी सकता है। डॉ. दयालु ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, विकास खंडों, नगर निकायों तथा ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों पर भी विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जीने के लिए योग के महत्व से अवगत कराना है। योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष मंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2015 से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। आज विश्व के लगभग सभी देशों में योग को स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही भारत की योग परंपरा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, मानसिक एकाग्रता, बौद्धिक विकास तथा जीवनशैली संबंधी अनेक रोगों के निवारण में सहायक सिद्ध हुई है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से आत्मसंयम, मानसिक संतुलन और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आयुष मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे 21 जून को आयोजित योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

# सपा प्रदेश स्तरीय समता मूलक समाज स्थापना को लेकर चलाएगी अभियान : श्याम लाल पाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आने वाले जन्मदिन एक जुलाई से पार्टी समता मूलक समाज की स्थापना के लिए एक सप्ताह तक प्रदेश स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके तहत समाज में फैले प्रदूषण को दूर करने के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ता पीडीए पौधारोपण, सदस्य बनाए जाने का अभियान चलाएंगे।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राजधानी लखनऊ सहित सभी जनपदों में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सभी पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा है। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि समता मूलक समाज के मानव-मूल्यों की स्थापना के लिए सामाजिक-न्याय का राज स्थापित हो, प्रदूषण मुक्त भारत हो, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन 01 जुलाई 2026 बुधवार को हम सब मिलकर प्रदेश में मनाएंगे। इसके अंतर्गत वर्तमान में हर तरफ से फैले प्रदूषण को दूर करने के लिए 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक सभी विधान सभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर, हर गाँव-गली में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पेड़ लगाएंगे और प्रेम, दया, अपनापन के द्वारा पीड़ित, दुःखी, अपमानित परिवार को पार्टी का सदस्य बनाएंगे। श्याम लाल पाल ने बताया कि इस दिन हम संविधान, लोकतंत्र एवं आरक्षण बचाएंगे। पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने संविधान का आधार बनाया है, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की प्राणवायु हर दिन सब को मिल सके, इसका संकल्प लेंगे।

# सीनियर कैडर कोर्स-1 की समापन परेड आयोजित



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सीनियर कैडर कोर्स-1 के ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत कोर्स की समापन परेड आयोजित की गई। इस परेड में 125 नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में ट्रेनिंग ली थी और जो भविष्य में जूनियर कमीशंड ऑफिसर्स का पद संभालेंगे। इन बहादुर सैनिकों को दी गई मिलिट्री ट्रेनिंग ने उनका मनोबल, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ाया है, जिससे वे आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विस के मूल्यों और आदर्शों के साथ जूनियर लीडरशिप की भूमिकाएं प्रभावी ढंग से निभाने के लिए तैयार हुए हैं।

कोर्स की समापन परेड में मिलिट्री अनुशासन और पारंपरिक भव्यता देखने को मिली। इस औपचारिक परेड का निरीक्षण एएमसी सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर, मेजर जनरल अनुज चावला ने किया। कोर्स में पहला स्थान हासिल करने के लिए एमडीसी रानीखेत के हवलदार (डेंटल हाइजीनिस्ट) राम कुमार को रोलिंग ट्रॉफी और लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कोर्स को संबोधित करते हुए, निरीक्षण करने वाले अधिकारी ने उनके शानदार टर्नआउट और परेड के बेहतरीन संचालन के लिए उनकी सराहना की। जनरल ऑफिसर ने इस बात पर फिर से ज़ोर दिया कि आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विस फील्ड और शांति के समय में हमारे सैनिकों की बेहतर देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने उन्हें पेशेवर दक्षता के उच्चतम स्तर को बनाए रखते हुए कॉर्प्स की परंपराओं को कायम रखने के लिए प्रेरित किया।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर गुडम्बा थाने पर पीस मीटिंग आयोजित

▶ इंस्पेक्टर गुडम्बा अंजनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुआ पीस मीटिंग का कार्यक्रम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के निर्देशन में पूर्वी ज़ोन की पुलिस ने आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कमर कस रखी है। इसी के मद्देनजर शानिवार को पूर्वी ज़ोन के गुडम्बा थाने पर पीस मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में इलाके के सम्मानित क्षेत्रवासी व नेतागण मौजूद रहें। लोगों से अपील करते हुए इंस्पेक्टर गुडम्बा अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि शांति पूर्वक बिना कोई वाद विवाद किए त्योहार को सम्पन्न करें और किसी भी तरह का कोई भी विवाद उत्पन्न न होने दें साथ ही दसवीं मुहर्रम को निकलने वाले जुलूस में भी पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी जिस से शांति व्यवस्था में कोई भी खलल न पड़ें। यदि कोई नशेबाजी कर या जबरदस्ती माहौल ख़राब करने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

अंजनी मिश्रा ने जिम्मेदार लोगों से यह भी कहा कि कहीं पर भी कोई माहौल ख़राब करता नज़र आए तो तुरन्त इसकी जानकारी स्थानीय चौकी या उनके नम्बर पर दें कोई भी अपने आप कानून हाथ में लेने की कोशिश न करे। हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है जो दोषियों को कड़ी सज़ा का मज़ा चखाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मुहर्रम में कोई भी ऐसा मातम या कृत्य ना करें जिस से खुद की या दूसरों की जान जोखिम में डालनी पड़े। मुहर्रम ग़म का त्योहार है इसलिए सलीके और शांति से त्योहार सम्पन्न कर इंसानियत की मिसाल पेश करें। बाकी माहौल ख़राब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा वह कोई भी हो।

# निपुण भारत मिशन के तहत 23 को शिक्षकों से होगा प्रदेशव्यापी संवाद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

निपुण भारत मिशन के माध्यम से प्रदेश के करोड़ों बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। बालवाटिका से लेकर कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों में भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं के विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण जागरूकता और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। अब ग्रीष्मावकाश के बाद शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा शिक्षकों के साथ अधिकारियों का सीधा संवाद स्थापित करने के लिए 23 जून को प्रदेशव्यापी ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। योगी सरकार द्वारा सभी जनपदों में इस गोष्ठी की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अब योगी सरकार केवल विद्यालय खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित, परिणामोन्मुख और जवाबदेह व्यवस्था विकसित कर रही है। यही प्रयास उत्तर प्रदेश को देश में बुनियादी शिक्षा सुधार का अग्रणी मॉडल बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

**शैक्षिक सत्र की प्राथमिकताओं पर होगी चर्चा**

अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित होने वाली इस ऑनलाइन गोष्ठी में प्रदेश के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षक संकुल, एआरपी, एसआरजी, डायट मेंटर्स तथा विभागीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी के माध्यम से नए शैक्षिक सत्र की प्राथमिकताओं, निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, भाषा और गणितीय दक्षताओं के विकास तथा बेहतर अधिगम परिणामों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस गोष्ठी में डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग, छात्र केंद्रित शिक्षण, अधिगम स्तर में सुधार और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण तैयार करने के उपायों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लॉबी, चिकित्सालयों, मनोरंजन संस्थानों व कार्य स्थलों पर आज 12वें 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर योग प्रशिक्षण/ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत प्रातः 08:15 से 09:00 तक रेलवे अधिकारी क्लब बन्दरियाबाग तथा 06:30 बजे से 07:45 रेलवे मनोरंजन संस्थान बादशाहनगर, रेलवे मनोरंजन संस्थान ऐशबाग, अवध रनिंग रूम लखनऊ जं. एवं रेलवे मनोरंजन संस्थान गोण्डा तथा एकीकृत क्रू. लॉबी, गोरखपुर में योग से सम्बन्धित जानकारियां, प्राणायाम, ध्यान इत्यादि के माध्यम से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान की जायेगी। इस आयोजन में मण्डल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण भाग लेगें।

**सराहनीय** | खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की दिशा में सीएम के नेतृत्व में लगातार उठाए जा रहे प्रभावी कदम

# उत्तर प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




▶ चयनित खिलाड़ियों की होगी जैविक जांच
▶ सीएमओ कार्यालय पर होगी इसकी जांच

उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पांच प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है।

उ.प्र. स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसाइटी लखनऊ के अधीन संचालित पांच प्रमुख स्पोर्ट्स कॉलेज गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स कॉलेज सहारनपुर और स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए मुख्य चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चयन समिति ने प्रत्येक प्रतिभागी के प्रदर्शन के आधार पर ऑनलाइन अंक प्रदान किए हैं।

प्रदेश के सभी 5 स्पोर्ट्स कॉलेजों में 14 खेलों के लिए कुल 518 सीटें रिक्त हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत मुख्य चयन परीक्षा के बाद 558 खिलाड़ियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जारी सूची में 391 खिलाड़ियों का चयन फ्रेश लिस्ट में हुआ है, जबकि 167 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कक्षावार और खेलवार सूची जारी की गई है, जिसे अभ्यर्थी संबंधित पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के अगले चरण में चयनित खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच और मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। यह प्रक्रिया भी पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मानकों के अनुसार होगी।

एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल के खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय लखनऊ में कराई जाएगी।

वहीं जिम्नास्टिक्स, हॉकी, जूडो, वॉलीबॉल और कुश्ती के खिलाड़ियों की जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय गोरखपुर में होगी। इसके अलावा कबड्डी, तैराकी, हैंडबॉल, बॉक्सिंग और भारोत्तोलन के खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सैफई/इटावा में कराई जाएगी।

**इस सत्र आये रिकॉर्ड आवेदन**

इस वर्ष स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 518 सीटों के लिए लगभग 2600 छात्रों ने आवेदन किया था, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मुख्य चयन परीक्षा 3 जून से 6 जून 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेलवार संबंधित स्पोर्ट्स कॉलेजों में आयोजित की गई थी। चयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन ऑनलाइन माध्यम से किया गया है। इस सत्र से दो नए फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज और सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज की शुरुआत हो रही है।

# प्लास्टिक मुक्त हरित विशाल भण्डारा आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के आदर्शों से प्रेरित होकर मां जानकी सेवा न्यास की ओर से शनिवार को 1090 चौराहे पर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं हरित विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। भण्डारे का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल ने किया। भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी भक्तों को हनुमान चालीसा और हनुमान जी के लॉकेट की माला वितरित की गयी। विभा सिंह की टीम ने सस्वर सुन्दर काण्ड का पाठ किया। इसके बाद पूड़ी सब्जी एवं बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। मातृ शक्ति द्वारा संचालित यह भण्डारा प्लास्टिक मुक्त एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना से प्रेरित रहा।

रेशू भाटिया ने बताया कि हमारा संकल्प प्लास्टिक मुक्त एवं हरित विशाल भण्डारा करना है। प्रकृति की सेवा ही प्रभु की सेवा है। स्वच्छता प्रकृति संरक्षण एवं सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए पत्तल दोना एवं पर्यावरण के अनुकूल सामाग्री का उपयोग किया गया। इस आयोजन की यह विशेषता रही कि इसमें प्लास्टिक मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग किया गया और पूरी व्यवस्था महिलाओं ने ही सम्भाली।

आयोजन में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह , राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा एवं संजय सेठ, रीता बहुगुणा जोशी , अपर महा अधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, एमएलसी अवनीश सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, संयोगिता , पूजा सिंह उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस में एक धरा गया



**शाहजहांपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान मिली सूचना पर खन्नौत नदी पर बने नए पुल के नीचे से आदिल पुत्र इकरार हुसैन निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### सदर में 50 शिकायतों में 10 का निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 10 का तत्काल निस्तारण किया गया, एसडीएम ने शेष के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। इस दौरान तहसीलदार, सीओ, नायब तहसीलदार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### जिपं अध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला पंचायत प्रांगण में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव के द्वारा जिला पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सफाई अभियान का कार्य किया गया। उन्होंने अपने जिला पंचायत कार्यालय के बाहर मैदान में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का सन्देश दिया ।उन्होने कहाँ की हम अपने घर के बाहर आफिस कार्यालय आदि मे स्वयं सफाई करते रहना चाहिए, इस अवसर पर जिला पंचायत के कार्यधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, अभियंता अरुण प्रताप भारती, प्रशासनिक अधिकारी डगेन्द्र बाबू, वरिष्ठ सहायक सौरभ मिश्रा, अवर अभियंता प्रमोद सिंह, अवर अभियंता संतोष वर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर पंचायत में चला विशेष स्वच्छता अभियान


**अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश**

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कांट में शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूर जहाँ के नेतृत्व में प्राचीन माता शीतला देवी मंदिर परिसर में अभियान चलाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, सभासदों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रईस मियां एवं सभासदों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की।अधिशासी अधिकारी नूर जहाँ ने कहा कि स्वच्छ वातावरण समाज के बेहतर स्वास्थ्य और विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने घर, कार्यालय, धार्मिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ और सुंदर नगर का निर्माण संभव है। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। अभियान के दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त सभासदगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




### साइबर ठगी कर 17 लाख 19 हजार रुपये उड़ाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लाखों की ज्वेलरी व नकदी बरामद, आरोपी भेजे गए जेल**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस एवं जनपदीय साइबर सेल की संयुक्त टीम ने साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक वृद्ध महिला रमा देवी के खाते से धोखाधड़ी कर 17 लाख 19 हजार 5 सौ रुपये निकाल लिए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न ज्वेलर्स से खरीदी गई लाखों रुपये की सोने-चांदी की ज्वेलरी तथा 36,642 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर बाजार पुलिस और साइबर सेल को यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार पीड़िता रमा देवी के मोबाइल की सिम चोरी कर उसके बैंक खाते तक पहुंच बनाई गई और विभिन्न माध्यमों से कुल 17 लाख 19 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने शनिवार को रिंग रोड ओवरपास के पास से दो आरोपियों ऋतिक सिंह तथा रेखा सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की अंगूठियां, डायमंड रिंग, झुमके, चेन, हार, ईयररिंग, ज्वेलरी के बिल, बैंक डेबिट कार्ड, दो मोबाइल फोन तथा कुल 36,642 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद ज्वेलरी की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पीड़िता के रिश्तेदार हैं और उन्हें जानकारी थी कि पीड़िता के खाते में बड़ी रकम मौजूद है। इसी का फायदा उठाकर बैंकिंग जानकारी प्राप्त की गई और एटीएम, पीओएस तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से कई बार धनराशि निकाली गई।

# आरोपी की हवालात में बिगड़ी हालत, थाने में मचा हड़कंप

- दामाद को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पकड़े गए पिता-पुत्री
- पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



दामाद को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में मृतक के आरोपी ससुर व पत्नी को पुलिस ने हिरासत में लिया। हवालात में पहुंचते ही आरोपी ससुर की हालत बिगड़ गई। जिससे थाने में हड़कम्प मच गया। पुलिस उसे सीएचसी लेगई जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अभिरक्ष में आरोपी जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है । जबकि आरोपी पत्नी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। डेढ़ साल पूर्व दामाद द्वारा आत्महत्या करने के मामले में मृतक की मां सुमन ने बेटे राज नारायण को आत्महत्या के लिए उकसाने का उसके ससुर गांव बिलहरी निवासी ओमेंद्र पटेल व उसकी पत्नी पूजा पटेल के खिलाफ आरोप लगाते हुए 4 दिसंबर 2024 को नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मुकदमे के आरोपी ससुर ओमेंद्र पटेल एवं उसकी बेटी पूजा पटेल को पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। पूजा को महिला डेस्क की अभिरक्षा में बैठाया गया। जबकि ओमेंद्र पटेल को हवालात में कर दिया गया। अचानक ओमेंद्र की हालत बिगड़ने पर उसे हवालात से निकलकर तत्काल पुलिस नगर के एक निजी अस्पताल ले गई। डॉक्टर न होने पर उसे सवा बजे सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिसका पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी है। जबकि पुलिस ने आरोपी पूजा पटेल का अपरान्ह सवा तीन बजे मेडिकल परीक्षण के उपरांत कोर्ट में पेश किया। गौर तलब है कि मृतक राज नारायण शिक्षा विभाग में अनुचर के पद पर तैनात था। उसकी शादी बिलहरी गांव के ओमेंद्र पटेल की पुत्री पूजा पटेल से लगभग वर्ष 2018 में हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों में विवाद होने लगा था। इस कारण पूजा अपने मायके में ही रहती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2 दिसंबर 2024 को उनका पुत्र राज नारायण शाम को परेशान हालत में घर आया। सुमन ने बताया कि पूछने पर उसके पुत्र ने उसे बताया कि वह पूजा को विदा करने गया था जहां उसकी पत्नी पूजा एवं ससुर ओमेंद्र तथा उनके परिवार के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट कर मर जाने की बात कही । जिस पर उसने जहर खा लिया है । सुमन के मुताबिक बेटे की जेब से एक सुसाइड नोट जैसा दो पन्नों का कागज मिला था। राज नारायण की इलाज के दौरान 3 दिसंबर 2024 को बरेली में मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक की मां सुमन की ओर से राज नारायण की पत्नी पूजा एवं ससुर ओमेंद्र पटेल व अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि सबूतों के आधार पर आरोपी ओमेंद्र एवं उनकी बेटी पूजा को पुलिस हिरासत में लेकर आई थी। डॉक्टरी के दौरान ओमेंद्र का बीपी बढ़ा हुआ निकला था । इसलिए उसे डॉक्टरों की सलाह पर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। उसकी हालत ठीक होने के बाद उसे भी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## योग-ध्यान मन शरीर और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रियाः ललिता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



अंतर्राष्ट्रीय लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर चिन्नौर में योगा मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग टीचर लायन शुभांगी गुप्ता, लायन ललिता यादव के द्वारा लोगो को कई तरीके के योगासन कराये गये। ललिता ने बताया कि योग और ध्यान मन शरीर और आत्मा को जोड़ने और संतुलित करने की प्राचीन प्रक्रिया है। इसको करने से मानसिक शांति आत्म जागरूकता और आधुनिक जीवन के तनाव को कम किया जा सकता है, इसलिए हमें रोज टहलना और योगा भ्यास करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, लायन शुभांगी गुप्ता ,लायन ममता, लायन गौरी आदि ने सम्मिलित होकर योग किया।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर



**समृद्धि न्यूज़**

**शाहजहांपुर।** आगामी राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपूरा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का माध्यम है। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उनके लाभ बताए। साथ ही योग गंगा अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मदरसा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है तथा विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी छात्रों से नियमित योगाभ्यास करने की अपील की। इस मौके पर समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

## समाजसेवी ने स्वर्गधाम समिति को सौंपा शव वाहन




- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिलेगी बड़ी राहत

**समृद्धि न्यूज़**

**शाहजहांपुर।** नगर के समाजसेवी संजय गुप्ता (पाइप वाले) ने समाजसेवा की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वर्गधाम सेवा समिति, रोजा को शव वाहन के रूप में एक रिक्शा प्रदान किया। उनके इस योगदान से अब जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अंतिम यात्रा की व्यवस्था अधिक सुगम और सम्मानजनक हो सकेगी। श्री गुरुकृपा जन कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक संजय गुप्ता लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह शव वाहन विशेष रूप से उन परिवारों की सहायता के लिए उपलब्ध कराया गया है, जो संसाधनों के अभाव में अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करते हैं।उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना हम सभी की जिम्मेदारी है और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा। स्वर्गधाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी समाजसेवी संजय गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस लाठीचार्ज प्रकरण को लेकर डीजीपी से मिले विधायक चेत

- विधायक ने पुलिस महानिदेशक को दिया पत्र, उच्चस्तरीय जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



पुलिस चैकी पर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया था। जिसके बाद गांव पहुँचे विधायक चेतराम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि इन पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही कराई जाएगी। जिसके बाद उन्होंने लखनऊ पहुँचकर पुलिस महानिदेशक को पत्र देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। शनिवार को विधायक चेतराम ने अपने कार्यलय पर प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि दस दिन पूर्व एक वर्षीय बच्ची के साथ घर मे घुसकर दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी गुड्डू को पुलिस को सौप दिया था। लेकिन पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ दिखाते हुए दोनों पैरों में गोली मार दी थी जिसके बाद ग्रामीण मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए ग्राम प्रधान के साथ चांदपुर चैकी का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया लेकिन पुलिस ने उन लोगों पर लाठी चार्ज कर खदेड़ा दिया। जिसमें कई महिलाओं व बच्चों को गम्भीर चोटें आई। इस मामले में राजनीति गर्मा गई विपक्षी नेता सरकार पर हमला बोलने लगे। जिसके बाद विधायक चेतराम गांव हरनाई पहुँचे ओर लाठी चार्ज में घायल ग्रामीणों से मुलाकात की इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को न्याय दिलाए जाने की बात कहीं बाद में विधायक लखनऊ जाकर पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की ओर उन्होंने पत्र देकर इस मामले की जांच की मांग की।

## 10 जुलाई तक विकास भवन में जमा करें आवेदन पत्र

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान के लिए जनपद की सात प्रशिक्षण संस्थाओं का चयन किया गया है।

चयनित संस्थाओं में एम कंप्यूटर इंस्टीट्यूट, करियर शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, दक्ष इंस्टीट्यूट, ई-पायनियर कंप्यूवेयर प्राइवेट लिमिटेड., मल्होत्रा कॉलेज ऑफ आईटी एंड मैनेजमेंट, उड़ान कंप्यूटर इंस्टीट्यूट तथा यूनिक कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग मैनेजमेंट शामिल हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर अपनी वरीयता के अनुसार संस्थान का चयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत आवेदन पत्र का प्रिंट आउट आवश्यक संलग्नकों सहित 10 जुलाई तक विकास भवन कक्ष संख्या 307 में जमा करना होगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अभ्यर्थी की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो तथा उसके पास वैध पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। पात्र एवं इच्छुक युवक-युवतियों से निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन करने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इस निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## पूर्व चेयरमैन ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत खुदागंज द्वारा शनिवार को मोहल्ला साहूकारा स्थित सामुदायिक केंद्र परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह समाज की जागरूकता और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने तथा कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालने की अपील की। अभियान के दौरान सामुदायिक केंद्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी पूरे उत्साह के साथ अभियान में भाग लिया और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का संदेश दिया।

## गौशाला व नंदीशाला के बाहर दर्जनों मृत गोवंश मिलने से मचा हड़कंप

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने कराया दफन

**समृद्धि न्यूज़**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर ठठिउरा स्थित गौशाला व नंदीशाला के पीछे दर्जन भर मृत गली सड़ी अवस्था में गोवंश देखे जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें दफन कराया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार अपरान्ह करीब तीन बजे राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के कार्यकर्ता गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गौशाला के समीप करीब दर्जन भर मृत गौवंश की क्षत विक्षत अवस्था में पड़े देखे । मृत गोवंशों को देखकर संगठन के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान गौशाला से जुड़े कुछ लोगों और गौ रक्षक संघ के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंकझोंक भी होना बताई गई। सूचना मिलने पर हल्का इंचार्ज एसआई हरि किशोर मौर्य, एसआई देवेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित कर दोनों पक्षों को शांत कराया। जिससे कोई भी अप्रिय घटना होने से टल गई। जेसीबी मशीन बिना मंगवाये ही ग्रामीणों के सहयोग से गौवंशीय शवों को दफनबा दिया गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि किसी की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। उधर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# तिलहर में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित योग वेलनेस सेंटर, मझला सीएचसी मीरानपुर कटरा-खुदागंज के तत्वावधान में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, तिलहर में एक योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. सिराज अहमद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रविन्द्र कुमार सागर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिविर में योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, कुर्सी आसन सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों एवं नियमित अभ्यास के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु योग को दैनिक जीवन में अपनाने एवं अधिकाधिक जनसामान्य को योग से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी राजवीर वर्मा, मुख्य सेविका निहारिका भाटिया, बरसाती देवी ,कनिष्ठ सहायक खदीजा रुखसार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अर्चना भारती एवं सहयोग सहायक नमित कुमार का विशेष सहयोग रहा। शिविर का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना तथा आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत योग को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

## श्री सिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** गुलमर्ग आर्य नगर कॉलोनी चिनौर में सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन कलश यात्रा व श्रद्धा भक्ति भाव के साथ प्रारंभ हुआ। कथा के दौरान क्षेत्र का वातावरण राममय बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा वाचक श्री ईश्वरदीन मिश्र ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों, मर्यादाओं और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। समापन अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के निवासियों एवं क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### छेड़छाड़ का विरोध करने महिला ने लगाया पिटाई का आरोप

**पुलिस ने कहा छत से गिरी, जांच के आधार पर होगी कार्रवाई**

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के थाना रोजा के गांव बरमौला अर्जुनपुर में एक महिला को छेड़छाड़ का विरोध करना मंहगा पड़ा। आरोपियों ने उसकी लाठी डंडो से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इसकी लिखित शिकायत पुलिस कप्तान से की गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही हैं। गांव के ही सतीश ने बताया कि विगत दिनों वह मजदूरी करने पंजाब गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी अनीता व बच्चे थे। गुरूवार की रात उसकी पत्नी अनीता बच्चों के साथ घर पर सो रही थी,आरोप है कि तभी गांव के ही अफरोज पुत्र जहीद व अकरम पुत्र वहीद खां बुरी नियत से घर में घुस आये और उसकी पत्नी से अभद्र व्यवहार व छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर इन लोगों की लाठी डंडो से पिटाई कर दी। शोर मचाने से आरोपी फरार हो गये।जिससे उसकी पत्नी का सिर में गंभीर घाव हो जाने के कई कांटे आये हैं। जिसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रह था।'' थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गांव वालों से जानकारी मिली हैं कि महिला छत से गिरी हैं, फिलहाल जांच की जा रही हैं। जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### गौरक्षक ने गोपालकों पर लगाया मारपीट व मोबाइल छीनने का आरोप

**एसपी सौरभ दीक्षित से की पीड़ित गौरक्षक ने शिकायत**

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।** गौशाला व नंदीशाला के समीप दर्जन भर गोवंश के क्षत विक्षत शव पड़े होने की सूचना पर पहुंचे गौरक्षक और उनके सहयोगियों पर गोपालक सहित तमाम लोगों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ भारत के ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव वाल्मीकि ने एसपी से शिकायत करते हुए कहा है कि वह कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर ठठियुरा में संचालित गौशाला व नंदीशाला में पहुंचे थे । जहां दर्जन भर से ज्यादा गोवंश की मृत्यु होने और उनके शव पड़े होने की सूचना मिली थी। यहां पहुंचने पर मृत गोवंशों के क्षत विक्षत शवों को कुत्ते,कौवे नोच रहे थे। उन्होंने जब उक्त दयनीय स्थिति की वीडियो बनाई तो गोपालकों ने उसकी पूरी टीम के मोबाइल छीन लिए और तीनों मोटर साइकिलों की चाबियां निकाल ली। आरोप है कि गोपालक ने प्रधान अजय प्रताप सिंह को फोन किया । जिसके बाद उन्होंने जयपाल सिंह को भेज उनके साथ आए रामवीर मौर्य, कल्लू मौर्य , विमलेश मौर्य कई अज्ञात लोग लाठी डंडा और फावड़ा लेकर आ गए। और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।उन्होंने मदद के लिए 112 पुलिस सेवा का नंबर डायल किया। पुलिस के पहुंचने पर उक्त लोग शांत हुए और पुलिस। ने उनके मोबाइल चाबियां वापस दिलाई। थाना पुलिस की मौजूदगी में मृत गोवंशों को दफनाया गया।आरोप है कि प्रधान ने फोन पर धमकाते हुए कहा कि वीडियो डिलीट कर दो। शुक्र मनाओ कि वह वहां नहीं थे नहीं तो वहां बंद कर लेते। जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। गौरक्षक ने जाति सूचक मां बहन की गलियां देने का आरोप भी लगाया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम कुआडांडा में एक महिला की मृत्यु के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हैदरपुर थाना मदनापुर निवासी सचिन पुत्र मूलचंद ने डायल-112 पर सूचना देकर बताया कि उनकी बहन सुमन देवी (42 वर्ष) पत्नी उमेश सिंह की ससुराल ग्राम कुआडांडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि सुमन देवी का विवाह लगभग 20 वर्ष पूर्व उमेश सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम कुआडांडा के साथ हुआ था। परिजनों के अनुसार सुमन देवी पिछले करीब चार वर्ष से टीबी की बीमारी से पीड़ित थीं तथा उनका उपचार चल रहा था। बताया गया कि करीब दो माह पूर्व उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतका के भाई सचिन ने मामले में पंचायतनामा और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक जांच कराई। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन सेवा केंद्रों में होगा सामूहिक योगाभ्यास

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण**

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर रविवार को जनपद शाहजहांपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश के जन सेवा केंद्रों पर विशेष योग जागरूकता एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जन सेवा केंद्र ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के निर्देशन में किया जा रहा है, जिसमें जन सेवा केंद्र संचालकों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 बजे से माननीय प्रधानमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जन सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग प्रधानमंत्री के संबोधन और योग कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन कर सकेंगे। इसके उपरांत भारत सरकार द्वारा निर्धारित सामान्य योग अभ्यास क्रम के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, महिलाओं तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जन सेवा केंद्र के जिला प्रबंधक ने बताया कि योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जन सेवा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को योग के प्रति जागरूक करते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जन सेवा केंद्र संचालक शोएब ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने निकटतम जन सेवा केंद्र अथवा आयोजन स्थल पर पहुंचकर योग दिवस कार्यक्रम में भाग लें तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। जन सेवा केंद्रों का व्यापक डिजिटल नेटवर्क प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याणकारी अभियानों के सफल संचालन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### बण्डा पुलिस की गिरफ्तारी पर उठे सवाल सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**समृद्धि न्यूज़, बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बण्डा क्षेत्र में हुए एक दहेज हत्या के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक तरफ जहां बण्डा पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर दहेज हत्या के मुख्य आरोपी अमरजीत को पिपरिया हरिश्चन्द्र मोड़ से गिरफ्तार करने का दावा किया है, वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ वीडियो और स्थानीय चर्चाओं ने पुलिस की इस कहानी पर सवालिया निशान लगा दिया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, 17 जून को पीड़िता के परिवार की तहरीर पर अमरजीत पुत्र वीरपाल, निवासी सिसौरा सिसौरी समेत 5 लोगों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और सोने की चेन मांगने, प्रताड़ित करने और विषाक्त पदार्थ देकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक प्रदीप चौधरी, सिपाही मोहित पंवार व आदेश कुमार ने दावा किया है कि उन्होंने आरोपी अमरजीत को 19 जून 2026 को सुबह 11.50 बजे मुखबिर की सूचना पर पिपरिया हरिश्चन्द्र मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस जहां इसे अपनी पीठ थपथपाने वाली कामयाबी बता रही है, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो और सूत्रों के हवाले से आ रही खबरें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं। चर्चा है कि पुलिस 18 जून को आरोपी अमरजीत को एक लग्जरी गाड़ी में बैठाकर खुद लेकर पहुंची थी और उसकी मौजूदगी में ही मृतका का अंतिम संस्कार कराया गया। वायरल वीडियो के बाद चर्चा है कि पुलिस ने केवल केस का खुलासा करने, अपनी पीठ थपथपाने और नंबर बढ़ाने (क्रेडिट लेने) के चक्कर में इस पूरी स्क्रिप्ट को ही बदल डाला। वास्तव में आरोपी पुलिस के पास पहले से था, लेकिन कागजों में उसकी गिरफ्तारी अगले दिन पिपरिया हरिश्चन्द्र मोड़ से दिखाई गई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं आम हैं।

# प्रमुख सचिव मनीष चौहान ने किया विकास परियोजनाओं का निरीक्षण

- निर्माणाधीन प्लैनेटोरियम, मल्टीलेवल कार पार्किंग और गांधी भवन के कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय एवं भाषा विभाग मनीष चैहान ने शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी तथा मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के साथ नगर निगम स्थित विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन प्लैनेटोरियम, मल्टीलेवल कार पार्किंग, गांधी भवन के जीर्णोद्धार कार्य तथा निर्माणाधीन हॉकी क्लब की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत मल्टीलेवल कार पार्किंग परियोजना के लिए 1323.90 लाख की मूल स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के तहत मुख्य भवन, लिफ्ट, फायर फाइटिंग व्यवस्था, गार्ड रूम, पार्किंग एवं स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बेसमेंट, भूतल एवं प्रथम तल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चिनाई का कार्य प्रगति पर है। यह परियोजना फरवरी 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। प्रमुख सचिव ने राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन प्लैनेटोरियम का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि 2037.37 लाख की स्वीकृत लागत वाली इस परियोजना में मुख्य भवन, लिफ्ट, फायर फाइटिंग प्रणाली, पम्प रूम, स्ट्रीट लाइट एवं लैंडस्केपिंग का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 60 प्रतिशत है। परिसर में बच्चों के लिए वैज्ञानिक सोच एवं जिज्ञासा को बढ़ावा देने हेतु अत्याधुनिक वैज्ञानिक गतिविधियों एवं आकर्षणों से युक्त विशेष ग्राउंड ग्लो एरिया भी विकसित किया जाएगा, जहां मनोरंजन के साथ विज्ञान संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि भवन के प्रत्येक तल पर उपलब्ध हॉलों का उपयोग जनसुविधाओं के अनुरूप किया जाएगा। इनमें आधुनिक जिम, लाइब्रेरी और साइबर कैफे स्थापित करने की योजना है। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए परिसर में दो अतिरिक्त प्रवेश द्वार भी विकसित किए जाएंगे, जिससे आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। इसके उपरांत प्रमुख सचिव ने गांधी भवन के जीर्णोद्धार कार्य तथा निर्माणाधीन हॉकी क्लब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद शाहजहांपुर को आधुनिक एवं बहुउद्देशीय सुविधाओं से युक्त महत्वपूर्ण केंद्र प्राप्त होगा, जिससे शिक्षा, पर्यटन, खेल एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दस्तावेजों की अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ई रजिस्ट्री करवाए जाने के आदेश के विरुद्ध अधिवक्ता नवें दिन भी हड़ताल पर

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** कलान तहसील में बार एसोसिएशन की ओर से दस्तावेजों का पंजीकरण अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ई रजिस्ट्रीकरण करवाए जाने के आदेश के विरुद्ध धरना प्रदर्शन नवें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कलान को देकर मांग की है कि सरकार को दस्तावेजों



के ई पंजीकरण आदेश को तत्काल वापस लिया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार के इस तुगलकी आदेश से स्टाम्प विक्रेता,दस्तावेज लेखक,जूनियर अधिवक्ताओं के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र शाक्य ने कहा कि अधिकृत रजिस्ट्रीकरण संस्थाओं में दस्तावेजों के ई पंजीकरण में अनुभव की कमी के चलते तमाम कमियांध्गलतियां रहेंगी। जिनके संशोधन के लिए अधिकारियों, न्यायालयों के पोर्टल पर शिकायतों का अंबार लग जाएगा। जिससे आमजन परेशान होंगे। ज्ञापन में बार एसोसिएशन के महासचिव ओमशरण यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव, संयुक्त सचिव सुधाकर यादव, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, आय व्यय निरीक्षक अनूप कुमार मौर्य व पुस्तकालय अध्यक्ष अमित कुमार यादव आदि ने सरकार से मांग की है कि यदि शीघ्र ही सरकार ने यह आदेश वापस नहीं लिया तो अधिवक्तागण प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

- साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सीएमओ विवेक मिश्रा ने सीएचसी का निरीक्षण किया । उन्होंने इमरजेंसी रूम से लेकर वार्ड व ओटी का भीबसड्ड अवलोकन किया । उन्होंने चिकित्साधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के तत्काल बाद अपरान्ह करीब दो बजे श्री मिश्रा सीएचसी पहुंचे। उन्होंने सर्व प्रथम इमरजेंसी रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुर्घटना में घायल की चिकित्सा का भी जायजा लिया। इसके बाद सीएमओ ने ऑपरेशन थियेटर, महिला, पुरुष वार्डो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने व्याप्त गंदगी को लेकर नाराजगी जताते हुए चिकित्साधीक्षक श्री राठौर को व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। बोले कि वार्डो में बैड की चादरों को प्रतिदिन आने वाले मरीज के साथ ही बदला जाये। और सीएचसी आने वाले रोगियों को सेवा भाव से देखा जाए । और हर संभव संतुष्ट करके ही भेजा जाए।

# शिक्षक संघ ने शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए को दिया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।**



जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिक्षक समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि परिषदीय कंपोजिट विद्यालय मे प्राथमिक विद्यालय मे कार्यरत प्रधानाध्यापक को सरप्लस सूची में दर्शाया गया है प्रधानाध्यापक को समायोजन प्रक्रिया से मुक्त रखा जाए तथा कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के कारण उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत डबल विषय मैपिंग होने से उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को न हटाया जाए स जो शिक्षक दिव्यांग है एवं जो शिक्षक गंभीर रोग से पीड़ित है उन्हें समायोजन स्थानांतरण प्रक्रिया से मुक्त रखा जाए। जिन शिक्षकों की सेवा निवृत्ति निकट है सेवा निवृत्ति में दो वर्ष से कम अवधि वाले शिक्षकों को मानवीय आधार पर शासन की स्थानांतरण नीति 2026 - 27 के अनुरूप मुक्त रखा जाए। शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का पालन करते हुए स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक होने पर ही नियमानुसार समायोजन किया जाए। उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का विषय बार डाटा मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटि पूर्ण अंकित है उसका परीक्षण कर आवश्यक संशोधन कराकर समायोजन किया जाए। शिक्षकों का विकल्प पत्र भरवा कर ही समायोजन किया जाए। पूर्व में सामान्य चयन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त बीटीसी सामान्य शिक्षकों को उच्च प्राथमिक विद्यालय में विज्ञान- गणित सहायक अध्यापक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है मानव संपदा पोर्टल पर विषय मैपिंग त्रुटि पूर्ण अंकित होने पर उक्त शिक्षक विज्ञान गणित का होने के बावजूद सर प्लस सूची में अंकित किए गए हैं जो गलत है ऐसे विज्ञान ध् गणित शिक्षकों को सर प्लस सूची से हटाया जाए। 8- जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को शिक्षकों द्वारा ग्रीष्म अवकाश की अवधि में संपादित कराया गया जिसके कारण शिक्षकों द्वारा ग्रीष्म अवकाश का प्रयोग नहीं किया जा सका शिक्षकों द्वारा जनगणना 2027 कार्य में किए गए कार्य दिवसों का परीक्षण करसते हुए उक्त विभागीय आदेश के प्रावधान अनुसार ग्रीष्म अवकाश अवधि में किए गए कार्य के सापेक्ष उपार्जित- प्रतिपूरक अवकाश स्वीकृत किए जाएं सप्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष मगरे लाल ,महामंत्री चित्रेश यादव, मंत्री रमेश चंद्र, कोषाध्यक्ष गौरव पांडे, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष धीरेंद्र पाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, उपाध्यक्ष राजेश बाबू सक्सेना, मंडल संयुक्त मंत्री मोहम्मद यासीन, ब्लॉक अध्यक्ष सिधौली विनोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष निगोही धनेंद्र पाल सिंह यादव, मंडल संयुक्त मंत्री त्रिभुवन नाथ, जिला संयुक्त मंत्री बबलू पाल, अजय वर्मा , दिनेश कुमार गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## तीन वाहन आपस में भिड़े, चार लोग गंभीर रूप से घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुड़िया मोड़ के निकट राठौर सीमेंट एजेंसी के सामने दो पहिया तीन पहिया और चार पहिया गाड़ी की आपस में जोरदार टक्कर हो गई जिससे तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए आज शाम लगभग 5:10 पर सिंधौली की ओर से पुवायां की ओर जा रही सफेद रंग की कार की रिक्शे में टक्कर के बाद पुवायां की ओर से आ रही बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।

जिसमें ग्राम बरी थाना मझिला जिला हरदोई के विमल उम्र 22 पुत्र रामगोपाल सौरभ उम्र 19 पुत्र रविंद्र दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए घायलों को पुलिस ने एम्बुलेंस 108 की मदद से सिंधौली सीएचसी भिजवाया।

## डीएलएसए प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर एस.एस. लॉ कॉलेज में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहजहांपुर।** DLSA, शाहजहाँपुर द्वारा सचिव अपेक्षा सिंह के संरक्षण एवं निर्देशन में 17 जून से 30 जून तक संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ दिवस पर स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय में 'लोक अदालत और मध्यस्थता के विशेष संदर्भ में वैकल्पिक विवाद निस्तारण तंत्र के प्रावधान एवं लाभ' विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, कुलपति, स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विवाद निस्तारण तंत्र भारतीय न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से विधिक शिक्षा के व्यावहारिक पक्षों को समझने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता अपेक्षा सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थता एवं लोक अदालत की कार्यप्रणाली का विस्तृत विवेचन करते हुए बताया कि ये व्यवस्थाएँ न्याय तक सरल, सुलभ एवं कम खर्चीली पहुँच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वैकल्पिक विवाद निस्तारण के द्वारा विवाद निपटारे पर न केवल पक्षकार आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे।

## कलान तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 37 शिकायतें, 4 का मौके पर निस्तारण

समृद्धि न्यूज़



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** शनिवार को कलान तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र के समक्ष 37 ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश के साथ सम्बंधित विभागों के अफसरों को हस्तांतरित कर दीं। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। तहसील समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 19, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त विभाग से 09, विकास विभाग से 03, अन्य 02 से सम्बंधित शिकायतें आईं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, तहसीलदार स्त्रजित कुमार, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, जेई एम आई अरविंद कुमार राजपूत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आर्येंद्र सिंह यादव, मिर्जापुर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार कुशवाहा, एडीओ (कृषि) रविन्द्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण निर्मला देवी शुक्ला, एडीओ पंचायत कलान कुलदीप कुमार सक्सेना, एडीओ पंचायत मिर्जापुर राम औतार शर्मा, नगर पंचायत कलान से वरिष्ठ लिपिक गौरव कुमार शर्मा, जल निगम कलान के सहायक अभियंता अजय कुमार,थाना मिर्जापुर, कलान, परौर के थानेदार मौजूद रहे।

# नगर निगम जोनल कार्यालय का आज होगा लोकार्पण

- वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे उद्घाटन
- रोजा नगर वासियों सहित आसपास के लोगों को मिलेगी राहत

समृद्धि न्यूज़



**रोजा-शाहजहांपुर।** अहमदपुर निवाजपुर में बने नगर निगम के जोनल कार्यालय का आज वित्त मंत्री द्वारा लोकार्पण करेगें। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।अब लोगो को निगम से संबंधित अपने कामों के लिए शहर के कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। नगर वासियों के सारे काम यही से हो जायेंगे। ज्ञात हो कि वार्ड संख्या 37 अहमदपुर निवाजपुर में वर्ष 2025 से नगर निगम के जोनल कार्यालय को बनाने का काम शुरू किया गया था। इससे पहले जमीन को चिह्नांकित कर उसको कब्जा मुक्त कराया गया। उसके बाद वहां पर जोनल कार्यालय की बिल्डिंग बनाने के का काम शुरू कर दिया गया था। जो अब पूरा है चुका है। जोनल कार्यालय पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया। रविवार को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। बता दे राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगभग 7.31 करोड़ की लागत से बने नगर निगम के जोनल में लोगो को निगम से संबंधित सारे काम होंगे। नगर वासियों को अब अपने गृह कर, जल कर सहित आदि कामों को लिए शहर में बने निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनके सारे काम यही पर आसानी से हो जायेंगे। जोनल कार्यालय में शनिवार देर शाम तक साफ सफाई का काम चलता रहा। चार मंजिला जोनल कार्यालय के रविवार को उद्घाटन से पहले उसके अनादर बिजली की फिटिंग, फिनिशिंग सहित साफ सफाई का काम होता रहा।

## जिले के 377956 कृषकों के खातों में भेजी गई 23वीं किस्त



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** तारकेश्वर हुगली पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाले पीएम किसान उत्सव दिवस में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान की 23 वीं किस्त होने के परिपेक्ष्य में कृषि विज्ञान केन्द्र, विकास खण्ड कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों सहित अन्य विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जनपद के 377956 कृषकों को 23वीं किस्त में रूपये 75.59 करोड़ प्रधानमंत्री द्वारा स्थानान्तरित किये गये। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र एवं विकासखण्ड कार्यालयों व ग्राम पंचायतों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद अरूण कुमार सागर, विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह, विधायक जलालाबाद हरि प्रकाश वर्मा, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता, उप कृषि निदेशक पुरूषोत्तम कुमार मिश्र, ब्लाक प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. एनपी गुप्ता, डा. विमल कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों सहित कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सेहत पर भारी विकास

इस बात में दो राय नहीं कि हरियाणा की समृद्धि में औद्योगिक विकास की बड़ी भूमिका रही है। जिसमें बड़ी संख्या में राज्य के लोगों को रोजगार भी मिला है। हरियाणा अपनी औद्योगिक सफलता की प्रेरक कहानी पर गर्व करता रहा है। मानेसर के ऑटोमोबाइल हब से लेकर राज्य भर में फैले मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के उद्योगों में बड़े पैमाने पर नौकरियों के अवसर पैदा हुए हैं। नि:संदेह, इससे राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिली है। लेकिन इस विकास की दूसरी तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह बात चिंतित करने वाली है कि राज्य में तीन हजार औद्योगिक इकाइयों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले पर्याप्त उपकरण ही नहीं लगे हैं। जो एक गंभीर स्थिति को दर्शाती है। निस्संदेह, कोई भी विकास साफहवा की कीमत पर नहीं किया जाना चाहिए। चिंता की बात यह भी है कि प्रदूषण नियामक उपकरणों की कमी वाली औद्योगिक इकाइयों की सूची में मानेसर सबसे ऊपर पाया गया है। यह औद्योगिक टाउनशिप न केवल हरियाणा का प्रमुख आर्थिक इंजन है, बल्कि हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों का घर भी है। जो आज हर दिन कारखानों से निकलने वाले धुएं से प्रभावित हवा में सांस लेने को अभिशप्त हैं। विडंबना यह है कि अब तक इस संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस स्थिति को सुधारने के लिये कोई सार्थक पहल भी नहीं हुई है। बड़ी विचित्र बात है कि गाहे-बगाहे हर साल मौसमी स्मॉग या पराली जलाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलता रहता है। जबकि कोई वैज्ञानिक अध्ययन भी हमारे सामने नहीं आया कि स्मॉग व पराली जलाने की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण में कितनी भूमिका होती है। लेकिन जिन औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण को हम नाप कर नियंत्रित कर सकते हैं, उस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गई। सालभर चलने वाली औद्योगिक उत्सर्जन की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष पर्यंत होने वाले औद्योगिक उत्सर्जन से हवा की गुणवत्ता खराब ही होती है। जिससे सांस संबंधी रोगों को बढ़ावा मिलता है। ये स्थितियां लोगों के जीवन की गुणवत्ता में गिरावट ही पैदा करती हैं। विडंबना यह है कि पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील इलाकों, विशेष रूप से देश के नेशनल कैपिटल रीजन यानी एनसीआर में काम करने वाली औद्योगिक इकाइयों को अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही का अच्छे से पता होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इसके बावजूद हजारों इकाइयां नियमों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाने में लगी हैं, वह भी हजारों लोगों की सांसों की कीमत पर। यह नियामक तंत्र द्वारा नियमों को लागू करने और जवाबदेही तय करने में बड़ी नाकामी को ही दर्शाता है। इस जटिल समस्या का समाधान सिर्फ नोटिस जारी करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। वह बात अलग है कि कुछ छोटी और मध्यम दर्जे की कंपनियों को साफ-सुथरी टेक्नोलॉजी अपनाने के लिये तकनीकी सहायता और आर्थिक मदद की जरूरत हो सकती है। इसके बावजूद प्रदूषणरोधी उपकरण लगाने की समय-सीमा और निर्धारित मानकों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। सही मायने में चेतावनी के बावजूद बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ा जुर्माना लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि साफ हवा औद्योगिक विकास में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करती है। यही स्थायी व दूरगामी परिणामों वाले विकास की अपरिहार्य शर्त भी है। सही मायनों में हरियाणा की अर्थव्यवस्था तब तक फल-फूल नहीं सकती, जब तक यहां के लोगों को अपनी सेहत की कीमत पर यह विकास करना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि प्रगति और विकास की दृष्टि से राज्य के उद्योगों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इन उद्यमियों ने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा की कसौटी पर अपनी बेहतर क्षमताओं को साबित किया भी है। अब उन्हें इस बात के लिये प्रेरित करना होगा कि वे अब पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने में भी वैसी ही प्रतिबद्धता दर्शाएं। सही मायने में किसी भी समाज में असली समृद्धि तभी आ सकती है जब हमारी प्राथमिकताओं में जन-स्वास्थ्य पहले हो।

# जल शक्ति : विकसित भारत की यात्रा को दे रही है गति



संजय सक्सेना



क्या आप जानते हैं कि जल जीवन मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम है? या फिर स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता अभियान है, जिसने लोगों की सोच और व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव लाया है? और क्या आपको पता है कि नमामि गंगे आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी नदी पुनर्जीवन योजनाओं में शामिल है?

ये सभी पहल केवल सरकारी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस बात का उदाहरण हैं कि 145 करोड़ आबादी वाला भारत किस तरह पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

जब इतिहासकार भारत की विकास यात्रा को देखेंगे, तो संभव है कि वे पिछले 12 वर्षों को वह दौर बताएं, जब जल देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया। मानव सम्मान, आर्थिक विकास, जनस्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर पानी जितना प्रभाव डालता है, उतना शायद ही कोई दूसरा क्षेत्र डालता हो। लेकिन कई दशकों तक भारत में जल संबंधी समस्याओं का समाधान अलग-अलग और बिखरे हुए तरीकों से किया जाता रहा। पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत, गंभीर और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया।

पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई।

इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है। जब यह मिशन शुरू हुआ था, तब केवल लगभग 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों, यानी करीब 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में ही नल से जल की सुविधा थी। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से पानी पहुँच चुका है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। लाखों परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह केवल पानी की सुविधा नहीं है, बल्कि उनके जीवन में आया एक बड़ा बदलाव है।

अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वजह से 2014 से अक्टूबर 2019 के बीच दस्त से होने वाली 3 लाख से अधिक मौतों को रोका जा सका। घर-घर शौचालय बनने से करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को सम्मान, निजता और सुरक्षा मिली। इस तरह स्वच्छता केवल एक सुविधा नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बन गई। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के बाद अब देश स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के तहत ठोस और तरल कचरे के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत ने जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के क्षेत्र में भी दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक चलाया है। 6 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूरत से जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत 31 मई 2026 तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। यह अभियान दिखाता है कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयास कितने प्रभावी हो सकते हैं।

इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब भूजल की स्थिति में भी दिखाई देने लगा है। हाल के आकलनों के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर बेहतर हुआ है और जिन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा था, उनकी संख्या में भी कमी आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि लगातार किए गए जल संरक्षण के प्रयास और जनभागीदारी मिलकर पर्यावरण पर बढ़ते दबाव को भी कम कर सकते हैं।

साथ ही, भारत ने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय जल परियोजनाओं को भी तेज़ी से आगे बढ़ाया है। देश की पहली बड़ी नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, तेजी से आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्रों तक पानी पहुंचाना है। इसके अलावा, राज्यों के भीतर नदियों को जोड़ने की कई परियोजनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नमामि गंगे कार्यक्रम ने यह साबित किया है कि पर्यावरण संरक्षण और विकास साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।

पिछले एक दशक में 4,260 मिलियन लीटर प्रतिदिन(एमएलडी) सीवेज शोधन क्षमता विकसित की गई है। अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से निकलने वाला जैविक प्रदूषण (बीओडी) 2017 में 26 टन प्रतिदिन से घटकर 2024 में 10.75 टन प्रतिदिन रह गया है। वहीं, उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी (एफ्लुएंट) का उत्सर्जन भी 349 एमएलडी से घटकर 265.56 एमएलडी हो गया है। आज निगरानी के आंकड़े बताते हैं कि गंगा नदी में सभी निगरानी केंद्रों पर पानी का पीएच स्तर और घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) स्नान योग्य मानकों के अनुरूप है। इसके अलावा, देशव्यापी आकलन के अनुसार गंगा में लगभग 6,324 गंगा डॉलफ़िन पाई गई हैं, जो नदी के बेहतर होते पर्यावरणीय स्वास्थ्य का संकेत है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत की जल यात्रा दुनिया के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख बनकर सामने आई है। 21वीं सदी की जल संबंधी चुनौतियों का समाधान अलग-अलग प्रयासों से नहीं हो सकता। पेयजल, स्वच्छता, नदियों का संरक्षण, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था, भूजल रिचार्ज, इस्तेमाल किए गए पानी का दोबारा उपयोग और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारी–इन सभी को एक-दूसरे से जुड़ी व्यवस्था के रूप में देखना होगा।

जलवायु परिवर्तन के दौर में यह समग्र दृष्टिकोण और भी ज़रूरी हो जाता है, क्योंकि दुनिया भर में जल संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। भारत के सामने यह चुनौती और भी बड़ी है। दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, लेकिन देश के पास दुनिया के कुल मीठे पानी के संसाधनों का केवल लगभग 4 प्रतिशत ही है।

तेज़ी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगिक विकास और बदलते मौसम के पैटर्न आने वाले वर्षों में इन जल संसाधनों पर और अधिक दबाव डालेंगे। इसलिए आज जल क्षेत्र में किया जा रहा निवेश केवल विकास पर होने वाला खर्च नहीं है, बल्कि देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत बनाने में किया जा रहा दीर्घकालिक निवेश है। पिछले एक दशक में मिली सफलता यह दिखाती है कि जब निस्वार्थ नेतृत्व, जवाबदेह शासन और जनता की सक्रिय भागीदारी एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए साथ आते हैं, तो बड़े और सकारात्मक बदलाव संभव हो जाते हैं।

जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है, जल उसकी विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। जल सुरक्षित भारत का मतलब केवल सभी को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना नहीं है। इसका अर्थ है महिलाओं का सम्मान, परिवारों का बेहतर स्वास्थ्य, किसानों की अधिक उत्पादकता, शहरों का टिकाऊ विकास और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना।


पिछले 12 वर्षों में भारत के जल क्षेत्र में जो बड़ा बदलाव आया है, वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। उनके संकल्प ने पानी को केवल एक विकास संबंधी चुनौती नहीं रहने दिया, बल्कि उसे राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत का एक मजबूत माध्यम बना दिया।

आगे की राह में लगातार प्रयास करना आवश्यक होगा। इसमें तकनीक, आंकड़ों और नवाचार की बड़ी भूमिका रहेगी। हमारा लक्ष्य सभी क्षेत्रों में पानी के बेहतर और कुशल उपयोग को बढ़ावा देना, इस्तेमाल किए गए पानी का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण बढ़ाना, स्थानीय स्तर पर जल प्रबंधन को मजबूत करना और जल संरक्षण में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है।

*(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं।)*

विचार

# गुजरे जमाने के फुटपाथ और छाँव देते दरख्त



संजय सक्सेना

शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सड़कों के किनारे बने फुटपाथ और लंबी दूरी के मार्गों के किनारे हरियाली सहित पथिकों को छाया देने वाले वृक्ष अतीत की बात हो गए हैं। फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है तो वृक्ष कहीं मार्ग चौड़ीकरण तो कहीं विकास की भेंट चढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून 2026 के अपने फैसले में पैदल यात्रियों के फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को उनका मौलिक अधिकार करार दिया। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक स्कूल जा रहे पाँच वर्षीय बच्चे की मौत का मुआवजा बढ़ाते हुए यह निर्देश दिया। एक वक्त था जब लखनऊ की हज़रतगंज हो या बनारस की गोदौलिया या अन्य छोटे-छोटे शहरों की सड़कों के किनारे चौड़े और साफ फुटपाथ हुआ करते थे। उन पर इमली, नीम और पीपल के घने पेड़ छाया बिछाए खड़े रहते थे। दोपहर की तपती धूप में एक थका-हारा मजदूर उस छाँव में दो पल बैठ लेता था, स्कूल जाते बच्चे उसी फुटपाथ पर बेफिक्र चहलकदमी करते थे और बूढ़े-बुजुर्ग शाम को टहलने निकलते तो सड़क की गाड़ियों का खौफ उन्हें नहीं सताता था। वह भारत अब केवल पुरानी तस्वीरों में दिखता है। आज की हकीकत यह है कि फुटपाथ दुकानों के गोदाम बन चुके हैं, पेड़ विकास की बलिवेदी पर चढ़ चुके हैं और पैदल चलने वाला आम आदमी अपनी ही सड़क पर बेगाना हो गया है।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून को अपने फैसले में ऐसा कुछ नहीं कहा जो हमारे संविधान में नहीं लिखा हो, लेकिन सवाल यह है कि कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई कौन करे। हालत यह है कि पिछले कुछ दशकों में बड़े-बड़े व्यापारियों ने पहले तो फुटपाथ घेरकर अतिक्रमण किया, फिर बाद में उनके अतिक्रमण का दायरा सड़क तक फैल गया। व्यापारी, जिन्हें धन्ना सेठ भी कहा जाता है, सिस्टम को पैसे के बल पर और राजनीतिक दलों को चंदा देकर सबका मुंह बंद कर देते हैं। पूरे प्रदेश में अतिक्रमण का यही हाल है। नगर निगम और एलडीए अक्सर अतिक्रमण के खिलाफ मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, लेकिन वे बाजारों से अतिक्रमण हटाते हुए कभी नहीं दिखाई देते हैं। भू-माफियाओं की तरफ से मुंह मोड़े रहते हैं। सवाल यह है कि जो अधिकार संविधान में पहले से लिखा था, उसे अदालत को घोषित क्यों करना पड़ा? इसका जवाब हमारे शहरों की उन गलियों में मिलता है जहाँ फुटपाथ पर सब्जी वाले का ठेला है, कपड़े वाले का तिरपाल है, मोबाइल ठीक करने वाले की मेज है और उसके आगे एक ऐसा अँधेरा है जिसमें पैदल चलने वाले के लिए कोई जगह नहीं बची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक रिटायर होने जा रहे पुलिस के एक बड़े अधिकारी का किस्सा सुनाया था, जिसमें इस अधिकारी ने सीएम को बताया था कि लखनऊ के पॉश इलाके में एक माफिया ने 120 एकड़ जमीन कब्जा रखी है। यदि उसे माफिया से मुक्त करा दिया जाए तो वहाँ राज्य फॉरेंसिक संस्थान खोला जा सकता है। जिसे योगी ने खाली करा लिया, लेकिन न जाने आज भी ऐसी कितनी जमीनें होंगी जो माफियाओं ने कब्जा करके कहीं कॉलोनी बना दी होंगी तो कहीं बस्तियां बसा दी होंगी। मगर अफसोस यह है कि अतिक्रमण के खिलाफ सिर्फ वहीं पर मोर्चा खोला जाता है जहाँ कार्रवाई करके सरकार को खुश किया जा सकता है या फिर ऐसी जगह से अतिक्रमण हटाया जाता है जहाँ अतिक्रमणकारी थोड़ा लाचार और कमजोर होता है। खैर, बात फुटपाथ की की जाए तो एक समय था जब पैदल यात्री बीच सड़क पर गाड़ियों की चकाचौंध और अंधी दौड़ के साथ धूप और बरसात से बचते हुए आराम से फुटपाथ पर सुरक्षित आता-जाता था। मगर यह सब करीब पचास साल पुरानी बातें हुआ करती थीं। बीते पचास सालों में सरकार ने फुटपाथ के नाम पर पैसा तो खूब लुटाया, लेकिन किसी पैदल चलने वाले राहगीर को इससे फायदा नहीं हुआ। 70 और 80 के दशक में जब शहर छोटे थे और आबादी का दबाव कम था, तब फुटपाथ बनाए गए थे और उन पर पेड़ लगाए गए थे। नगरपालिकाएँ उनकी देखभाल करती थीं। धीरे-धीरे शहर फैलने लगे, आबादी बढ़ने लगी और सड़कों पर वाहनों की तादाद बेतहाशा बढ़ गई। इसी के साथ एक ऐसी व्यवस्था पनपी जिसमें पैसे वाले व्यापारी ने पहले फुटपाथ के कोने में अपना सामान रखा, फिर धीरे-धीरे पूरे फुटपाथ को घेर लिया और बाद में उसकी हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसने सड़क का एक हिस्सा भी हड़प लिया। इस पूरी प्रक्रिया में नगर निगम के अधिकारी, पुलिस के सिपाही और नेताओं के दलाल सब शामिल रहे। पैसे का लेन-देन होता रहा और अतिक्रमण बढ़ता रहा। मतलब यह है कि यह अतिक्रमण एक दिन में नहीं हुआ। इसकी जड़ें पचास साल पीछे तक जाती हैं। असली त्रासदी यह है कि सरकारी सिस्टम केवल वहाँ काम करता है जहाँ कमज़ोर और बेसहारा लोग होते हैं। जब नगर निगम अतिक्रमण हटाने निकलता है तो उसका निशाना आमतौर पर वह गरीब रेहड़ी वाला या छोटा दुकानदार होता है जो किसी नेता की शरण में नहीं है, जिसके पास रिश्वत देने के पैसे नहीं हैं। जो बड़े व्यापारी हैं, जिन्हें धन्ना सेठ कहा जाता है, वे राजनीतिक दलों को चंदा देते हैं, अधिकारियों की मुट्ठी गरम करते हैं और शांति से अपना अतिक्रमण बनाए रखते हैं। यही कारण है कि शहर के बड़े बाज़ारों में, जहाँ सबसे ज़्यादा अतिक्रमण है, वहाँ कार्रवाई कभी नहीं होती।

शहर से गायब हो गए फुटपाथ की तरह ही पेड़ों की कहानी है, जो और भी दर्दनाक है। जब सड़कें चौड़ी करने का काम शुरू हुआ तो सबसे पहले पेड़ों पर आरी चली। विकास के नाम पर हज़ारों पुराने और घने पेड़ काट दिए गए। जो पेड़ दशकों से छाया दे रहे थे, जो पक्षियों के घर थे, जो शहर की हवा को साफ रखते थे, वे सब एक झटके में ज़मीन पर आ गए। सड़क चौड़ी हो गई, गाड़ियाँ ज्यादा दौड़ने लगीं, लेकिन पैदल चलने वाले के लिए न छाया बची, न फुटपाथ बचा। नए पेड़ लगाने की बात ज़रूर होती है, सरकारी कागज़ों में लाखों पेड़ लगाने के दावे भी होते हैं, लेकिन ज़मीन पर उनका नामोनिशान नहीं मिलता।

सरकारें आईं और गईं, योजनाएँ बनती रहीं और फुटपाथ के नाम पर सरकारी खज़ाने से करोड़ों रुपये बहाए जाते रहे। कभी फुटपाथ को नए पत्थरों से ढका गया, कभी उस पर रंग-बिरंगी टाइलें लगाई गईं, कभी उसके किनारे लोहे की जालियाँ और लैंप पोस्ट खड़े किए गए। लेकिन इन सब कामों के बाद फुटपाथ पर पैदल यात्री के लिए जगह नहीं बनी। जो टाइलें लगाई गईं वे कुछ महीनों में उखड़ गईं, जो रोशनी के खंभे लगाए गए वे अँधेरे में डूब गए और जो फुटपाथ बने वे फिर से दुकानों और ठेलों से भर गए। पूरी कवायद केवल कागज़ी खानापूरी बनकर रह गई। शहरों की योजना बनाने वाले विभाग, जो जगह पैदल चलने वालों के लिए छोड़ते थे, उन्होंने भी धीरे-धीरे अपनी प्राथमिकता बदल ली। अब नई सड़कें बनती हैं तो उनमें गाड़ियों के लिए कई-कई लेन होती हैं लेकिन फुटपाथ या तो होता ही नहीं या इतना संकरा होता है कि दो लोग एक साथ नहीं चल सकते। यह मानसिकता बताती है कि हमारे नगर नियोजकों की नज़र में पैदल चलने वाला नागरिक दोयम दर्जे का है। उधर, अदालतें अक्सर पैदल यात्रियों के पक्ष में फैसला देती रहती हैं, परंतु यह लालफीताशाही की भेंट चढ़ जाते हैं।

लब्बोलुआब यह है कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला कि फुटपाथ पर चलना पैदल यात्रियों का मौलिक अधिकार है, भले ही नगर निगम से लेकर राज्य सरकार तक हर स्तर पर जवाबदेही तय करता हो, जिस अधिकारी की देखरेख में फुटपाथ पर अतिक्रमण हो, उसे ज़िम्मेदार मानता हो, जो व्यापारी सड़क को अपना गोदाम समझे, उस पर सख्त कार्रवाई हो, की बात करता हो, लेकिन हकीकत यही है कि अब काफी देर हो चुकी है। सबसे बड़ी बाधा तो यही है कि जो सरकार सड़क से अतिक्रमण हटाने और फुटपाथ खाली कराने की बात सोचती है, उसको विरोध स्वरूप लामबंद वोटर लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। यही देश की नियति है, जिसे आसानी से नहीं बदला जा सकता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*


साहित्य

## पिता : जीवन की मजबूत दीवार



**संजय एम तराणेकर**

**पिता हैं जीवन की मजबूत दीवार,**
**उनसे मिलता सपनों को आकार।**
**धूप में जलकर छाया बन जाते हैं,**
**अपने दु:ख छिपाकर मुस्कुराते हैं।**
**कंधों पर बैठाकर दुनिया दिखाते,**
**गिरने पर हौसले के गीत सुनाते।**
**संघर्षों की राहों में दीप बन जाते,**
**मुश्किल में साहस के स्वर गूंजते।**
**माँ की ममता निर्मल गंगा कहाती,**
**पिता, जिम्मेदारी की धारा बहती।**
**दोनों के स्नेह से जीवन महकता,**
**आंगन खुशियों से भरके चहकता।**
**यूं पिता केवल रक्षक ही नहीं होते,**
**वे सच्चे मित्र बनकर भी साथ होते।**
**मन की बातें खुलें दिल से कह पाएं,**
**ऐसे अपनेपन के ये रिश्ते कैसे पाएं।**
**उनके त्याग का मोल कहाँ चुकता है,**
**हर सफलता में उनका ही हिस्सा है।**
**आईए आज सम्मान का दीप जलाएँ,**
**हम पिता के चरणों में शीश झुकाएँ।**
**इस फादर्स डे पे यही हैं संदेश हमारा,**
**पिता, जीवन का सबसे बड़ा सहारा।**
**उनके प्रेम एवं संस्कारों का मान करें,**
**हर दिन उनका आदर व सम्मान करें।**



## राशिफल

**मेष:-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हों।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु:-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# भारत का योग वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका

*अजय द्विवेदी*

हजारों वर्षों से प्रचलित भारत का योग आज विश्व में अपनी खास पहचान बना चुका है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क, बौद्धिक क्षमता विकसित करने, शारीरिक बलिष्ठता, मन-मस्तिष्क का ध्यान केन्द्रित करने सहित तमाम रोगों में लाभकारी योगासन आज विश्व के हर देश में अपनाया जा रहा है। हमारे देश के ऋषियों, मुनियों ने योग के बल पर मन मस्तिष्क को संयमित रखते हुए समाज को नई दिशा दी, जिसमें सामाजिक एकता और सद्भाव बनी रही और भारत विश्व गुरू के रूप में जाना जाने लगा। योग साधना से ही देश के ऋषि, तपस्वी निरोगी जीवन व्यतीत करते हुए पूरा स्वस्थ जीवन जीते थे। योगासन आज देश-विदेश में सभी आयुवर्ग में बहुत लोकप्रिय हो गया है।

भारत की प्राचीन परंपरा योग को कायम रखने के लिए देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में योग को वैश्विक स्तर पर अपनाने का आह्वान किया जिसे संयुक्त राष्ट्र ने अपनाते हुए वर्ष 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की घोषणा की और तब से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आज विश्व के 190 से अधिक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। आज विश्व में योगासन जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व बिरादरी को हमारी प्राचीन योग परम्परा का बहुमूल्य उपहार दिया है। विश्व के तमाम देश चाहे वह विकसित हो या विकासशील, योग को अपनाकर अपने नागरिकों को स्वस्थ बना रहे है। भारत में शिक्षण संस्थाओं में एक विषय के रूप में योग को अपनाया गया है, वहीं विश्व के देश भी शैक्षिक स्तर पर योग को अपना रहे है।



जब पूरा विश्व कोविड-19 के संक्रमण का शिकार हुआ तब डॉक्टरो, शोधकर्ताओं ने व्यक्ति के शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने पर बल दिया गया। चिकित्सा वैज्ञानिकों द्वारा यह माना गया कि जिस व्यक्ति में प्रतिरोधक क्षमता अच्छी है, उसे कोरोना का संक्रमण नही होगा। कोरोना की रोकथाम के लिए विश्व में आज जो भी वैक्सीन बनी है, वह भी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए है। ऐसे समय में भारत की योग-साधना से लोग अपनी प्रतिरोध क्षमता बढ़ा रहें है। भारत का योग अतिरिक्त प्रभावशाली उपचार पद्धति के रूप में प्रतिष्ठित हुआ हैं। योगासन अब एक खेलकूद के रूप में स्थापित हो चुका है। इसकी लोकप्रियता से रोजगार भी प्राप्त हो रहे है। मन और मस्तिष्क दोनों अलग-अलग चीजें हैं। लेकिन योग ही ऐसी विधा है कि मनुष्य का शरीर भी स्वस्थ रहता है, तथा मन भी स्वस्थ रहता है एवं मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। मन को योग ही प्रसन्न रख सकता है। व्यायाम से केवल शरीर स्वस्थ रहता है मन नहीं। आज की व्यस्ततम जीवन शैली में योग प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है।

प्रदेश में गत वर्ष 21 जून, 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसकी थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई थी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश के जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, नगर निगम, ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवरों के किनारे सामूहिक योगासन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लेते हुए सामूहिक योगासन किया। 21 जून, 2026 को प्रदेश के 75 जिलों में सभी ग्राम पंचायत में योग दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश स्तर पर आयुष कवच ऐप पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है और अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस बार और अधिक संख्या में लोगों को योग से जोड़कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग (योगा फॉर हेल्थी ऐजिंग) है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार योग विधा को बढ़ाने के लिए सतत् कार्य कर रही हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्तमान में कुल 225 योग वेलनेस सेंटर संचालित किए जा रहे है। इन वेलनेस सेंटर के माध्यम से जनसामान्य को स्वस्थ बनाए रखने हेतु प्रातः एवं सायं योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चिकित्सालय की अवधि में गैर संचारी रोगों जैसे- मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव आदि से पीड़ित रोगियों का योग एवं प्राकृतिक उपचार के माध्यम से उपचार किया जा रहा है।

योग में प्रशिक्षित शिक्षक योग केन्द्रों के माध्यम से हर वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण देते हुए लोगों को स्वस्थ बना रहे है। देश में योग प्रशिक्षण को विभिन्न देशों तक पहुंचाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से एम योग मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिससे विश्व के लोग लाभान्वित हो रहे है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# खबरें एक नजर में

## बिना आनलाइन खतौनी के शासन की योजनाओं से वंचित हो रहे हैं क्षेत्र के करीब 5 हजार किसानों में नाराजगी

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** किसानों के लिए संचालित सरकार की विभिन्न योजनाएं नगर क्षेत्र के किसानों के लिए सफेद हाथी साबित हो रही हैं। बगैर ऑनलाइन खतौनी के उन्हें कोई भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सीएम योगी के महोबा आगमन पर लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित को देखते हुए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वह चाहे किसान सम्मान निधि हो या फिर खाद बीज फॉर्म रजिस्ट्री आदि जैसी किसी भी योजनाओं का लाभ उनके लिए सफेद हाथी साबित हो रही है। नगर क्षेत्र के किसानों की ऑनलाइन खतौनी के लिए बिगत चार साल से किसान संगठनों, बार एसोसिएशन, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा अनेकों बार प्रार्थना पत्र देकर ऑनलाइन खतौनी उपलब्ध कराने की मांगें की जा रही है, लेकिन अभी तक किसानों को आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। जिससे किसानों में मायूसी के साथ-साथ नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी राधे लाल यादव ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर ऑनलाइन खतौनी प्रक्रिया को संचालित करने की मांग पूर्व में कर चुके है। तहसील कुलपहाड़ में चकबंदी प्रक्रिया सन् 1979 में लागू की गई थी, जिसमें ढेर सारी समस्याएं अभी लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सन् 2022 में धारा 52 का प्रकाशन आनन-फानन में करा दिया। लेकिन कस्बा क्षेत्र के किसानों की खतौनी आज तक ऑनलाइन निर्गत नहीं की जा रही है। जिससे किसानों का ऑनलाइन पंजीयन नहीं हो पा रहा है और न ही फार्मर रजिस्ट्री हो पा रही है। किसानों के पहचान पत्र के अभाव में सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं से किसान लोग वंचित हो रहे हैं। जबकि 8 अप्रैल 2026 से एमएसपी पर गेहूं विक्रय हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। प्रशासन की लापरवाही से खतौनी के अभाव में कुलपहाड़ क्षेत्र के पांच हजार किसान नुकसान झेलने के लिए विवश हैं।

## सफाई कर्मचारियों ने इओ के खिलाफ खोला मोर्चा

**हमीरपुर।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य के समय में संसोधन व मानदेय वृद्धि का भुगतान करने सहित चार सूत्री मांगो को लेकर अम्बेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया।इस दौरान उन्होंने एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद को ज्ञापन सौपा है। उत्तर प्रदेशीय स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष लल्लूराम भारतीय के नेतृत्व में नगर पालिका हमीरपुर के समस्त कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेशीय स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदर्शन किया। उन्होंने दिए ज्ञापन में कहा कि विगत कई वर्षो से समस्त स्थाई, संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी सुबह 06 बजे से 10 बजे तक एवं एक घंटे के लंच के उपरांत 11 बजे से 02 बजे तक आठ घंटे अपनी ड्यूटी का समय निर्वाहन किया है किन्तु नगर पालिका इओ ने उनकी ड्यूटी के समय परिवर्तन कर दिया है जिससे उनको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पूर्ववत समय को बहाल करने, स्थाई सफाई कर्मचारियों को स्पेशल ग्रेड का लाभ प्रदान करने,अप्रैल माह में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का बढ़ा हुआ मानदेय का भुगतान करने,शहर के बड़े नालो को बिना किसी उचित योजना के हथोड़ो से तुड़वाया जा रहा है जो पूरी तरह असंवैधानिक है। इस कार्य को अलग से निविदा ठेके के माध्यम से करवाने की मांग की है। उन्होंने चार सूत्री मांगो को 23 जून तक पूरा करने की मांग की है। मांग पूरी ना होने पर 24 जून से कार्य बहिस्कार कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार बाल्मीक, कमल किशोर, संजीत कुमार भारती, राजीव, अनिल कुमार, राजेश, रज्जन, रामआसरे, बाबादीन, अभिषेक कुमार, शिवम, मीरा, केतकी, इंद्रा देवी सहित अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहें।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**राठ।** कोतवाली के बड़ा गांव में संदिग्ध अवस्था में करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार बड़ा गांव निवासी मुरारी लाल कुशवाहा (46) पुत्र शिव प्रसाद शनिवार की सुबह अपने घर में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उन्हें करंट लग गया और वह अचेत होकर गिर पड़े। परिजन मुरानी लाल को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि मुरारी लाल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। कोतवाल अनूप कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## एनएच-34 को फोरलेन बनाने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

**मौदहा।** जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (कानपुर-सागर मार्ग) पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को भीम आर्मी के पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह को सौंपकर NH-34 को फोरलेन बनाए जाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कानपुर-सागर हाईवे पर चौड़ीकरण और आवश्यक सुविधाओं के अभाव में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मार्ग से कबरई की पत्थर मंडियों से जुड़े भारी वाहन एवं ट्रक बड़ी संख्या में गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लगातार हो रहे हादसों के कारण यह मार्ग क्षेत्र में 'खूनी हाईवे' के नाम से भी चर्चित हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि कबरई से कानपुर-सागर मार्ग तक राष्ट्रीय राजमार्ग-34 का शीघ्र चौड़ीकरण कराया जाए। साथ ही प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर डिवाइडरों का निर्माण तथा पूरे मार्ग पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर संदीप वाल्मीकि ने कहा कि जनहित और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार को इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## बाल्मीकि उपवन के सुंदरीकरण कराए जाने की मांग

**कुरारा।** कस्बे में महर्षि बाल्मीकि उपवन के सुंदरीकरण कराए जाने को लेकर पूर्व चेयरमैन/सांसद प्रतिनिधि माया बाल्मीकि ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने बने बाल्मीकि उपवन के सुंदरीकरण की मांग की है। पूर्व चेयरमैन ने अवगत कराया कि उपवन में महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित है। जिसकी बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त होने के साथ रेलिंग उखड़ गई है। प्रतिमा भी काफी पुरानी है जिससे रंग उड़ गया है। उन्होंने कहा सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग अनुभाग -3 की ओर से शासनादेश नौ अप्रैल को जारी किया गया है। जिसमें व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक विधान सभा में जहां भी महापुरुषों की प्रतिमाएं पार्कों में लगी हैं वहां वहां की बाउंड्री वॉल, रेलिंग, प्रकाश की व्यवस्था आदि कार्य कराए जाएं। इसके लिए सरकार ने अलग से बजट की भी व्यवस्था कर दी है।

# प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



शासन की मंशा है कि आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के क्रम में आज माह जून के तृतीय शनिवार को विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में तहसील बिन्दकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओ से ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत सहायक के माध्यम से आवेदन कराकर हर गरीब पात्र व्यक्ति को योजना से संतृप्त किया जाय। अगले सम्पूर्ण समाधान दिवस कितने नये पात्रों को योजनाओ से अच्छादित की रिपोर्ट से अवगत कराये, कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होंने राजस्व लेखपालों को निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम सचिवालय में बैठे एवं गॉव स्तर की समस्याओ का निस्तारण भी वही करे। ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्बंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी अवश्य प्रतिभाग करे एवं नायब तहसीलदार भी जाये।फॅार्मर रजिस्ट्रीकरण के कार्य में तेजी लाये के लिए जिन कृषको का अंश निर्धारण व अन्य कार्यवाही शेष रह गयी का सम्बंधित राजस्व लेखपाल पूर्ण करते हुए कैम्प लगाकर फॅार्मर रजिस्ट्रीकरण से छूटे कृषको का शत-प्रतिशत फॅार्मर रजिस्ट्रीकरण कराये। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान के तहत लक्ष्य के सापेक्ष स्कूलों में नामांकन कराया जाए। यह विशेष ध्यान रखें कि कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट न रहे। उन्होंने कहा कि वादों ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी में जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी ली और आवेदन भी किया। आज के समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप, राजस्व आदि विभागों से संबंधित कुल 217- शिकायतकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 32-का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर उप जिलाधिकारी बिन्दकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा, उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी, एलडीएम, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी, ईओ, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दर्द से राहत दिलाएगी स्पाइन एमटी कोर मशीन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** हनुमंत स्पाइन ऑर्थो क्लिनिक में पहली उन्नति तकनीक आधारित स्पाइन एमिटी कोर मशीन लगी है। जो एक उन्नत पुनर्वास एवं चिकित्सीय उपकरण है जिसका उद्देश्य चिकित्सकों एवं मरीजों को रीढ संबंधी समस्याओं का निर्धारण करना है। मशीन की सहायता से कमर दर्द, स्पाइनल विकार, नस दबने, गर्दन दर्द एवं रीढ़ संबंधी समस्याओं का उपचार बिना ऑपरेशन के किया जा सकता है। हनुमंत स्पाइन के निदेशक डॉक्टर आशुतोष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट फीडबैक सेंसर रियल टाइम मानवीय न्यूरोन प्रतिक्रिया से तेज है।



## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पनवाड़ी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक पवन गौड़ मय हमराह उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, कान्स्टेबल राममिलन सिंह व कान्स्टेबल शीलेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 नफर अभियुक्त गजराज उर्फ गज्जू पुत्र खलक सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाड जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये कस्बा पनवाडी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 78/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## जन औषधि केंद्र में प्राइवेट दवाइयों की बिक्री, सीएचसी में तैनात डॉक्टर की भूमिका संदिग्ध

- पूर्व में चिकित्सा अधीक्षक भी दे चुके है एफआईआर कराने के आदेश



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** कदौरा कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एक बार भी चर्चा में है। सीएचसी परिसर में मौजूद जन औषधि केंद्र में इस समय तीमारदारों की जेबें हल्की हो रही है। सीएचसी में तैनात एक डॉक्टर जन औषधि केंद्र में अस्पताल की सरकारी दवाइयों को रखवा कर बिकवा रहा है। आने वाले मरीजों के ऊपर दवाई लेने का दबाव बना रहा हैं। जिस कारण क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि शासन के निर्देश पर जन औषधि केंद्र में सिर्फ जन औषधि की दवाइयों को रखा जाने का प्रावधान है। लेकिन सीएचसी में तैनात एक डॉक्टर की मिलीभगत से सरकारी दवाइयों के साथ साथ प्राइवेट दवाइयों बिक्री की जा रही है। कई बार केंद्र संचालक और तीमारदारों के बीच विवाद भी हो चुका है। क्षेत्र के राममिलन, खुशीराम, प्रमिला देवी, राकेश आदि ने बताया कि हम लोग अपने मरीज को दिखाने कदौरा सीएचसी में आए थे, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टर देवेश ने परचा बनाकर जन औषधि केंद्र से दवाई लाने का फरमान सुना दिया। हम लोग जब केंद्र पर पहुंचे तो वहां पर केंद्र संचालन ने निःशुल्क मिलने वाली सरकारी दवाइयों को दिया साथ ही कई दवाइयां प्राइवेट थी, विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो गया।
डॉक्टर से शिकायत की तो वह भी बदसलूकी पर उतारू हो गया। तीमारदारों ने कहा कि अगर निशुल्क मिलने वाली दवाइयां बाहर पैसे की मिलेगी तो हम लोग सीएचसी में क्यों दिखाएंगे।

# सपा ने महंगाई, बेरोजगारी व समस्याओं पर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों सपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। घरेलू उपयोग की वस्तुओं के दाम आम जनता की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं, जबकि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं। नेताओं ने कहा कि धर्म और जाति की राजनीति के जरिए जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में जाति और धर्म के आधार पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है, जिससे समाज में भय और असंतोष का माहौल बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर के नाम पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सांप्रदायिक और जातीय उन्माद को बढ़ावा दे रही है। सपा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर तत्काल रोक लगाने, खाद, उर्वरक और बीजों के बढ़े दामों पर नियंत्रण करने तथा खरीफ सीजन से पहले किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा बिजली दरों में की गई वृद्धि वापस लेने, प्रस्तावित बढ़ोतरी रोकने और किसानों को कम से कम 20 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से आयोजित कराने, निरस्त परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को यात्रा एवं आवास भत्ता देने, मर्जर के नाम पर बंद किए गए विद्यालयों को पुनः संचालित करने तथा पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में कथित गड़बड़ियों की जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की गई।



## आज जनपद में आयेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री



- डीएम व एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा, सम्बन्धित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने 21 जून 2026 को मुख्यमंत्री के जनपद आगमन की तैयारी के संबंध में निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गोरखगिरी पर्वत एवं शिव तांडव मंदिर तथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल ,छाया, टेंट, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, वेरिफिकेशन एवं आदि व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने एवं पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित क्षेत्राधिकार एवं पुलिस अधिकारियों को दिए।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में चलाया गया जागरूकता अभियान

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



## कीरतपुर मार्ग की जर्जर सड़क मामले में प्रशासन हुआ सक्रिय, डीएम ने गठित कर मौके पर तीन सदस्यीय जांच टीम भेज मांगी रिपोर्ट

- सड़क की दुर्दशा पर प्रशासन गंभीर, समाधान दिवस में शिकायत के बाद जांच के आदेश
- प्रधान पवनदीप निषाद की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, जर्जर सड़क मामले में अधिकारियों से मांगी गई आख्या

**समृद्धि न्यूज़, कालपी (जालौन)।** ग्राम पंचायत कीरतपुर के प्रधान पवनदीप निषाद द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में कालपी-मंगरोल संपर्क मार्ग की जर्जर एवं गड्ढायुक्त स्थिति को लेकर दिए गए शिकायती पत्र पर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है। शिकायत में सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों तथा राहगीरों को हो रही गंभीर परेशानियों और दुर्घटना की आशंका को प्रमुखता से उठाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया। साथ ही संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को मौके पर भेजकर शिकायत का सत्यापन कराने तथा विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में बताया गया था कि कालपी-मंगरोल संपर्क मार्ग से कीरतपुर को जोड़ने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विशेष रूप से गांव के तालाब के निकट सड़क की स्थिति अत्यंत खराब बताई गई है, जहां कई स्कूली बच्चे चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रधान पवनदीप निषाद ने शिकायत पत्र में सड़क के पुनर्निर्माण, विभागीय लापरवाही की जांच, स्वीकृत बजट और कार्ययोजना की जानकारी तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सड़क की खराब स्थिति के कारण कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित जांच टीम अब मौके पर पहुंचकर सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अभिलेखों की जांच कर अपनी रिपोर्ट डीएम राजेश कुमार पाण्डेय को सौंपेगी। प्रशासनिक कार्रवाई से क्षेत्र के ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि वर्षों पुरानी समस्या का जल्द समाधान होगा और सड़क के पुनर्निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।
ग्रामीणों ने जिलाधिकारी द्वारा त्वरित संज्ञान लेने और जांच के आदेश जारी करने का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती

- 145 शिकायतों में 28 का मौके पर निस्तारण



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** तहसील कालपी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। समाधान दिवस में कुल 145 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 28 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता केवल शिकायतों का निस्तारण नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय दिलाना है। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, चकरोड, विरासत, अंश निर्धारण एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त सात संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करते हुए नौ अधिकारियों की संयुक्त टीमों को मौके पर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में केवल औपचारिक रिपोर्ट प्रस्तुत न की जाए, बल्कि वास्तविक स्थिति का परीक्षण कर प्रभावी समाधान कराया जाए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मदपुर निवासी लक्ष्मी देवी की मौजा बारा में विरासत दर्ज किए जाने संबंधी शिकायत, सोहरनपुर निवासी सुरेंद्र कुमार की खतौनी में नाम दर्ज किए जाने की शिकायत, आटा निवासी मलखान एवं चिरौरा निवासी किशना देवी के अंश संशोधन संबंधी प्रकरण, उदनपुर निवासी सुरजी की अंश निर्धारण एवं नाम दर्ज करने की शिकायत तथा परशन निवासी रामगोपाल की खतौनी में हिस्सेदारी दर्ज किए जाने संबंधी शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई। वहीं अहमदपुर दिवारा के गाटा संख्या 8/8 के अंश निर्धारण संबंधी शिकायत पर भी तत्काल कार्रवाई कर समाधान कराया गया। कार्यवाही के दौरान मिर्जामंडी निवासी सर्वेश कुमार गुप्ता द्वारा सरकारी भूमि एवं नाले पर अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर उप जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## शिक्षा चौपाल में बच्चों की बुनियादी शिक्षा व नामांकन वृद्धि पर दिया जोर

**कदौरा (जालौन)।** शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा हैं। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कदौरा में खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इफ्तिखार अफरीदी, कार्यक्रम का संचालन प्रदीप चौहान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर के की। शिक्षा चौपाल में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी शिक्षा और नामांकन वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अमानुल्लाह, अखिलेश अवस्थी ने भी अपने अनुभव साझा कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए जोर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परमानंद, शिवेंद्र और राकेश कुमार ने अपने विचार रखे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शिवाय मिश्रा (Shivay Mishra) का नाम बदलकर निश्छल ओम (Nischhal Aum) रख लिया है। इस लिए मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज शिवाय मिश्रा के स्थान पर परिवर्तित नाम निश्छल ओम (Nischhal Aum) दर्ज किया जाए और भविष्य में निश्छल ओम (Nischhal Aum) नाम से ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए।

प्रज्ञा मिश्रा
पत्नी देवेंद्र नाथ मिश्रा
निवासी-6ए/114, वृंदावन योजना
रायबरेली रोड, लखनऊ।

# सीएससी केन्द्रों पर मनाया गया पीएम किसान उत्सव दिवस

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारत सरकार एवं सीएससी एसपीवी के निर्देशानुसार शनिवार को रामसनेहीघाट क्षेत्र सहित जनपद बाराबंकी के लगभग सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर पीएम किसान उत्सव दिवस का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान सीएससी केंद्रों पर एकत्र हुए और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी होने के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सीएससी केंद्रों पर एलईडी स्क्रीन एवं अन्य माध्यमों से प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसे किसानों ने बड़ी रुचि के साथ देखा और कृषि क्षेत्र के विकास तथा किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत बड़ी संख्या में किसानों ने अपने बैंक खातों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की प्राप्त राशि का डीजीपे वेब के माध्यम से सुरक्षित एवं त्वरित लेनदेन किया। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हुई तथा किसानों को बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस अवसर पर सीएससी के जिला समन्वयक शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं रामसरन मौर्य ने विभिन्न सीएससी केंद्रों का भ्रमण कर कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने किसानों को डिजिटल भुगतान एवं ऑनलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक करते हुए डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, सीएससी संचालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन से किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और डिजिटल सेवाओं के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।

▸ किसानों ने देखी निधि की किस्त जारी होने की लाइव प्रक्रिया



## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक बुजुर्ग के परिजनों से की मुलाकात

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मृतक बुजुर्ग के घर पहुंचे, जहां उन्होंने कोतवाली क्षेत्र अमेठी के दलशाहपुर गांव जाकर जमीनी विवाद में मारे गए बुजुर्ग रामफली पाल के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक के पुत्र सुनील पाल, उनकी पत्नी, घायल बहू, बच्चों और अन्य परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। परिजनों ने उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया और न्याय की मांग की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि बीते बुधवार की रात दलशाहपुर गांव निवासी रामफली पाल और उनके परिवार पर जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया था जिसमें रामफली पाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## पत्रकारिता में परास्नातक कर नाम किया रोशन



▸ सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों में उनकी विशेष रुचि रही है

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम भैरमपुर निवासी राज नारायण के पुत्र विजय लोधी ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में परास्नातक उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह सफलता प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है । उन्होंने यह डिग्री लखनऊ विश्वविद्यालय से हासिल की है उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों और क्षेत्र वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विजय लोधी ने अपनी उच्च शिक्षा के दौरान पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन किया। सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों में उनकी विशेष रुचि रही है। उनका मानना है कि मीडिया समाज और आमजन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। तथा निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। शिक्षा के प्रति संकल्पऔर निरंतर प्रयासों की बल पर प्राप्त इस सफलता को विजय अपनी आगामी जिम्मेदारियो की शुरुआत मानते हैं। उन्होंने कहा है कि वह पत्रकारिता के माध्यम से समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज को प्रमुखता देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक कृपा शंकर मिश्रा (बड़े बाबू), प्रधानाचार्य पशुपति नाथ पांडे, डॉ विपिन कुमार यादव , रामसमुझ लोधी श्रेया त्रिवेदी श्रद्धा श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षकों, सहयोगियों और शुभचिंतकों ने विजय लोधी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अयोध्या ड्यूटी से लौट रहे दरोगा की जानवर से टकराकर मौत



**सिद्धौर,बाराबंकी।** अयोध्या में वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे असंद्रा थाना मे तैनात एक पुलिसकर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही साथी पुलिसकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार अंबेडकरनगर जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र के अटवाई गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा की तैनाती असंद्रा थाने में थी। वर्तमान में वह अयोध्या में वीआईपी ड्यूटी पर थे।वहां से लौटते समय कुमारगंज के बाईपारा गांव के पास उनकी बाइक अचानक सड़क पर आये जानवर से टकरा गई जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही असंद्रा थाने में तैनात पुलिसकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई उनके सरल स्वभाव की चर्चा कर रहा है।

# सेवा-समर्पण कार्यक्रम संग मनाया राहुल का जन्मदिन

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं अमेठी से आत्मीय संबंध रखने वाले नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र गौरीगंज में सड़क पर राहगीरों, श्रमिकों एवं आमजन को शरबत वितरित किया। कार्य,,म का उद्देश्य राहुल जी के जन्मदिन को सेवा, संवेदना और जनकल्याण के रूप में मनाना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गांधी परिवार और अमेठी का रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर आयोजित सेवा कार्य उनके जनसेवा के विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास हैं। कार्यक्रम में मुन्ना त्रिसुंडी, शोभनाथ यादव, राजकरन तिवारी, अशोक शुक्ला, माता प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ तिवारी, मनीषा चौहान अध्यक्ष न.पा.जायस, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, केवल प्रसाद शुक्ला, देवेंद्र सिंह गप्पू, सुरेश श्रीवास्तव, मो.मतीन, दरन पाण्डेय, गीता सिंह, डॉ नरेंद्र मिश्र, राजीव लोचन, अरविन्द चतुर्वेदी, अनुराग सिंह, धर्मराज बहेलिया, रामबरन कश्यप, त्रिभुवन भारती, किरन देवी, अशोक दुबे, सबीना, राजू पंडित, वीरेंद्र सिंह राजा, जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी, इंद्रपाल प्रभाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट, पति समेत सात पर केस

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर विवाहिता के उत्पीड़न का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के राघोपुर गांव की एक विवाहिता ने पति सहित सात ससुरालीजनों पर दहेज की मांग, मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना तथा मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। राघोपुर निवासी प्रियांशी पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 25 नवंबर 2025 को लखनऊ के गुडम्बा निवासी संदीप कुमार मिश्र के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता के अनुसार पति संदीप कुमार मिश्र, ससुर प्रदीप कुमार मिश्र, देवर राघव (लल्लू) मिश्र, जेठ शिवशंकर मिश्र, जेठानी शिल्पी, ननद शिवानी तथा सीमा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार दबाव बनाते थे। आरोप है कि पहले उसके पिता से दो लाख रुपये मांगे गए थे, जिसे 15 मार्च 2026 को दे दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने डिजायर कार की मांग शुरू कर दी। विवाहिता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि गर्भावस्था के दौरान उसे ऐसी दवा दी गई, जिससे गर्भपात हो गया।

# ई-पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं व स्टांप विक्रेताओं का धरना जारी

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



प्रस्तावित ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में तहसील रामसनेहीघाट में अधिवक्ताओं, स्टांप विक्रेताओं एवं दस्तावेज लेखकों का शांतिपूर्ण धरना शनिवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से वर्षों से पंजीयन कार्य से जुड़े हजारों लोगों के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। धरने में शामिल अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने कहा कि वर्तमान पंजीयन व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यदि पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन अथवा निजी एजेंसियों के माध्यम से संचालित किया गया तो स्टांप विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों और अधिवक्ताओं की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले संबंधित वर्गों के हितों और रोजगार सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। धरनास्थल पर वक्ताओं ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और इसका उद्देश्य सरकार तक अपनी समस्याओं को पहुंचाना है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।धरने में दस्तावेज लेखक ओमप्रकाश श्रीवास्तव, पुष्पराज यादव, मिथिलेश वर्मा, छंगालाल रावत तथा स्टांप विक्रेता लेखराज यादव, निर्मल विश्वकर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र वर्मा, राकेश यादव और जयप्रकाश सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से ई-पंजीकरण व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए पुरानी व्यवस्था को बहाल रखने तथा इससे जुड़े लोगों के रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### विकास की नई गाथा लिख रहा महराजगंज नगर पंचायत



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत महराजगंज विकास की दौड़ मे इस समय सबसे आगे है और लगातार टी 20 की तरह अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू छक्के और चौके लगा रहे हैं तो वहीं विरोधी केवल सीमा रेखा पर ही नजर आ रहे हैं ।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा नगर पंचायत के तीन वार्डों में आर्य नगर सहित दो अन्य वार्डों में चार इंटरलॉकिंग सीसी रोडो का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा लगातार नगर पंचायत महराजगंज में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है सीसी रोड इंटरलॉकिंग फीजर टीटीएसपी समरसेबल बोर लगातार विकास कार्य जारी है इस मौके पर सभासद जमुना पासवान सभासद धर्मेंद्र वर्मा सूर्य प्रकाश वर्मा विजय धीमान विनीत वैश्य नूरुल हसन हलीम सहित नगर वासी मौजूद रहे।

### अनुपस्थित बेलदार को नोटिस जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता मनीष रंजन ने बताया कि जिले में शारदा सहायक खण्ड-41 के अन्तर्गत बेलदार पद पर कार्यरत शिव बहादुर निवासी ग्राम-महापुर, पोस्ट-लालपुर ढविया जामों, जनपद-अमेठी जो कि बीते दिनॉक 8 अप्रैल से कार्यालय में लगातार अनुपस्थित चल रहे है। इस क्रम में अधिशासी अभियंता ने सम्बन्धित कार्मिक को निर्देशित किया है कि कार्यालय में तुरन्त उपस्थित होकर राजकीय कार्य करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी सेवक आचरण नियमावली-1956 के नियम-3 (1) व (2) के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### पेड़ से टकराया अनियंत्रित ट्रक, चालक घायल

**अमेठी ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मुंशीगंज के अंतर्गत शनिवार भोर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुलतानपुर की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। जिससे ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना जामों-भादर चौराहे से करीब हुई। हादसे में चालक साकिब अली पुत्र इमरान निवासी उचौलिया, जनपद लखीमपुर खीरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेटुआ पहुंचाया। वहां मौजूद अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा ने प्राथमिक उपचार करने के बाद चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सुलतानपुर रेफर कर दिया। परतोष चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने बताया कि हादसे के बाद यातायात सामान्य रहा। शुरुआती जांच में चालक को झपकी आने की वजह से दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तहसील में गिरा छत का प्लास्टर, कई फरियादी घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी तहसील परिसर में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तहसील स्थित लेखपाल कक्ष के बरामदे की छत का बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आने से मां-बेटी समेत तीन फरियादी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ। उस समय लेखपाल कक्ष के बरामदे में कुछ फरियादी मौजूद थे। हादसे में शिवानी पत्नी श्याम बहादुर पाल निवासी पूरे बालदू सिंह, विकास खंड भेंटुआ, उनकी दो वर्षीय पुत्री अव्यांशी के अलावा अंबा सिंह निवासी बड़गांव घायल हो गए। इनमें शिवानी को अधिक चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को तहसील समाधान दिवस होने के कारण अधिकतर फरियादी और अधिवक्ता समाधान दिवस कक्ष में मौजूद थे।

## बिजली संकट को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को नगर पंचायत मुसाफिरखाना के व्यापारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में हो रही भीषण बिजली कटौती और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि मुसाफिरखाना कस्बे में कई दिनों से लगातार बिजली कटौती की जा रही है। 24 घंटे में मात्र 7 से 8 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने पर ट्रांसफार्मर खराब होने की बात कही जाती है, जबकि कई ट्रांसफार्मर लंबे समय से खराब पड़े हैं और उन्हें समय पर बदला नहीं जा रहा है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बिल नहीं निकालते, बल्कि मोबाइल नंबर पर बिल भेज देते हैं। इसके अलावा बिना पूर्व सूचना के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर मीटर जांच और लाइन काटने की कार्रवाई की जाती है, जिससे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कराया जाए, खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए तथा विभागीय कर्मचारियों को मनमानी करने से रोका जाए। उन्होंने कहा कि बिजली संकट के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन पर नगर पंचायत मुसाफिरखाना के कई व्यापारियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर सख्त दिखीं डीएम

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई के समय एक महिला द्वारा लेखपाल पर कब्जा दिलाने के नाम पर रुपए लेने का मामला तूल पकड़ लिया महिला ने क्षेत्रीय लेखपाल को खरी खोटी सुनाई पैसे वापस मांगे जिलाधिकारी के समक्ष उसने लेखपाल को 40000 दिए जाने की बात कही जिस पर जिलाधिकारी सख्त दिखी लेखपाल को फटकार लगाते हुए मामले की जांच कराकर महिला को न्याय दिलाने की बात कही। तहसील दिवस में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मात्र 7 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। जिलाधिकारी सरनजीत कौर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने डलमऊ तहसील में शनिवार को समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी सुबह से ही बड़ी संख्या में फरियादी तपती हुई धूप में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे लंबी कतारों में लग रहे मेलखा साहब की अमृता देवी ने जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर क्षेत्रीय लेखपाल पर 40000 घूस लेने का आरोप लगाया है जिलाधिकारी के समक्ष बताया कि उसने मकान बनाने के लिए बैनामा लिया था क्षेत्रीय लेखपाल से कब्जा दिलाने की बात कही तो उसने रुपए की मांग की चालीस हजार दे दिए 10 माह बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं मिला जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए लेखपाल सतीश को फटकार लगाई और अधिकारियों को मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए तहसील क्षेत्र के सराय लखनी से आए विकलांग दिनेश कुमार को जिलाधिकारी के निर्देश पर अंत्योदय राशन कार्ड जारी किया गया। जनसुनवाई का समय पूरा होने के बाद जैसे ही जिलाधिकारी कमरे से बाहर निकली बड़ी संख्या में फरियादी लाइन में लगे रहे डीएम के निकलते ही फरियादियों ने अपनी समस्या को बताने के लिए घेर लिया और अपने-अपने प्रार्थना पत्र देने लगे इस दौरान अफरा तफरी भी मच गई बड़ी संख्या में फरियादी जनसुनवाई में अपनी व्यथा नहीं सुना पाए।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला लोधपुरवा में शनिवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लोधपुरवा निवासी मोहन अपने पुत्र के साथ बारात में गए हुए थे जबकि उनकी पत्नी खेत में भिंडी तोड़ने गई थीं। इसी दौरान सुबह करीब छह बजे उनकी पुत्री प्रिंकी 17 वर्ष ने घर की छत पर बने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।वही मोहल्ले मे भी इस दुखद घटना को लेकर शोक और सनसनी का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# ग्राम शेखनपुर में बिना दहेज संपन्न हुई आदर्श शादी

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



दहेज जैसी सामाजिक कुप्रथा के दौर में बाराबंकी जिले के दो परिवारों ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। तहसील फतेहपुर के ग्राम शेखनपुर, पोस्ट मदनपुर निवासी रेखा (अनुपम) का विवाह बाराबंकी शहर निवासी अरुण कुमार के साथ बिना किसी दहेज के सादगीपूर्ण एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। अरुण कुमार ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, बाराबंकी से प्राप्त की तथा वर्तमान में एकलव्य इंटर कॉलेज, में प्रवक्ता (स्न्र्ष्ल्ल्ह्रद्धद्ध्र्ह्र) के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों के प्रति उनकी सकारात्मक सोच इस विवाह में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह प्रेम विवाह नहीं, बल्कि दोनों परिवारों की सहमति से संपन्न एक आदर्श अरेंज मैरिज थी। विवाह से पूर्व दोनों ने एक-दूसरे को समझा और पसंद किया, जिसके बाद परिवारों ने इस रिश्ते को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

इस विवाह को संपन्न कराने में युवती के चाचा मोहित राजधान, जो पेशे से आर्किटेक्ट हैं, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि जब परंपरा के अनुसार वर पक्ष से दहेज को लेकर उनकी अपेक्षा पूछी गई, तब अरुण कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार का दहेज नहीं चाहिए और वे दहेज प्रथा के कट्टर विरोधी हैं। इसके बाद दोनों परिवारों ने बिना किसी लेन-देन के आपसी सम्मान, विश्वास और पारिवारिक संस्कारों के साथ विवाह संपन्न कराया। परिजनों का कहना है कि विवाह का आधार केवल आपसी प्रेम, विश्वास, सम्मान और संस्कार होने चाहिए, न कि दहेज। उनका मानना है कि यदि समाज के अधिक परिवार ऐसी सोच अपनाएं, तो दहेज जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन संभव है। यह विवाह समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि बिना दहेज के भी सम्मानपूर्वक, गरिमापूर्ण और सुखद वैवाहिक जीवन की शुरुआत की जा सकती है। दोनों परिवारों की यह पहल दहेज-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे प्रेरक प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को दहेज-मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे।

# चेन चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार, 35 हजार व चेन बरामद



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

बिसवां पुलिस ने अस्पताल में महिलाओं की चेन चोरी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रूबी पत्नी स्वर्गीय रामू भार्गव, निवासी अहमदपुर थाना मानपुर, के कब्जे से एक पीली धातु की चेन और 35 हजार नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने करीब 10-12 दिन पहले बिसवां सरकारी अस्पताल में भीड़ का फायदा उठाकर दो महिलाओं की चेन चोरी की थी। एक चेन बरामद कर ली गई है, जबकि दूसरी चेन बेच दी गई थी। बिक्री से प्राप्त शेष 35 हजार नकद पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। मामले में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए पुलिस ने अभियुक्ता को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD TAHIR S/O GAFFAR AHMAD था जो कि दिनांक 01/06/2026 को मैने अपना नाम बदलकर MOHD TAHIR S/O GAFFAR AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला खत्रीपुरा थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच यूपी।

## सूचना

मैं शपथी गिरजा शंकर मिश्रा पुत्र श्यानंतर माणि मिश्रा निवासी 49 तारी परसोहिया, गिलौली, गोण्डा का हूँ शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि शपथी के पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जिसमें युग मिश्रा लिखा हुआ है जो कि त्रुटिपूर्ण है जबकि हमारे पुत्र का सही नाम कृतार्थ मिश्रा है।
यह कि शपथी के पुत्र का सही नाम कृतार्थ मिश्रा जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज हो सके इसलिए शपथ, पत्र प्रदत्त कर रहा हूँ मेरे पुत्र के ही दोनों नाम युग मिश्रा एवं कृतार्थ मिश्रा है तथा भविष्य में इन्हें दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए।

# डीएम-एसपी ने डलमऊ कैनाल पम्प हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज डलमऊ पम्प कैनाल के अन्तर्गत स्थित पम्प हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पम्पों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया, जहां मौके पर 10 पम्प संचालित पाए गए। जिलाधिकारी ने पम्पों की कार्यक्षमता एवं संचालन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतर सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय से एवं पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्तमान मौसम एवं कृषि कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी स्थिति में सिंचाई व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि डलमऊ पम्प कैनाल के माध्यम से किसानों के खेतों तक शीघ्र पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन का भी निरीक्षण किया तथा उसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय परिसरों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव भी महत्वपूर्ण है, इससे कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पम्प हाउस का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या समस्या को तत्काल दूर किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जल वितरण प्रणाली पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे, जिससे सभी किसानों को समान रूप से लाभ मिल सके। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता सिंचाई सुशील यादव, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड शहनवाज, तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह सिद्दीकी सहित सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिना आदेश प्राइवेट कर्मचारी के खाते में पहुंची सरकारी धनराशि

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत वजीरपुर में तैनात सचिव नौशाद अली पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूत्रों एवं ग्रामीणों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें व 5वें वित्त आयोग की धनराशि से नियमों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से भुगतान किए गए हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान के करीबी बताए जा रहे व्यक्तियों के नाम पर मजदूरी मद में लाखों रुपये का भुगतान दर्शाया गया, जबकि कई कार्यों की वास्तविकता और मजदूरों की संख्या को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि सचिव नौशाद अली द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के एक प्राइवेट कर्मचारी सचिव कुमार के खाते में भुगतान किया गया, जो नियमों के विपरीत माना जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर विकास कार्यों की आड़ में वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम दिया गया है, जिससे शासन और प्रशासन को आर्थिक नुकसान पहुंचने की आशंका है। मामले को लेकर गांव में चर्चा तेज है और निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या विकासखंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी पूरे प्रकरण की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे या फिर मामला केवल नोटिस और कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा। क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी हरगांव से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था और मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं, 19 का किया निस्तारण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जनता की फरियादें सुनीं। विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 199 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं से किसी पात्र व्यक्ति के वंचित न रहने के भी निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनने और उनका समयबद्ध निस्तारण करने का आदेश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का एक सप्ताह में अनिवार्य निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता पर उच्च गुणवत्ता से निपटाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जल निगम द्वारा फर्जी अथवा बिना वास्तविक समाधान के शिकायतों के निस्तारण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। कहा कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण सत्यापन के उपरांत ही किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए छिबरामऊ, तालग्राम एवं विशुनगढ़ क्षेत्रों में कुल 03 राजस्व टीमों को रवाना किया गया, ताकि लंबित प्रकरणों का मौके पर जाकर शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं विद्यालयों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## देशी शराब ठेके पर चोरी का प्रयास, चोरों ने तोड़े सीसीटीवी कैमरे



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के हाथिन गांव स्थित देशी शराब के ठेके पर अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरी में सफल न होने पर बदमाशों ने ठेके की निगरानी के लिए लगाए गए दोनों सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ठेके के सेल्समैन राजवीर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब चार बजे कुछ अज्ञात लोग ठेके पर पहुंचे थे। उनका उद्देश्य चोरी करना था, लेकिन लोगों की आवाजाही के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के उद्देश्य से ठेके पर लगे दोनों सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। घटना की जानकारी सुबह करीब आठ बजे हुई, जब कैंटीन संचालक सुग्रीव सफाई करने के लिए ठेके पर पहुंचे। उन्होंने कैमरे टूटे देख तुरंत संचालक प्रियंका सिंह को सूचना दी। इसके बाद कसावा चौकी पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की और आसपास के प्रतिष्ठानों व मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। सेल्समैन के अनुसार पिछले एक वर्ष में यह दूसरी घटना है, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। कसावा चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य ने बताया कि ठेके से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। केवल सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त मिले हैं। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## यूपीआई धोखाधड़ी में व्यापारी के खाते से उड़े 1.85 लाख रुपये

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की नवीन मंडी में सौरभ ट्रेडिंग कंपनी चलाने वाले व्यापारी गौरव दुबे का बैंक खाता यूपीआई धोखाधड़ी का शिकार बन गया। मात्र दो दिनों के अंदर उनके खाते से कुल 1.85 लाख रुपये निकाल लिए गए। गौरव दुबे ने बताया कि 20 जून को बैंक पहुंचकर पासबुक चेक कराने पर पता चला कि 14 जून को 1 लाख रुपये और 16 जून को 85 हजार रुपये यूपीआई के जरिए उनके खाते से ट्रांसफर कर दिए गए। इसकी जानकारी मिलते ही वह सकते में आ गए। उन्होंने तुरंत बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक अजीत गौतम को सूचित किया और लिखित शिकायत सौंपी। साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। गौरव दुबे ने रकम वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बैंक प्रबंधक अजीत गौतम ने बताया कि शिकायत मिलते ही मामले को बैंक के फ्रॉड विभाग को भेज दिया गया है।

# मुख्य तिराहा से हटाए गए 19 पथ विक्रेता फर्रूखाबाद रोड वेंडिंग जोन-3 में दी गई जगह

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर नगर के मुख्य तिराहा के आस-पास नो वेंडिंग जोन में खड़े पथ विक्रेताओं को प्रतिस्थापित किया गया। पालिका टीम ने सभी पथ विक्रेताओं को फर्रूखाबाद रोड स्थित वेंडिंग जोन संख्या-3 में स्थान उपलब्ध कराया।

ईओ अनिल पंडित ने दी चेतावनी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार बताया कि स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट के अनुपालन हेतु प्रतिबद्ध है। सभी पथ विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वह वेंडिंग जोन में ही अपनी ठेली/रेहड़ी लगाएं। तिराहा-चौराहा पर नो वेंडिंग जोन में यदि किसी भी व्यक्ति की ठेली/रेहड़ी पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नियमित रूप से नो वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में प्रतिस्थापित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कस्बे में तिराहे पर जान की स्थिति को ठीक करने में सहायक होगा अगला अभियान सोमवार को ऑटो और ई-रिक्शा को किराए से पार्किंग स्थल पर शिफ्ट करने के लिए चलाया जाएगा। इन पथ विक्रेताओं को मिली जगह प्रतिस्थापित किए गए पथ विक्रेताओं में शून, मझले, इमरान, लालू, गुड्डू, सुरेश, इकबाल, भूरा सहित कुल 19 पथ विक्रेता शामिल हैं। इस दौरान आकाश कुमार सक्सेना, अशोक कुमार, राजन बाबू, सुधांसू सक्सेना मनोज तिवारी गौरव मिश्रा राजेश वर्मा आरपी सिंह जनार्दन मिश्रा आदि पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने सतौरा में छापेमारी कर 28 हजार की एक्सपायर खाद्य सामग्री की नष्ट




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को कन्नौज तहसील के ग्राम सतौरा में एक किराना स्टोर पर छापेमारी कर 28,655 रुपये मूल्य की एक्सपायर खाद्य सामग्री और कोल्ड ड्रिंक जब्त कर नष्ट कर दी। कार्रवाई से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा उमेश प्रताप के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू ने टीम के साथ पंकज किराना स्टोर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान करीब 26 किलोग्राम नमकीन, सब्जी मसाला, विभिन्न ब्रांड के एक्सपायरी डेट वाले बिस्किट तथा कोल्ड ड्रिंक बिक्री के लिए रखी मिलीं। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी सामग्री को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों के भंडारण संबंधी अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में भी कमियां मिलीं। टीम ने दुकान संचालक को आवश्यक सुधार तत्काल कराने के निर्देश दिए। भाई वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की एक्सपायर खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई चलती रहेगी।

# अवैध कब्जे की शिकायत करने वाली महिला पर ही दर्ज हुआ मुकदमा

- अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास कब्जे का आरोप
- कार्रवाई की मांग लेकर तहसील दिवस पहुंची पीड़िता,चौकी पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के तिखवा गांव की निवासी सोनी गौतम ने तहसील दिवस में पहुंचकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में अंबेडकर प्रतिमा के पास हो रहे कथित अवैध कब्जे की शिकायत करने पर पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उनके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया।

पीड़िता ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव निवासी समर सिंह द्वारा सार्वजनिक स्थल पर कब्जा किए जाने की शिकायत उन्होंने मानीमऊ चौकी पुलिस से की थी। उनका आरोप है कि शिकायत के बाद कब्जा हटवाने या मामले की जांच करने के बजाय उन्हें ही मुकदमे में नामजद कर दिया गया।

सोनी गौतम ने मानीमऊ चौकी प्रभारी करणवीर सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है और लगातार परेशान किया जा रहा है। तहसील दिवस में अधिकारियों के सामने उन्होंने कहा, ÷शिकायत करने की सजा आखिर मुझे क्यों दी जा रही है? महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और अपने ऊपर दर्ज मुकदमे को निरस्त किए जाने की मांग की। अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चुनाव से पहले भाजपा में गुटबाजी खुलकर आई सामने, सोशल मीडिया पर भिड़े दो खेमे

- असीम अरुण और सुब्रत पाठक समर्थकों के बीच बढ़ी तल्खी
- मंत्री समर्थकों ने उनके विकास कार्यों और जनसंपर्क का हवाला देकर समर्थन जताया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की अंदरूनी खींचतान अब सोशल मीडिया पर खुलकर दिखाई देने लगी है। पार्टी के दो प्रमुख खेमों के समर्थकों के बीच चल रही बयानबाजी ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। एक ओर समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण के समर्थक सक्रिय हैं, तो दूसरी ओर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के समर्थक मोर्चा संभाले हुए हैं। दोनों पक्षों के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। बढ़ते विवाद के बीच राज्य मंत्री असीम अरुण ने फेसबुक पोस्ट के जरिए कार्यकर्ताओं से पार्टी और कमल के चुनाव चिह्न को सर्वोपरि रखने की अपील की। राजनीतिक हलकों में इसे संगठनात्मक एकता बनाए रखने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि पोस्ट पर आई प्रतिक्रियाओं में कुछ कार्यकर्ताओं ने पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और दूसरे दलों से आए नेताओं को प्राथमिकता देने के आरोप लगाए। वहीं मंत्री समर्थकों ने उनके विकास कार्यों और जनसंपर्क का हवाला देकर समर्थन जताया।

इधर विधानसभा टिकट को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। असीम अरुण समर्थक उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि दूसरे खेमे में पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे के पौत्र नयन दोहरे का नाम चर्चा में है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि यह बयानबाजी नहीं थमी तो आगामी चुनावी तैयारियों पर इसका असर पड़ सकता है। संगठन के पदाधिकारी फिलहाल स्थिति संभालने और विवाद को सार्वजनिक होने से रोकने में जुटे हैं।

# 2.24 लाख किसानों के खातों में पहुंची पीएम-किसान की 23वीं किस्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शनिवार को जनपद के 2,24,127 किसानों को बड़ी सौगात मिली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से देशभर के किसानों के खातों में 23वीं किस्त जारी की। इसके तहत कन्नौज के किसानों के बैंक खातों में कुल 44 करोड़ 82 लाख 54 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए।

इस अवसर पर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सहित लगभग 125 किसान मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि पीएम-किसान योजना किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों से उनका लाभ लेने की अपील की। उप कृषि निदेशक संतोष यादव ने बताया कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, किसान क्रेडिट कार्ड और प्राकृतिक खेती से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नमामि गंगे एवं प्राकृतिक खेती योजना के तहत चयनित किसानों को 46 हरी खाद किटों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

## तहसील दिवस में फूट पड़ा महिला का दर्द,न्याय दिलाइए साहब

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में भुलभुलियापुर गांव निवासी रेखा देवी ने अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा बयां करते हुए न्याय की गुहार लगाई। महिला ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया। रेखा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 15 जून को गांव के कुछ लोग उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उनका आरोप है कि घटना का वीडियो बना रही उनकी पुत्री राधिका के साथ मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। महिला का कहना है कि रास्ते के विवाद को लेकर दबंगई की जा रही है और परिवार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक पुराने छेड़छाड़ व मारपीट के मुकदमे में गवाही प्रभावित करने के लिए विपक्षी पक्ष ने साजिशन झूठी शिकायत कराई।

## लोहिया पार्क में डीएम-एसपी ने किया श्रमदान,स्वच्छता का दिया संदेश

**कन्नौज।** स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को लोहिया पार्क में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। दोनों अधिकारियों ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ परिवेश से जहां लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, वहीं समाज में अनुशासन, सकारात्मकता और सभ्यता की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने लोगों से अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

# चौधरी इंदल सिंह महाविद्यालय में हुआ सम्मान समारोह

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



चौधरी इंदल सिंह महाविद्यालय, लखइयामऊ, गुरसहायगंज में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर रॉबिन सिंह यादव* एवं डॉ. अरुण कुमार शर्मा*, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी ने चयनित छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

डायरेक्टर रॉबिन सिंह यादव ने कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम और लगन से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर पूरे महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह सफलता साबित करती है कि अगर मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है। हम सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं। विद्यालय प्रबंधक संजय कुमार यादव ने कहा कि चौधरी इंदल सिंह महाविद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

आज हमारे छात्र-छात्राओं की उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। मेरा विश्वास है कि ये होनहार विद्यार्थी आगे चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहित पाठक, अमित शर्मा, अमित राजपूत, बृजेश शाक्य, डॉ. योगेश शर्मा, अजय कुशवाहा, मो. राशिद खान, मो. जीशान, मुजस्सिम हुसैन, अमन सविता, आकाश एवं शिवा सहित महाविद्यालय के सहयोगी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

सम्मानित छात्र-छात्राएं नितिन यादव, अजय प्रताप सिंह, अंशुल पाल, रितिक यादव, अमन शर्मा, शिवम यादव, सोनू यादव, पियूष राजपूत, प्रांशु राजपूत, मोहित कुमार निकिता गुप्ता सहित अन्य छात्र-छात्राएं सम्मानित हुईं। महाविद्यालय परिवार ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

# दिसंबर तक पूरा हो सड़क मरम्मत में न हो देरीः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शनिवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क कटिंग के बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब सड़क मरम्मत कार्यों की निगरानी और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जल निगम (ग्रामीण) की होगी। डीएम ने निर्माणाधीन ओवरहेड टंकियों की समीक्षा करते हुए सभी कार्य दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के जलार्पण कार्य में तेजी लाने और इस सप्ताह आठ टंकियों का जलार्पण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विकास खंडों और तहसीलों में योग दिवस का आयोजन भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सभी गतिविधियों की फोटो आयुष कवच एप पर अपलोड की जाए। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परिसर में आयोजित होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सत्ता में आते ही खत्म की जाएगी बुलडोजर कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में सौरिख के सलेमपुर नगरिया मे सत्ता परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि आजाद समाज पार्टी सत्ता में आते ही बुलडोजर की कार्रवाई को खत्म किया जाएगा और फर्जी एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को जेल मे पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा अब समाज को एकजुट होने की जरूरत है क्योंकि बाबा साहब ने संगठित होने का मूलमंत्र दिया था। आठ सालो से लगातार बहुजन की लडाई सड़क से लेकर संसद तक सिर्फ सांसद चन्द्रशेखर आजाद लड़ रहे हैं। बहुजन समाज को भी उम्मीद सिर्फ चन्द्रशेखर आजाद से है और पार्टियां सिर्फ वोटो की राजनीति करती हैं जबकि आजाद समाज पार्टी व्यवस्था परिवर्तन की लडाई लड़ रही है। सत्ता परिवर्तन सभाओं के माध्यम से 33 संकल्प आजाद समाज पार्टी गांव गांव घर घर लेकर जा रही है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह ने कहा कि भाजपा खरीद फरोख्त की राजनीति करती है। उसकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। यूपी की जनता जुमलेबाजो से उब चुकी है। डीजल पेट्रोल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। आजाद समाज पार्टी ही इस दमन कारी बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री ऋषि कुमार, जिला उपाध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार कठेरिया, विधानसभा सचिव विशाल गौतम, ब्लांक अध्यक्ष सौरभ कठेरिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के साथ दो शातिर अपराधी गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बड़पुर रोड स्थित डबल मोड़ के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अलीगढ़ निवासी फुरकान और एटा निवासी अजय तोमर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में दोनों के कब्जे से .315 बोर के दो अवैध तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इनके खिलाफ अलीगढ़, एटा और फिरोजाबाद समेत विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 257/2026 दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, आरक्षी अंशुल प्रताप सिंह, मोहित यादव, जयदेव और मोहम्मद जैद की टीम शामिल रही।

# भाकियू (अवधेश) ने किया संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश की पंचायत में संगठन का विस्तार किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई पंचायत में मंडल अध्यक्ष कानपुर डॉ राजू पाल के सुझाव पर संगठन में नए पदाधिकारियो को जोड़ा गया। रामशरण दीक्षित मंडल संगठन मंत्री, गौरव कुमार ब्लॉक सचिव बेवर, पंकज ब्लॉक उपाध्यक्ष बेवर, सचिन कुमार को तहसील उपाध्यक्ष भोगांव, रोहित को तहसील उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भोगांव, शिव मोहन को ब्लॉक मंत्री, प्रवीण कुमार को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर, समर सिंह को जिला उपाध्यक्ष कन्नौज, रामनारायण मिश्र को जिला सचिव कन्नौज, देवेंद्र सिंह यादव को ब्लॉक उपाध्यक्ष छिबरामऊ, वासुदेव राजपूत को तहसील उपाध्यक्ष छिबरामऊ, भरत लाल राजपूत को जिला संयुक्त सचिव कन्नौज, यश शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, दीपा मिश्रा को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष, विजय दुबे को जिला संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ, सूरज दुबे को जिला संयोजक, प्रवेश कुमार को जिला मंत्री, मोहित चौबे को जिला संयुक्त सचिव, निखिल राठोर को ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्रीकृष्ण कठेरिया को ब्लॉक प्रभारी, हरबक्स चौहान को जिला सचिव बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि 15 दिन के अंदर अपनी कमेटियों का गठन करके राष्ट्रीय कार्यालय को अवगत कराएं।

# नामकरण संस्कार में हर्ष फायरिंग, गोली लगने से दो युवक घायल

- डीजे की तेज धुनों के बीच चली गोली, खुशियों का माहौल पलभर में बदला दहशत में

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव पिथनापुर-कोटियापुर में शुक्रवार देर रात आयोजित नामकरण संस्कार समारोह उस समय खूनी घटना में बदल गया, जब जश्न के माहौल के बीच हुई हर्ष फायरिंग में दो युवक गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद समारोह स्थल पर भगदड़ मच गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।



अस्पताल में भर्ती घायल

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पिथनापुर-कोटियापुर निवासी राममूर्ति के घर पुत्र जन्म के उपलक्ष्य में नामकरण संस्कार का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे और देर रात तक डीजे की धुन पर जश्न मनाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान राजीव नाम के एक युवक ने कथित रूप से तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से वीरेंद्र पुत्र कल्लू प्रसाद (35 वर्ष) तथा मुकेश पुत्र बड़े लल्ला उम्र 25 वर्ष घायल हो गए। बताया गया है कि टेंट व्यवसायी वीरेंद्र कार्यस्त्र5म स्थल पर भोजन कर रहा था, तभी अचानक चली गोली उसके हाथ में जा लगी। दूसरी गोली मुकेश को लगने से वह भी घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनते ही कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं और बच्चे जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, जबकि परिजन और ग्रामीण घायलों को संभालने में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही अमृतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात तक डीजे बजने, नशे के माहौल और हथियारों के खुले प्रदर्शन ने इस घटना को जन्म दिया।

सवाल यह उठ रहा है कि प्रशासनिक प्रतिबंधों के बावजूद आखिर खुशी के आयोजनों में हर्ष फायरिंग का सिलसिला कब रुकेगा। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। फायरिंग करने वाले की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई जारी है। गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली फर्रुखाबाद थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जून को कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति मोहल्ला घेरश्यामू खां इण्डसट्रियल एरिया के पास बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल बेचने के लिए खड़े हुए है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पुहँचकर दोनों व्यक्तियों से पूछताछ कर मोटर साइकिल के कागजात आदि के बारे में जानकारी की गई तो दोनों संदिग्धो नें मोटर साइकिल 17 जून को गड़ी चौखंडी सेक्टर 121 थाना फेस 3 नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर सड़क के किनारे से चोरी करना बताया। उक्त मोटर साइकिल के सम्बन्ध में जरिए दूरभाष चौकी प्रभारी गढ़ी चौखंडी जनपद गौतम बुद्ध नगर से वार्ता की गई, चौकी प्रभारी द्वारा बताया गया उक्त मोटर साइकिल के सम्बन्ध में वादी ने ईएफआईआर पंजीकृत कराई थी। जिसे 19 जून को थाना फेस 3 नोएडा पर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों चन्द्र प्रताप सिंह पुत्र जगमोहन सिंह निवासी भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ़ व प्रसून मिश्रा पुत्र कमल किशोर निवासी हरपालपुर थाना हरपालपुर जनपद हरदोई को मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर कोतवाली पर धारा 317(2) बीएनएस बनाम चन्द्र प्रताप सिंह आदि 02 नफर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

# ब्रेकर से बाइक उछली, महिला की गिरकर मौत

**कायमगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कासगंज के थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र के ग्राम राजा रिझोर निवासी एक महिला की बाइक से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। महिला अपने बेटे का अल्ट्रासाउंड कराने कायमगंज आ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



सीएचसी में मौजूद रोते बिलखते परिजन

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के ग्राम राजा रिजोला निवासी अखिलेश को पेट में दर्द होने पर उसकी मां ऊषा देवी कश्यप उम्र 40 वर्ष पत्नी राकेश कुमार बाइक से उसे कायमगंज फरीदी के यहां अल्ट्रासाउंड कराने ला रही थीं। कम्पिल के पास पहुंचते ही ब्रेकर आने पर बाइक उछली और पीछे बैठीं ऊषा देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा ऊषा देवी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाया गया। यहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. अमरेश कुमार ने जांच के बाद ऊषा देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतका का फाइल फोटो

मृतका के बेटे अखलेश ने बताया कि उसकी चार बहनें हैं-राखी, वंदना, संजना और सुनक्षी है। वह बहनों में इकलौता भाई है। मां की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार हेतु शिक्षा निदेशक ने जारी की समय सारिणी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार-2026 हेतु शिक्षा निदेशक ने समय सारिणी जारी कर दी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के नाम जारी पत्र के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार हेतु पात्र शिक्षक-शिक्षिकायें पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 13 जुलाई तक कर सकते है। राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए अधिक से अधिक शिक्षकों के आवेदन कराये जाने के लिए जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षकों की तय की गई है। इस हेतु शिक्षा निदेशक ने पुरस्कार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ऐसे उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने प्रतिबद्धता और मेहनत से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ छात्रों के जीवन को बहुमुखी एवं समृद्ध बनाने के दिशा में कार्य किया है। पुरस्कार हेतु कम से कम दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले ही आवेदन के पात्र होंगे। सभी आवेदन वेब पोर्टल के माध्यम से किये जायेंगे। प्रत्येक आवेदन के साथ संबंधित शिक्षक द्वारा एक ऑनलाइन पोर्ट फेलियो अपलोड किया जायेगा। जिसमें आवश्यक अभिलेख, फील्ड विजिट, फोटो, आडियो या वीडियो आदि पत्रजात सम्मिलित होंगे। विदित है कि पुरस्कार के लिए चयनित होने वाले शिक्षक को तीन वर्ष का सेवा विस्तार मिलता है। इसके अलावा सरकार द्वारा अनेक सुविधायें निःशुल्क प्रदान की जाती है।

# ट्रांसपोर्टर की हत्या के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

- शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम
- बीते दिन नोएडा में गोली मारकर कर दी गई थी हत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र की रॉयल सिटी कॉलोनी में ट्रांसपोर्टर जीवन किशोर यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक की बेटी कंचन की तहरीर पर विक्की और विशाल नाम के युवकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है मृतक की बेटी कंचन ने बादलपुर थाने में दी गई तहरीर में रॉयल सिटी निवासी विक्की और विशाल पर हत्या का आरोप लगाया है। कंचन का कहना है कि आरोपियों ने उसके पिता को गोली मार दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार देर शाम हुई घटना के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। शुक्रवार रात करीब नौ बजे जीवन किशोर यादव का शव उनके पैतृक आवास कायमगंज पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट गए। घर पर मृतक की पत्नी आशा देवी, बेटियां अंजलि और कंचन सहित अन्य परिजन मौजूद रहे। शव के पहुंचने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। क्षेत्र के लोग और परिचित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पहुंचते रहे। जीवन किशोर यादव मूल रूप से कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर दूंदेमई गांव के निवासी थे। करीब 10 वर्ष पहले वह परिवार सहित ग्रेटर नोएडा के बादलपुर क्षेत्र में बस गए थे। यहां वह प्रॉपर्टी डीलिंग और ट्रांसपोर्ट के कारोबार से जुड़े थे।

## महिला तीन बच्चों के साथ गायब

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम सिरोली निवासी राजीव कुमार की पत्नी रीना बाथम उम्र 29 वर्ष अपने घर से 9 जून को बिना बताए अपने तीनो बच्चों को साथ लेकर कहीं चली गई। जिसपर राजीव कुमार ने अपनी सभी रिश्तेदारों के यहाँ खोजबीन की, इसके बावजूद भी कही कुछ पता नहीं लगा। जिसपर राजीव कुमार ने थाना पुलिस को पत्नी रीना और अपने तीनों बच्चों की गुमशुदगी की तहरीर थाना पुलिस को दी।

# खबरें एक नजर में

## गालियां देने से मना करने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदेला निवासी प्रीति देवी पत्नी बिजेन्द्र सिंह अपने घर पर घरेलू काम कर रही थी, तभी उनके घर के सामने रहने वाले युवक व उसके परिजनों ने साफ सफाई को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब प्रीति देवी ने गाली-गलौज करने से मना किया तो युवक व उसके परिजनों ने लात घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में प्रीति देवी घायल हो गई। थाने पहुंचकर प्रीति देवी ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने प्रीति देवी का मेडिकल परीक्षण कराया। वहीं मारपीट कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## बेटा व बहू ने मां को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गाँव मिल्क सुल्तान निवासी सत्यवती पत्नी बटेश्वर सिंह को उनके ही पुत्र अनिल कुमार और उनकी पुत्र वधू ने मकान की चाबी खोजाने को लेकर अपनी ही माँ सत्यवती के साथ मारपीट कर दी। सत्यवती ने बताया कि उनके बड़े पुत्र अनिल कुमार और उनकी पुत्र वधू के साथ 5 वर्ष पूर्व कहासुनी हो गई थी, जिसको लेकर सत्यवती अपने छोटे पुत्र अनुज कुमार के साथ रहने लगी। शनिवार दोपहर अनिल कुमार आये मकान की चाबी खोजाने को लेकर मां सत्यवती से कहासुनी करने लगे। जब सत्यवती ने विरोध किया तो अनिल और उनकी पत्नी मारपीट करने लगी। बचाने आए छोटे पुत्र अनुज के साथ भी मारपीट कर दी। जिस पर सत्यवती ने पुत्र अनिल कुमार और पुत्र वधू के खिलाफथाना पुलिस को तहरीर दी।

## सैनिक के साथ मारपीट में महिला पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिखलाई कैन्टीन में प्रापर्टी एनसीओ की ड्यूटी कर रहे सेना नायक को कैंटीन बिलिंग क्लर्क की मां ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है। नवदीप सिंह पुत्र गुरदीप सिंह आर्मी सिखलाई रेजीमेन्ट फतेहगढ ने फतेहगढ़ कोतवाली में दी तहरीर में दर्शाया कि वह इस समय सिखलाई कैन्टीन में प्रापर्टी एनसीओ की ड्यूटी कर रहे है। कैन्टीन में बिलिंग क्लर्क कुमारी श्रुति कार्य करती है। 12 जून को श्रुति ने छुट्टी कर ली। उसके बाद 17 जून को दोबारा कैन्टीन आई तो मेरे द्वारा बताया गया कि आपकी 5 दिन की अवसेन्ट लगेगी या फिर आप कैन्टीन जेसीओ से बात कर लो। उसके बाद श्रुति गुस्से में कैन्टीन छोड़कर चली गई। दोपहर 2:03 बजे श्रुति की माता कमला देवी उर्फ किरन आफिस में आकर नवदीप का नाम पूँछा और मुझे थप्पड़ मारे और टी-शर्ट पकड़कर खीचने लगी और सभी गालिया दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# डीआईजी ने सम्पूर्ण समाधान में दिवस में फरियादियों की सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में आए फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।



शिकायतें सुनते डीआईजी, डीएम व एसपी

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 84 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 40, पुलिस विभाग की 18, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 04, चकबंदी विभाग की 01, चिकित्सा विभाग की 03, लोक निर्माण विभाग की 01 तथा अन्य विभागों से संबंधित 12 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त प्रकरणों में से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान के रूप में किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा समयबद्धता सुनिश्चित की जाए और यदि किसी प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण अथवा संयुक्त जांच की आवश्यकता हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर संपन्न किया जाए। उप पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था एवं जनविश्वास को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं उन्हें सुशासन का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता, उदासीनता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसील एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे और प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# परमापुर मोड़ पर सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, टला हादसा

- स्टेयरिंग फेल होने से हुआ हादसा
- थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के परमापुर मोड़ के निकट एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जब रायबरेली से बदायूं जा रहा सीमेंट से लदा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक और परिचालक सुरक्षित बच निकले।



जांच पड़ताल करती पुलिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक धर्मेंद्र पुत्र बिंदेश्वरी निवासी ग्राम भोलापुर, जिला रायबरेली तथा परिचालक शिवम पुत्र शिवनारायण निवासी लालपुरवा, थाना फुरसतगंज, जिला रायबरेली ट्रक में सीमेंट लादकर रायबरेली से बदायूं जा रहे थे। चालक धर्मेंद्र ने बताया कि परमापुर मोड़ के पास पहुंचते ही ट्रक के स्टेयरिंग में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष दर्शन सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना की जानकारी ली तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटवाने की प्रक्रिया शुरू कराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पूरी तरह सीमेंट से भरा हुआ था। ट्रक के पलटते ही तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटना में ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन चालक और परिचालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। उनकी सुरक्षित जान बचने पर लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि परमापुर मोड़ पर अक्सर भारी वाहन गुजरते हैं, ऐसे में समय रहते वाहन से नियंत्रण छूटने के बावजूद किसी अन्य वाहन या राहगीर की चपेट में कोई नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# विद्युत कटौती की शिकायत को जेई ने सुना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कई दिनों से लगातार चल रही विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीण की मांग पर जूनियर इंजीनियर ने अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्वाण बिजली चलाने की मांग की है।

नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के कार्यालय के करीब बने 3311 केवी विद्युत उपकेंद्र से लगातार रात में 10 बजे के बाद बिजली कटौती कर दी जाती है, जिससे एक तरफ भीषण गर्मी में दूसरी तरफ अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस में भारी आक्रोश था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार राजपूत तथा जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद से की। जूनियर इंजीनियर ने अपने उच्च अधिकारी को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने भीषण गर्मी के चलते निर्वाण बिजली आपूर्ति करने की मांग की। जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद ने बताया कि उनका लगातार प्रयास है जो ग्रामीणों को निर्वाण बिजली उपलब्ध कराई जाए।

जूनियर इंजीनियर ने बताया कि यह विद्युत कटौती कानपुर में बने पनकी पावर हाउस से की जाती है, जिसके लिए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है और निर्वाण बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

# डीएम ने कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति, लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों तथा प्रवर्तन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि वाणिज्य कर विभाग की राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य की तुलना में अत्यंत कम है, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं आबकारी विभाग की वसूली संतोषजनक पाई गई। बैठक में मंडी मोहम्मदाबाद एवं मंडी कायमगंज की मासिक राजस्व वसूली अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग एवं परिवहन विभाग की राजस्व वसूली की प्रगति संतोषजनक पाई गई। प्रवर्तन कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग तथा मंडी मोहम्मदाबाद एवं मंडी कायमगंज के संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस के विभिन्न पैरामीटरों का नियमित परीक्षण करें तथा जिन बिंदुओं पर प्रगति अपेक्षित है, उनमें तत्काल सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मरीजों के साथ-साथ समाज सेवा करना भी जरुरी: डॉ. युवराज सिंह



डॉ. युवराज सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान एमबीबीएस एमडी कैंसर रोग विशेषज्ञ रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. युवराज सिंह ने बताया कि मेरी प्रेरणा श्रोत मेरे बाबा एनपी सिंह व दादी स्व0 शैल कुमारी है। मैंने 2002 में हाईस्कूल सेंट एंथोनी स्कूल से किया। इंटर मीडिएट 2004 में आर्मी पब्लिक स्कूल से उत्तीर्ण किया। ग्रेजुएशन एमबीबीएस बाबा राघव दास (बीआरडी) सरकारी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से 2006 में किया। 2012 में जेके कैंसर संस्थान से एमडी की डिग्री प्राप्त की। उसके बाद राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट दिल्ली से 2015 में एसआर का अवसर आया पर ज्वाइन नहीं किया। अगस्त 2015 में तिर्वा मेडिकल कालेज में ज्वाइन किया। 2016 में रिजेंसी ज्वाइन किया। 2018 तक कार्य किया। कैंसर विभाग की स्थापना की। मेरे सीनियर डॉ.

## धरती के भगवान

वारिक का सहयोग मिला। 2022 में कानपुर सिटी अस्पताल डॉ. चमन वालवानी में पुनः कैंसर का इलाज शुरु किया। 2023 से अभी तक रामा मेडिकल कालेज में एचओडी विभाग कैंसर में कार्यरत हूं। साथ ही जोगराज कैंसर केयर नाम से कल्याणपुर कानपुर में अपना खुद का डे केयर सेंटर शुरु किया। गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय है, जो वहां के कुलपति की तरफ से एमडी डाक्टरों को हर महीने ट्रेनिंग देना है, जो आयुष एलोपैथी मर्जर प्रोग्राम के तहत बच्चों को पढ़ाना है। जिले में कैंसर के गंभीर मरीजों के लिए एक तिहाई रेट पर कीमोथेरेपी करते है। जिले में यह पहली एंडोस्कोपी एवं पहली कैंसर संबंधी जांच शुरु की। जिसमें कैंसर की सभी जांचे होती है। गरीब व बुजुर्गों के लिए खास तौर पर फ्री या रियायत पर चिकित्सीय सुविधायें प्रदान करता हूं। मैंने राजनीति को इसलिए चुना कि गरीबों व समाज के लिए कुछ संभव कर सकूं। डाक्टर का प्लेटफार्म छोटा था, इसलिए बड़े प्लेटफार्म की जरुरत थी। रोगियों की मदद करना मेरा उद्देश्य है। साथ ही अमृतपुर क्षेत्र में मैंने कई बार भ्रमण किया और वहां की जनता से मिला। अगर पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया तो मैं दावेदारी करूंगा। मेरे हर कार्य में मेरे पिता डॉ. उदयराज सिंह पूरा सहयोग करते है। उनके आशीर्वाद से मैं हर कार्य को शुरु करता हूं। मेरा छोटा भाई डॉ. ध्रुव राज सिंह का भी मुझे स्नेह मिलता है और छोटे भाई की पत्नी डॉ. हर्षिता भी पीजीआई से पढ़कर यहां अपनी सेवायें दे रही है। चिकित्सीय सेवा में मेरी पत्नी डॉ. जिज्ञासा सिंह सहयोग करती है। वर्तमान में वह अल्ट्रासाउंड एक्सपर्ट है। मेरे दो बच्चे है। राजनीति में सेवा का संकल्प मेरी मां किरन सिंह से प्रेरित है। समाजसेवा के समर्पण के लिए डाक्टर होना पर्याप्त नहीं था। मेरे जिले से जो सम्मान मुझे एवं मेरे परिवार को दिया, उसके लिए मैं प्रत्येक जनपदवासी का ऋणी हूं और इसी कारण मैं राजनीति में उतरा हूं। अगर मुझ पर पार्टी ने भरोसा जताया तो मैं जन प्रतिनिधि बनकर पार्टी की रीति-नीति पर खरा उतरूंगा। मेरी हर व्यक्ति से अपील है कि स्वस्थ रहने के लिए योग या व्यायाम उम्र के मुताबिक करें। ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये।



मरीज को देखते डॉ. युवराज सिंह

# योग सप्ताह के छठे दिवस पर योग एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा चल रहा है कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के निर्देशन में आयोजित योग सप्ताह के छठे दिवस पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा पिपरगांव आंगनवाड़ी केंद्र में पारिवारिक योग गतिविधि एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इंटर्न, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संकाय के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम पिपरगांव के पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष रूप से ग्राम की महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को पारिवारिक योग की भावना के अनुरूप एक सामुदायिक स्वरूप प्रदान किया। इंटर्न एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने अनुशासित सहभागिता, जनसंपर्क तथा कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. नीतुश्री के मार्गदर्शन में किया गया। योगाभ्यास एवं जन-जागरूकता सत्र का संचालन डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय एवं डॉ. उमा भारती केएम द्वारा किया गया।



योगाभ्यास में भाग लेते छात्र-छात्रायें

डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने ग्राम प्रशासन एवं स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. माया प्रकाश तथा डॉ. भारती पांचाल की भी उपस्थिति रही। ग्राम प्रधान कुन्देश यादव ने ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवनशैली एवं दैनिक जीवन में योग को अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। वक्ताओं ने परिवार के साथ योग करने के लाभों पर विशेष प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम के बच्चों द्वारा व्यक्तिगत योग प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। ग्रामीणों द्वारा प्रतिभागियों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम की मीडिया कवरेज एवं आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं में राहुल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा इसके लाभों को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# आबकारी टीम ने 100 किलोग्राम लहन किया नष्ट

**28 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफ संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश दी गई। मौके पर लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 28 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किए गए। जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापनों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट दुकान में बरझाला, फैजबाग देशी शराब दुकानों में बरझाला, फैजबाग एवं धमगवां की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, मशीन से बिक्री, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।



लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

# 49वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 32 निशानेबाज दिखाएंगे दम



चयनित खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के 32 प्रतिभाशाली निशानेबाज 21 जून से 30 जून तक नई दिल्ली स्थित डॉ. सिंह कर्णी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित होने वाली 49वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का लक्ष्य उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्री-नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना रहेगा। अकादमी के खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल तथा 50 मीटर राइफल प्रोन जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता में आदर्श राजपूत, काव्या कटियार, अक्षरा सिंह, मृदुल ठाकुर, सूर्यांश अग्निहोत्री, सौर्य चतुर्वेदी, मयंक यादव, ऋषभ पाल, दिव्यांशी राजपूत, देवांश अग्निहोत्री, अर्पित पाल, अमित कुमार पाल, दीप सिंह राजपूत, रुद्र गुप्ता, आशुतोष पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, अर्शदीप सिंह, प्रांशु दत्त द्विवेदी, डॉ0 रिजवान अली, जुबेरिया शाह सिद्दीकी, आरती चतुर्वेदी, तहसीन सिद्दीकी, हर्षित अवस्थी, समर सिंह, गुरविंदर सिंह, गगनदीप सिंह, अनमोलदीप सिंह, वेद प्रकाश शुक्ला, कौस्तुभ तथा उमेर सहित अन्य खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सभी निशानेबाज अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं कोच अनिल कुमार पाल के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं।

कोच अनिल कुमार पाल ने विश्वास जताया कि जनपद के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल होंगे। खिलाड़ियों के चयन से अकादमी एवं जनपद के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# मनुष्य का वास्तविक आभूषण उसका चरित्र होता है: विदुषी उर्मिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर के छठे दिवस बच्चों को उत्तम चरित्र, ईश्वर भक्ति एवं राष्ट्रसेवा की प्रेरणा प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न वक्ताओं ने बच्चों को जीवन में नैतिक मूल्यों एवं आदर्श आचरण के महत्व से अवगत कराया।

कानपुर से पधारीं विदुषी उर्मिला आर्या ने कहा कि ईश्वर भक्त व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में उत्तम चरित्र को धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का वास्तविक आभूषण उसका चरित्र होता है, जो उसे समाज में सम्मान एवं प्रतिष्ठा दिलाता है।



हवन में भाग लेते बच्चे

संचालक आचार्य संदीप आर्य ने वर्तमान को-एजुकेशन प्रणाली की कमियों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के गिरते हुए नैतिक मूल्यों और चरित्र ह्रास के पीछे अनेक सामाजिक कारण हैं, जिन पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज द्वारा आयोजित यह बाल संस्कार शिविर बच्चों में नैतिकता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं वैदिक संस्कारों के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें चरित्रवान, संस्कारवान तथा राष्ट्रनिष्ठ बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः योगाभ्यास कराया जाएगा तथा प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिविर का समापन समारोह आयोजित होगा। जिसमें बच्चों के अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। संतोष आर्य ने कहा कि चरित्रवान व्यक्ति का सम्मान संपूर्ण संसार करता है तथा चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।

वहीं आचार्य रामप्रकाश ने महर्षि दयानंद सरस्वती रचित आर्य उद्देश्य रत्नमाला के जीवनोपयोगी सूत्र बच्चों को कंठस्थ कराए तथा उनके महत्व को समझाया। कार्यक्रम में साहिल कुमार, नेहा आर्या सहित अन्य सहयोगियों ने बच्चों को समापन समारोह की तैयारियों का अभ्यास कराया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर कायमगंज में शनिवार को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनकर उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 78 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों द्वारा 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी गई। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर सत्यापन करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान किसान यूनियन ने भी किसानों की समस्याओं से संबंधित अपना ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी ने दोहराया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है। हर शिकायत का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, रजिस्टार प्रीतम सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्सों को कन्नौज यातायात उपनिरीक्षक ने किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ द्वारा आयोजित किए जाने वाले संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण सिविल 36 में शनिवार को प्रातः 5:30 बजे से योग के साथ जूनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट्स की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निर्णायकों की भूमिका में कैंप एडजुटेंट कैप्टन गिरिजा शंकर, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, सेकंड अफसर संतोष शुक्ला रहे। कन्नौज जनपद के यातायात पुलिस उप निरीक्षक आफाक खान ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियम बताए। शिविर के सातवें दिन में कैंप एडजुडेंट तथा मीडिया मैनेजर कैप्टन गिरिजा शंकर की पहल से कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ द्वारा शनिवार को कन्नौज जनपद के प्रसिद्ध यातायात उप निरीक्षक आफक खान को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया था। उप निरीक्षक आफाक खान को जनपद कन्नौज के पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार कैंप में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए भेजा गया। उन्होंने यातायात उपकरणों में शामिल ब्रीदिंग, नालाइजर, डेसिमल मीटर तथा यातायात में प्रयोग में लाये जाने वाले कैमरे के माध्यम से सभी एनसीसी कैडेट्स को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 18 वर्ष से पूर्व यदि कोई छात्र या एनसीसी कैडेट किसी मोटर वाहन को चलाता है तो मोटर मालिक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज होती है तथा 25000 रुपये का जुर्माना भी भरना पड़ता है। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करें। वहीं यातायात दुर्घटनाओं में लोगों की हेल्प करने वाले एनसीसी कैडेट्स को उपहार देकर सम्मानित किया। कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों का अक्षरसः पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा यातायात उप निरीक्षक आफक खान का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कैंप डिप्टी कमांडेंट संदीप माधव, कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, सेकंड अफसर संतोष शुक्ला, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर आदि मौजूद रहे।




कैडेट्सों को नियमों की जानकारी देते टीएसआई

# अमर शहीद मर्णीन्द्र नाथ बनर्जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ पर अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की 93वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर कारागार परिसर में स्थित मणीन्द्र नाथ बनर्जी स्मारक स्थल को रंग बिरगी झालरों से सजाया गया। 20 जून शनिवार को अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की पुण्यतिथि मनाये जानें का शुभारम्भ स्मारक स्थल पर मणीन्द्र नाथ बनर्जी की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं शहीद उपवन में स्थित कीर्ति स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ किया गया। अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त कारागार वैण्ड की धुन पर जेल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने कारागार के अन्दर अमर शहीद मणीन्द्रनाथ बनर्जी स्मारक भवन में दीप प्रज्जवलन कर सास्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कारागार में निरुद्ध बन्दियों यथा बंदी रामधन थापा, बन्दी ध्रुव तिवारी आदि ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीतों से उपस्थित अधिकारियों एवं बन्दियों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर उनके द्वारा मणीन्द्रनाथ बनर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही राष्ट्रभक्त मणीन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणोत्सर्ग किये जाने हेतु शत शत नमन एवं वंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान करुणेन्द्र कुमार यादव कारापाल, रवीन्द्र सिंह कारापाल, सुधाकर राव गौतम उपकारापाल, कृष्ण कुमार उपकारापाल, दीपक कुमार जयंत उपकारापाल आदि उपस्थित रहे।



शहीद स्मारक को सलामी देते जेल अधीक्षक आदि

# योग सप्ताह के तहत बीडीओ ने कराया योगाभ्यास, बताए फायदे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत चलाये जा रहे योग सप्ताह के अंतर्गत नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अमरेश चौहान ने किया। उन्होंने ब्लॉक के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं योगाभ्यास कराया और जीवन में योग के महत्व को समझाया।

शनिवार सुबह विकास खण्ड परिसर में आयोजित इस योग सत्र में बीडीओ अमरेश चौहान की देखरेख में कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन किए। कर्मचारियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ताड़ासन और सूर्य नमस्कार जैसे महत्वपूर्ण आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और सरकारी कामकाज के दबाव के बीच खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखना बेहद जरूरी है। यदि हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहेगा, तभी हम पूरी ऊर्जा और कुशलता के साथ जनता की समस्याओं का निस्तारण कर सकेंगे। योग को केवल एक सप्ताह का आयोजन न मानकर अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित योग से तनाव दूर होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। बीडीओ अमरेश चौहान ने कर्मचारियों को बताया कि सभी लोग प्रातः उठकर व्यायाम किया करें, तो इससे दिनचर्या भी सही रहती है और बीमारियों से दूरी रहती है।



योगाभ्यास करते बीडीओ व कर्मचारी

योग व्यायाम करें तो सभी लोग निरोग रहेंगे, जिसके लिए डॉक्टर के घर के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे और समस्त बीमारियों से निजात मिलेगी। जिसके लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। बीडीओ ने बताया की विकासखंड क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और सभी पंचायत भवनों पर योग दिवस मनाया जाएगा।इस मौके पर मनोज कुमार आलोक दीक्षित, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, लवलेश कुमार, बिंद्रा प्रसाद, राज भारती, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, अनुराग सिंह, सुनील कुमार आदि ने भाग लिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आये 131 प्रार्थना पत्रों में 8 का मौके पर निस्तारण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी अमृतपुर रवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 131 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही आठ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 52, पुलिस विभाग के 24, विकास विभाग के 15, विद्युत विभाग के 14, खाद्य एवं रसद विभाग के आठ तथा अन्य विभागों से संबंधित 18 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। अमैयापुर पूर्वी निवासी नैंसी पत्नी शिवम ने अपने पति की गुमशुदगी की निष्पक्ष जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं कुलदीप कुमार अवस्थी ने भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया। बदनपुर निवासी सरला पत्नी स्वर्गीय राम दिनेश ने पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की। पट्टी दारापुर निवासी सुखदेवी उर्फ मीना पत्नी स्वर्गीय अंगद ने दबंग व्यक्ति द्वारा भूमिधरी खेत पर कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। फखरपुर निवासी सुनील दत्त तिवारी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गलत स्थान पर एक ही खेत में तीन पुलियों का निर्माण कराए जाने संबंधी शिकायत अधिकारियों के समक्ष रखी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने कई ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों से आयुष्मान योजना का लाभ उठाने की अपील की।



शिकायते सुनते एसडीएम

संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय, समाज कल्याण अधिकारी शालिनी, नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय, थानाध्यक्ष अमृतपुर दर्शन सिंह सोलंकी तथा थानाध्यक्ष राजेपुर नागेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने पीएचसी अमृतपुर का किया औचक निरीक्षण

**दवाओं का स्टॉक मिला पूर्ण, सीबीसी मशीन से हो रही नियमित जांच**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, जांच व्यवस्थाओं एवं अस्पताल की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित मिले तथा मरीजों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हुई मिलीं।



पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ओपीडी कक्ष, दवा वितरण केंद्र, पैथोलॉजी कक्ष एवं अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, जांच सुविधाओं एवं चिकित्सकीय परामर्श व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

सीएमओ ने दवाओं के स्टॉक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिलीं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

अस्पताल में स्थापित सीबीसी मशीन का भी निरीक्षण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 गौरव ने बताया कि मशीन के माध्यम से प्रतिदिन मरीजों की रक्त जांच की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही जांच सुविधा उपलब्ध हो रही है। इससे मरीजों को निजी लैबों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और समय व धन दोनों की बचत हो रही है। डॉ0 गौरव ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में प्रतिदिन लगभग 200 मरीजों की ओपीडी हो रही है। मरीजों को उपचार, जांच एवं निःशुल्क दवाओं की सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय नाला सिम्त शुमाल में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर मिश्रा की अध्यक्षता में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के निजी सहायक अनिल मिश्रा, वीरेंदर मिश्रा, अतीक सलमानी, अशोक राठौर, नजर खान, बाबू खान, सलीम खान, कन्हैया बाथम, जायदा वर्मा, हिमांगी सक्सेना, मुकीम खान, शब्बू खान, संजय दिवाकर, विष्णु मिश्रा, लक्ष्मण शाक्य, महफूज खान, वकील वारसी, अमर मिश्रा, वत्सल्य मिश्रा, देवेंद्र सक्सेना, हिमांशु मिश्रा, फतेह मोहम्मद, फर्रुख अली, सरताज, अनुज शाक्य, मुफीद, सलमान खान, निहाल खान, ऋषभ मिश्रा, शरीक, रोहित वर्मा, संजीव दिवाकर, राकेश वर्मा, अंकित शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

## हलिया बीज गोदाम पर धूमधाम से मनाया गया पी.एम. किसान उत्सव दिवस

# पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त का हुआ हस्तांतरण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मीरजापुर)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के हस्तांतरण के अवसर पर शनिवार को बहुद्देशीय भवन बीज गोदाम हलिया पर 'पी.एम. किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'सशक्त और समृद्ध किसान - आत्मनिर्भर भारत की पहचान' के संकल्प के साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। आयोजन में किसानों को योजना के लाभ, कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और खेती को लाभकारी बनाना बताया गया।किसानों ने कहा कि पीएम किसान योजना से खेती-किसानी में मदद मिल रही है और समय पर मिलने वाली किस्त से बीज, खाद और अन्य जरूरतें पूरी हो पा रही हैं।



कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाएं। कार्यक्रम में 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ किसानों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव, हरिकेश पटेल सहित किसान मौजूद रहे।

## दो पक्षों की महिलाओं में मारपीट, एक महिला बेहोश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मीरजापुर)।** हलिया क्षेत्र के हरसड गांव में शनिवार को दो पक्षों की महिलाओं के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की महिलाएं लात-घूंसे चलाने लगीं। इसी दौरान एक महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एम्बुलेंस को फोन किया गया।

मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की टीम में ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव ने बेहोश महिला को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। घायल महिला की पहचान शर्मीला देवी पत्नी नीरज, 24 वर्ष, निवासी हरसड, हलिया के रूप में हुई है।

# एसबीआई हलिया शाखा पर 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

▸ पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मीरजापुर)।**

एसबीआई हलिया शाखा के बैंक मैनेजर और कैशियर पर खाते से 40 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगा है। ग्राम हरसड, थाना हलिया निवासी सुरेश प्रसाद तिवारी ने पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, सुरेश प्रसाद तिवारी का एसबीआई हलिया शाखा में खाता संख्या 30399896031 है। 6 अप्रैल 2026 को उन्होंने खाते से 1,20,000 रुपये निकाले थे। आरोप है कि 21 अप्रैल 2026 को जब वह नोएडा में थे, तब बैंक द्वारा खाते से 40,000 रुपये डेबिट कर लिए गए।सुरेश का कहना है कि 11 जून 2026 को जब वह बैंक गए और 10,000 रुपये निकाले, तो उन्हें मैसेज मिला कि खाते में शेष 74,521 रुपये बचे हैं, जबकि उनके हिसाब से 1,14,521 रुपये होने चाहिए थे। बैंक मैनेजर और कैशियर आरोप है कि उन्होंने फर्जी ढंग से 40,000 रुपये कैश कर लिए।जब सुरेश ने बैंक मैनेजर से शिकायत की, तो उन्हें बताया गया कि उन्होंने अधिक पैसे ले लिए थे, इसलिए 40,000 रुपये होल्ड कर लिए गए हैं। सुरेश ने बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल मैसेज की छायाप्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर कहा है कि वह उस समय नोएडा में थे और उन्होंने ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया था।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि थाना हलिया को निर्देशित कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनके 40,000 रुपये वापस दिलाए जाएं।




## खबरें एक नजर में

### डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 458 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये, जिनमें से राजस्व विभाग की 17 व पुलिस विभाग की 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 458 शिकायतों में से 226 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 70, विकास विभाग से 30, समाज कल्याण से 11, बेसिक शिक्षा विभाग से 03, विद्युत विभाग से 16, आपूर्ति विभाग से 17 एवं 85 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना द्वारा सुना गया। डीएम ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने और शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ई-रिक्शा सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह की दो महिलाएं गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** गैर जिले से आकर ई-रिक्शा सवारियों को ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह की दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।नगर कोतवाली प्रभारी सुभाष यादव के नेतृत्व में एसआई अमित सिंह ने सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। भंगवा चुंगी की वादिनी 6 मई को ई-रिक्शा से स्कूल से बच्चों को लेने जा रही थी कि रास्ते मे एक युवती बैठी।उसके बाद तीन और महिलाएं ई रिक्शा पर सवार हुईं।धक्का मुक्की में वादिनी का मंगलसूत्र पर हाथ साफ कर दिया।दूसरी घटना में वादी ई रिक्शा से सास ससुर के साथ जा रहा था कि जीआईसी कालेज के पास पांच महिलाएं सवार हो गईं और एक बच्चे को सास की गोद में जबरन बैठा दिया।इसी दौरान सास के गले की सोने की चेन छू मंतर हो गई।दोनों मामले मे पुलिस अभियोग पंजीकृत कर माथा पच्ची कर रही थी।दूसरे जिले से आकर जनपद में ठगी का गिरोह चला रही महिलाओं में अंशिका देवी 25 पत्नी राकेश कुमार निवासी सिराजनपुर थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया, करीना कुमारी 24 पत्नी अरविंद कुमार निवासी भरवालिया थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर को बेल्हा देवी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से बिक्री के 36 हजार रुपए नकद बरामद कर मुकदमा में सुसंगत धारा की बढ़ोत्तरी कर उन्हें जिला कारागार के लिए भेज दिया गया है।

### अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सैनी के नेतृत्व में आज शनिवार को अधिवक्ताओं ने जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जिलाधिकारी महराजगंज गौरव सिंह सोगरवाल को एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। अपने दिये गये ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने उल्लेख किया है कि उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम के विरुद्ध आन्दोलन विगत समय से चला आ रहा था, साथ ही साथ स्थानान्तरण के अलावा अन्य मांगों पर आपके द्वारा संज्ञान लिया गया था, लेकिन आपके आश्वासन पर एक उपयुक्त उपजिलाधिकारी न्यायिक फरेंदा की व्यवस्था करने एवं अन्य मांगों को गंभीरता से संज्ञान में लेकर कार्यवाही के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया था।उसी के क्रम में उपजिलाधिकारी फरेंदा के न्यायालय को छोड़कर अन्य न्यायालयों में पूर्व की भांति कार्य संचालित हो रहा है।ऐसी स्थिति में उक्त के क्रम में अधिवक्ता संघ आप से ज्ञापन के माध्यम से कार्यही की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद व महामंत्री सतीश चंद दूबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बरौधा विद्युत उपकेंद्र से ड्रमण्डगंज फीडर की आपूर्ति तीन दिनों से बाधित, उपभोक्ता परेशान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मीरजापुर)।** बरौंधा पावर हाउस से आने वाली विद्युत आपूर्ति व्यवस्था हुआ ध्वस्त 3 दिन से लगातार ड्रमड गंज फीडर पर नहीं चालू हुआ लाइट इधर एक तरफमौसम विभाग इस भीषण गर्मी से सजग और सतर्क रहने के लिए आम जनमानस को निर्देशित किया है लेकिन दुर्भाग्य है कि उस समय विभाग के घोर लापरवाही से इस भीषण गर्मी में जनता जीने के लिए हुई मजबूर उल्लेखनीय है कि जहां एक तरफमाननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश है उत्तर प्रदेश मे सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था आपूर्ति करने को लेकिन यहां के निरंकुश लापरवाह तानाशाह विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता यहां विद्युत आपूर्ति सही से हो या ना हो छोटा सा आंधी या पानी की बूंद गिरने पर रात-रात भर लाइट काट दिया जाता है हद तो तब हो गई जब लगातार 3 दिन से इस चिलचिलाती धूप और उमश भरी गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त चल रही है यहां के हम लोगों के द्वारा बात करने पर बताया जाता है कि यहां के स्थानीय कर्मचारियों का मोबाइल स्विच ऑफ है संपर्क नहीं हो पा रहा है इसलिए रात भर लाइट नहीं मिल पाएगी अगर लापरवाह कर्मचारियों है तो उनको तत्काल हटाया जाए।

# पंचशील पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**समृद्धि न्यूज़, (मीरजापुर)।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचशील पब्लिक स्कूल में 21 जून रविवार को विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्कूल प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता का महत्वपूर्ण अवसर बताया है।कार्यक्रम सुबह 6रू00 बजे से 8रू00 बजे तक स्कूल परिसर में आयोजित होगा। इसमें योग प्रशिक्षक और शिक्षक विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराएंगे। उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से परिचित कराना है।स्कूल प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। प्रधानाचार्य ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का मार्ग है। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी इस अवसर पर उपस्थित होकर योग करें, निरोग रहें के संकल्प को साकार करें। स्कूल ने उपस्थिति को अनिवार्य एवं प्रार्थनीय बताया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस स्वास्थ्य अभियान का हिस्सा बन सकें। हलिया मिर्जापुर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हलिया क्षेत्र के कोटार नाथ मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान विनोद सिंह के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। शनिवार को कोटार स्थित शिव मंदिर परिसर में हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम प्रधान विनोद सिंह खुद ग्रामीणों के साथ जमीन पर पड़े प्लास्टिक कचरे को बीनकर लाल बोरों में भरते नजर आ रहे हैं। अभियान में बुजुर्ग, महिला और युवा सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने कहा कि धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को नुकसान होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि मंदिर परिसर और गांव में प्लास्टिक का उपयोग कम करें और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने मंदिर परिसर और आसपास फैले कचरे को साफ कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने भविष्य में भी ऐसे अभियानों में सहयोग करने का संकल्प लिया।

**आज सुबह 6 बजे से विशेष कार्यक्रम**

# तिलक समारोह में पत्रकार की बाइक चोरी, राजगढ़ थाने में दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मीरजापुर)।**

राजगढ़ थाना क्षेत्र में पत्रकार की बाइक चोरी होने से पत्रकार ने राजगढ़ थाने में तहरीर। जानकारी के अनुसार अश्वनी कुमार मिश्रा रामपुर 38 गांव थाना राजगढ़ निवासी 19 जून को तिलक समारोह में सम्मिलित होने गए हुए थे। तिलक समारोह निकरिका मे सम्मिलित होकर जैसे ही वहां से वापस आए और देखा की बाइक कहीं भी अता-पता नहीं है।

काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। अंततः पत्रकार एवं एलआईसी अभिकर्ता अश्वनी कुमार मिश्रा 20 जून को राजगढ़ थाने में अज्ञात के खिलाफ लिखित सूचना दर्ज की और कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि पत्रकार की बाइक भी नहीं बच रही है। और चोर उसे चुरा ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गाड़ी में कागजात रखे हुए थे साथ ही पंजाब नेशनल बैंक की चेक बुक और इंडियन बैंक के चेक बुक भी चोरी होने से

परेशानी हो रही है। और एलआईसी अभिकर्ता एवं पत्रकार अश्वनी कुमार मिश्रा ने कहा कि जितने भी चेक बुक गायब हुए हैं बैंक को सूचना दे दी गई है, और अन्य कागजात गायब होने पर लिखित अज्ञात चोरों के खिलाफ इसी सूचना राजगढ़ थाने में दे दी गई है।

## हलिया के सोठिया कला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चला विशेष स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों ने उठाया कचरा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मीरजापुर)।** स्वच्छ भारत - सशक्त भारत और विकसित भारत की ओर 12 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा के तहत हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत सोठिया कला में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। शनिवार को हुए इस अभियान में ग्राम पंचायत सचिव बालकृष्ण और प्रशासक प्रतिनिधि विजय बहादुर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर फैले कचरे को हटाया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों ने झाड़ू, बोरा और हाथों से प्लास्टिक, पॉलिथीन व अन्य कचरे को एकत्र कर साफ-सफाई की। अभियान का उद्देश्य गांव को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना था।ग्राम पंचायत सचिव बालकृष्ण ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कचरा खुले में न फेंकें और नियमित रूप से साफ-सफाई में सहयोग करें। प्रशासक प्रतिनिधि विजय बहादुर ने कहा कि 'सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ ही गांव को आदर्श बनाया जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। पंचायत ने ऐसे अभियानों को नियमित रूप से चलाने की बात कही, ताकि सोठिया कला स्वच्छ और विकसित ग्राम की मिसाल बने।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मीरजापुर)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इशिता ट्रस्ट एवं इशिता कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ साइंसेज, वाराणसी द्वारा ऐतिहासिक चुनार किला के समीप माँ गंगा के तट पर एक दिवसीय योग जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को योग, स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित योग शिविर में योगाचार्य श्री राजीव भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। योग के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस अवसर पर पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर, मन एवं आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार एवं दण्ड-बैठक का अभ्यास कराया तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।योग कार्यक्रम के उपरांत आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें समुचित उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप (बीपी) सहित विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में इशिता कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ साइंसेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर अंसारी ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर डॉ. अगस्त सिंह, डॉ. सत्यपाल सिंह एवं डॉ. रवि सिंह ने भी रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।संस्था की निर्देशिका श्रीमती अर्चना सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं चिकित्सकों का स्वागत करते हुए स्वस्थ एवं निरोग जीवन की शुभकामनाएं दीं। वहीं इशिता ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा सिंह ने शिविर में आए सभी रोगियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 130 शिकायतें

▸ मौके पर 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज शनिवार को जिलाधिकारी महराजगंज गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 130 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 5 शिकायतों का निस्तारण कर शेष 125 शिकायतों को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों को सौंप दिया गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 130 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास, विजली, जलकल थाना,चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसको गंभीरता से लेते हुए जिला आधिकारी महराजगंज गौरव सिंह सोगरवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार का विशेष ध्यान आयुष्मान कार्ड, पेंशन, फार्मर रजिस्ट्री, पर है।इस्को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण कराया जाय। समयावधि के तहत आईजीआरस का भी निस्तारण कराया जाय जिससे आ रही शिकायत को दूर किया जा सके। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, डीडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल , नायब तहसीलदार न्यायिक , सहित जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी विभिन्न ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी थानाध्यक्ष कानूनगो /लेखपाल दीपेंद्र सिंह, आशीष सिंह, सहित जिला स्तरीय व तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में नौतनवां निचलौल एवं सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई।




# मायके आई विवाहिता की करंट लगने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के मोजरी गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में मायके आई विवाहिता की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोजरी गांव निवासी झकरी की पुत्री नंदिनी (24) घर में लगे बिजली के बोर्ड से लोहे का पंखा जोड़कर चालू करने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान अचानक पंखे में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गई। करंट लगते ही नंदिनी ने शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।



लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि नंदिनी की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के बैरी क्षेत्र में हुई थी। वह करीब एक माह पूर्व अपने मायके आई हुई थी।

# नेपाल सीमा से तस्करी कर लाए जा रहे दो लाख के विदेशी जूते बरामद, एक गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब दो लाख रुपये मूल्य के विदेशी जूतों की खेप बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मामले में कस्टम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी अपने हमराह कांस्टेबल कवि कुमार और सुनील कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से विदेशी सामान लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर लक्ष्मीपुर खुर्द के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 गत्तों में पैक कुल 679 पीस विदेशी जूते बरामद हुए। बरामद जूतों की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपित की पहचान सानू कुमार यादव निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द के रूप में हुई। पुलिस ने बरामद माल को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ कस्टम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही यह जांच भी शुरू कर दी गई है कि विदेशी जूतों की यह खेप कहां से लाई गई थी तथा इसे किन बाजारों में खपाने की तैयारी थी। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



## अवकाश पर आए एसएसबी जवान से मारपीट, छह आरोपियों पर मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम रामचन्द्रही में अवकाश पर घर आए एसएसबी जवान के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित जवान की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रामचन्द्रही निवासी इन्द्रजीत कुमार यादव एसएसबी में कांस्टेबल पद पर तैनात हैं। वह इन दिनों अवकाश पर अपने घर आए हुए हैं तथा मकान निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि 15 जून की रात करीब आठ बजे वह मजदूरों को मजदूरी देने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप कुछ लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी।

# 2.18 करोड़ से संवरेगा कलेक्ट्रेट परिसर, बनेगा अत्याधुनिक लोहिया पर्यावरणीय उद्यान

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर को जल्द ही हरियाली और आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की पहल पर पुलिस अधीक्षक आवास के सामने उद्यान विभाग की दो हेक्टेयर खाली भूमि पर 2 करोड़ 18 लाख 60 हजार रुपये की लागत से लोहिया पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। उद्यान विभाग ने इसका विस्तृत इस्टीमेट और कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति के लिए निदेशालय, लखनऊ भेज दी है। स्वीकृति मिलने के बाद यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क विकसित किया जाएगा, जहां लोग सुबह-शाम सैर कर सकेंगे और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए जाएंगे। पार्क में आकर्षक लॉन, लैंडस्केपिंग, गार्डेन हट, शेडनेट, बहुवर्षीय अलंकृत पौधों का रोपण तथा विभिन्न रंगों की फूलदार और सजावटी झाड़ियों की हरित बाउंड्री बनाई जाएगी। पार्क की सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास पर लगभग 1.35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत ग्रिलयुक्त बाउंड्रीवाल, पाथ-वे ट्रैक, ट्यूबवेल, पंप हाउस, चौकीदार एवं माली आवास तथा महिला-पुरुष शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। मॉर्निंग वॉक के लिए विशेष ट्रैक तैयार होगा, जबकि क्यारियों और लॉन के किनारों को आकर्षक बनाने के लिए एजिंग पौधे लगाए जाएंगे। पार्क का प्रमुख आकर्षण गुलाब बाड़ी होगी, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे गुलाब लगाए जाएंगे। इसके अलावा मनोकामनी, डोरांटा सहित कई प्रकार के शोभादार, छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पूरे परिसर को हराभरा बनाया जाएगा। आधुनिक अंडरग्राउंड सिंचाई प्रणाली तथा सौर ऊर्जा संचालित प्रकाश व्यवस्था भी स्थापित की जाएगी।



जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर को हरा-भरा, सुंदर और आमजन के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया जाएगा।